राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

RNI.No. UPHIN/2019/79073

स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा

स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करे
9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | 9511151254 | epaper.swatantraprabhat.com | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव सीतापुर, हरदोई, शाहजहाँपुर, उन्नाव, हमीरपुर, बाराबंकी, अयोध्या, सुल्तानपुर, अम्बेडकरनगर,

लखनऊ, रविवार, 05 मई 2024
वर्ष 05, अंक 215, पृष्ट 12, मूल्यः 03 रुपया
www.swatantraprabhat.com

प्रयागराज, बांदा, महोबा, मिर्जापुर, भदोही, ललितपुर, झारखण्ड, दिल्ली, बिहार, उत्तराखंड आदि जनपदो में प्रसारित

आखिर कब तक जाएगी सांडों के हमले से लोगों की जान...05

नेपाल में नोट पर छपे मैप में 3 भारतीय इलाके...12

प्रज्वल रेवन्ना पर कसा SIT शिकंजा, पूरे घर की ली तलाशी, ब्लू कॉर्नर नोटिस होगा जारी

स्वतंत्र प्रभात

जद (एस) के सांसद प्रज्वल रेवन्ना के पिता एचडी रेवन्ना को एसआईटी ने गिरफ्तार कर लिया है. इसके साथ ही यौन उत्पीड़न के मामले की जांच के लिए गठित एसआईटी ने सीबीआई से ÷ब्लू कॉर्नर नोटिस÷ जारी करने का आग्रह किया है. ऐसा माना जा रहा है कि जद (एस) सांसद देश छोड़कर विदेश जा चुका है. सीबीआई अब इंटरपोट से मदद मांगी है, ताकि सांसद को गिरफ्तार किया जा सके.

यौन उत्पीड़न के आरोपों से घिरे जद (एस) के सांसद प्रज्वल रेवन्ना पर एसआईटी ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया है. एसआईटी ने उसके पिता और जद (एस) के विधायक एचडी रेवन्ना को गिरफ्तार कर लिया है और अब जांच एजेंसी ने प्रज्वल रेवन्ना की तलाश तेज कर दी है. शनिवार को एसआईटी अधिकारियों ने हासन के होलेनरासीपुर में रेवन्ना के घर की चप्पे-चप्पे की तलाशी ली. एसआईटी ने दो पीड़ित महिलाओं की मौजूदगी में रेवन्ना के आवास के अंदर तलाशी ली. पीड़िता की जानकारी के मुताबिक अधिकारियों ने बेडरूम, स्टोर रूम और किचन के चप्पे-चप्पे की तलाशी ली है।

इस बीच, कथित सेक्स स्कैंडल की जांच कर रही विशेष टीम ने सीबीआई से "ब्लू कॉर्नर नोटिस" जारी करने का आग्रह किया है. ऐसा माना जा रहा है कि जद (एस) सांसद देश छोड़कर विदेश जा चुका है. सीबीआई से अब इंटरपोट से मदद मांगने का अनुरोध किया गया है, ताकि सांसद को तलाश कर गिरफ्तार किया जा सके.

शनिवार को एआईटी के एक एसीपी, दो महिला इंस्पेक्टर, महिला पीएसआई, दो महिला पीसी, एक एचसी, दो कांस्टेबल सहित कुल आठ जांचकर्ताओं ने रेवन्ना के घर की तलाशी ली. जिस स्थान पर यौन उत्पीड़न हुआ था, उसके बारे में पूरी जानकारी जुटाई. ऐसा कहा गया है कि जब घर बंद था, तब रेवन्ना की पत्नी भवानी घर पर थीं।

प्रज्वल रेवन्ना के लिए ब्लू कॉर्नर नोटिस?

एसआईटी सांसद प्रज्वल रेवन्ना के खिलाफ ब्लू कॉर्नर नोटिस जारी करने की तैयारी में है. इंटरपोल के माध्यम से सीबीआई अधिकारियों से प्रज्वल रेवन्ना को ब्लू कॉर्नर नोटिस जारी करने का अनुरोध किया गया है.

बता दें कि ब्लू कॉर्नर नोटिस के तहत किसी अपराध के संबंध में किसी व्यक्ति की पहचान, स्थान या गतिविधियों के बारे में अपने सदस्य देशों से अतिरिक्त जानकारी एकत्र करने के लिए अंतरराष्ट्रीय पुलिस की ओर से निकाय ब्लू कॉर्नर नोटिस जारी किया जाता है.

एसआईटी फिलहाल प्रज्वल के खिलाफ यौन उत्पीड़न के मामले की जांच कर रही है और उसने 4 मामले अपने हाथ में लिए हैं. पेन ड्राइव शेयरिंग मामले में एक बड़ा गवाह उपलब्ध कराया गया है. ऑडियो और वीडियो के साथ दस्तावेज मिले है. बताया जा रहा है कि प्रज्वल रेवन्ना ने पूर्व कार ड्राइवर कार्तिक द्वारा दिए गए सभी वीडियो सबूत देवराजेगौड़ा एसआईटी को दे दिए हैं.

एसआईटी अधिकारियों के साथ सीएम ने की बैठक

मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने एसआईटी अधिकारियों के साथ बैठक की. सीएम ने बैठक कर जानकारी जुटाई. एसआईटी प्रमुख बीके सिंह और पुलिस महानिदेशक आलोक मोहन भी मौजूद थे. सीएम ने सवाल किया कि उन्हें अब तक गिरफ्तार क्यों नहीं किया गया? उन्होंने निर्देश दिया कि प्रज्वल रेवन्ना को गिरफ्तार करने के लिए तत्काल कार्रवाई की जाए।

उनके कार्यालय से जारी बयान के अनुसार अधिकारियों ने सीएम को बताया कि वे उचित उपायों के साथ गिरफ्तारी के लिए आगे बढ़ेंगे. सीबीआई की ओर से ब्लू कॉर्नर नोटिस जारी करने की संभावना है, जिससे जांच में और भी तेजी आएगी. बयान में बताया गया है कि एसआईटी अधिकारियों ने आश्वासन दिया है कि जैसे ही उन्हें हवाईअड्डों से सूचना मिलेगी, वे आरोपियों को गिरफ्तार कर वापस ले आएंगे।

इंटरपोल से मदद से रेवन्ना के लोकेशन की होगी तलाश

आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि ऐसा कहा जाता है कि एसआईटी ने भारत में इंटरपोल मामलों की नोडल संस्था सीबीआई को एक अनुरोध भेजा है, जिसमें प्रज्वल रेवन्ना के खिलाफ ब्लू कॉर्नर नोटिस जारी करने की मांग की गई है. सीबीआई द्वारा नोटिस जारी करने के बाद एसआईटी को प्रज्वल रेवन्ना के ठिकाने के बारे में जानकारी मिलने की उम्मीद है।

बता दें कि 33 वर्षीय प्रज्वल रेवन्ना पूर्व पीएम एचडी देवेगौड़ा के पोते हैं. वह हासन से भाजपा-जद(एस) गठबंधन के उम्मीदवार थे. यहां 26 अप्रैल को मतदान हुआ था. कथित तौर पर प्रज्वल रेवन्ना से जुड़े स्पष्ट वीडियो क्लिप हाल के दिनों में हासन में प्रसारित होने लगे थे, जिसके बाद राज्य सरकार ने इस घोटाले की जांच के लिए एसआईटी का गठन किया था. ऐसा कहा जा रहा है कि कर्नाटक में लोकसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान के एक दिन बाद 27 अप्रैल को प्रज्वल रेवन्ना विदेश चले गए हैं।

गृहमंत्री अमित शाह के ख़िलाफ़ हैदराबाद में आचार संहिता उल्लंघन को लेकर मामला दर्ज

● हैदराबाद पुलिस ने तेलंगाना कांग्रेस के उपाध्यक्ष निरंजन रेड्डी की एक शिकायत पर मामला दर्ज किया है, जिसमें दावा किया गया था कि एक मई को भारतीय जनता पार्टी के चुनावी मंच पर गृहमंत्री अमित शाह के साथ भाजपा का झंडा थामे कुछ बच्चे नज़र आए थे. बता दें कि चुनाव आयोग ने चुनावी प्रचार में बच्चों के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगाया है.

स्वतंत्र प्रभात

नई दिल्ली- केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और हैदराबाद लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की उम्मीदवार के. माधवी लता के खिलाफ चुनाव आचार संहिता के कथित उल्लंघन को लेकर मामला दर्ज किया गया है. एफआईआर में जी किशन रेड्डी, टी. यमन सिंह और राजा सिंह सहित अन्य भाजपा नेताओं के भी नाम शामिल हैं. सभी पर हैदराबाद में चुनाव प्रचार के दौरान बच्चों का इस्तेमाल करने का आरोप है.

हिंदुस्तान टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक, इस मामले में हैदराबाद पुलिस ने तेलंगाना प्रदेश कांग्रेस कमेटी (टीपीसीसी) के उपाध्यक्ष निरंजन रेड्डी की शिकायत पर मामला दर्ज किया है. शिकायत में रेड्डी ने दावा किया है कि एक मई को लालदवाजा से सुधा टॉकीज तक भाजपा ने रैली निकाली थी, जिसमें अमित शाह सहित कई भाजपा नेताओं ने भाग लिया था. इसमें मंच पर शाह के साथ कुछ बच्चे भी नजर आए थे. खबर में एफआईआर के हवाले से जानकारी दी गई है कि कांग्रेस नेता ने दावा किया है कि मंच एक बच्चे को भाजपा के चुनाव-चिह्न (कमल) वाले झंडे के साथ भी देखा गया था, जो चुनाव आयोग के दिशानिर्देशों का स्पष्ट उल्लंघन है. शिकायत के साथ रेड्डी ने कार्यक्रम का एक फोटो भी संलग्न किया है।

शिकायत का संज्ञान लेते हुए चुनाव आयोग ने हैदराबाद पुलिस आयुक्त श्रीनिवास रेड्डी को घटना की जांच करने का आदेश दिया था. जिसके बाद पुलिस आयुक्त के आदेश पर डीसीपी (साउथ जोन) स्नेहा मेहरा ने जांच की और मामला दर्ज किया. मुगलपुरा पुलिस (मोगलपुरा थाना) मामले की जांच कर रही है. इस मामले में पुलिस ने आईपीसी की धारा 188 (एक लोक सेवक द्वारा जारी आदेश का उल्लंघन) के तहत मामला दर्ज किया है और आगे की जांच कर रही है।

मालूम हो कि भारतीय निर्वाचन आयोग (ईसीआई) ने राजनीतिक दलों को चुनाव प्रचार में बच्चों के इस्तेमाल पर रोक का निर्देश जारी किया था और कहा था कि इस मामले पर वह 'जीरो टॉलरेंस (शून्य सहिष्णुता)' नीति का पालन करेगी।

आयोग के एक बयान में कहा गया था, 'भारतीय निर्वाचन आयोग ने चुनाव संबंधी किसी भी गतिविधि में बच्चों के इस्तेमाल के संबंध में सख्त निर्देश जारी किए हैं. राजनीतिक दलों को सलाह दी गई है कि वे किसी भी रूप में चुनाव प्रचार में बच्चों का इस्तेमाल न करें, जिसमें पोस्टर/पैम्फलेट का वितरण या नारेबाज़ी, चुनावी रैलियों, चुनावी बैठकों आदि में भाग लेना शामिल है.' गौरतलब है कि हैदराबाद लोकसभा सीट के लिए चौथे चरण में 13 मई को मतदान होना है. यहां भाजपा ने मौजूदा सांसद और एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी के खिलाफ हैदराबाद से माधवी लता को मैदान में उतारा है।

संक्षिप्त ख़बरें

अंतरजनपदीय सीमा के पास बंद रहेंगी शराब की दुकान

मथुरा। उत्तर प्रदेश राज्य में लोक सभा सामान्य निर्वाचन के तृतीय चरण में जनपद आगरा एवं हाथरस तथा जनपद हाथरस क्षेत्र में जनपद अलीगढ़ की इगलास विधानसभा सम्मिलित हैं, जिसमें सात मई को मतदान तथा मतगणना के चार जून को आबकारी दुकानों की बंदी तथा मादक पदार्थों की बिक्री को प्रतिबन्धित किये जाने से सम्बन्धित आबकारी आयुक्त उत्तर प्रदेश, उत्तर प्रदेश शासन, मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश तथा भारत निर्वाचन आयोग के पत्र के अनुपालन में जिला मजिस्ट्रेट शैलेन्द्र कुमार सिंह ने जनपद आगरा, हाथरस एवं अलीगढ़ जनपद में इगलास विधानसभा से जनपद मथुरा की सीमावर्ती आठ किलोमीटर की परिधि में संचालित समस्त देशी मदिरा, विदेशी मदिरा एवं बीयर तथा भांग की दुकानें पांच मई की सायं छह बजे से सात मई को सायं छह बजे मतदान समाप्ति तक तथा मतगणना के दिन चार जून को भी पूर्णरूप से बन्द रखने के आदेश दिए है। इस अवधि में बन्दी का कोई प्रतिकर अनुज्ञापीगण को देय नहीं होगा। आदेश का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाए।

बिजली चोरी से चल रहा था 'चार्जिंग स्टेशन'

मथुरा। बिजली विभाग ने बड़ी चोरी पकडी है। चोरी करने वालों पर लाखों का जुर्माना संभव है। बिजली विभाग की टीम ने शनिवार तड़के एसडीओ संदीप वार्ष्णेय और जेई संजय यादव ने टीम के साथ वृंदावन के रूकमणि बिहार क्षेत्र में कार्यवाही की। यहां चोरी की बिजली से ई रिक्शा चार्ज हो रहे थे। जिस समय टीम पहुंची मौके पर 30 ई रिक्शा चार्ज हो रहे थे। बिजली चोरी के आरोपियों पर विभाग एफआईआर दर्ज कराने की तैयारी कर रहा था। बिजली चोरी में लाखों का जुर्माना संभव है।

स्मार्ट सिटी कानपुर में नहर बन चुकी है नाला

● स्वच्छ भारत अभियान महज दिखावा बनकर रह गया।नगर निगम है अंजान - श्याम सिंह पंवार संपादक ' 'जन सामना'

स्वतंत्र प्रभात

कानपुर। आज प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी का स्मार्ट सिटी कानपुर के गुमटी क्षेत्र में रोड शो है। इस रोड के बारे में जैसे ही जिला प्रशासन को जैसे ही जानकारी मिली, वैसे ही पूरा का पूरा जिला प्रशासन गुमटी व आसपास के मुहल्लों का 'मेकअप' करने में जुटा पाया गया। इसमें शक की कोई गुजाइश नहीं कि वर्षों की हकीकत को छुपाने में कोई कोर कसर बाकी नहीं रखी गई! प्रधानमन्त्री के रोड शो के चलते जीटी रोड व आस पड़ोस की सड़कों पर 'एम्बुलेंस' तक को रोकने का फरमान जारी कर दिया गया। यह फरमान कितना उचित है या अनुचित इस बारे में कुछ कहने की हिम्मत मेरी तो है नहीं और आपकी पता नहीं ?

क्योंकि यह मामला विश्व के सबसे लोक प्रिय नेता अर्थात 'विश्वगुरू' से जुड़ा है। लेकिन, आपको याद दिला दूं कि 'मोदी' का एक सबसे प्रासंगिक अभियान रहा है ''स्वच्छ भारत अभियान''। कानपुर स्मार्ट सिटी में दिखने वाले कुछ नजारों को देख इस अभियान पर सवाल इस लिये उठा रहा हूं क्योंकि कानपुर के अधिकतर पार्षद, विधायक, सांसद, महापौर, सूबे के मुख्यमन्त्री व देश के प्रधानमन्त्री एक ही दल के हैं फिर भी रहन-सहन की दृष्टि से एक महत्वपूर्ण स्थान रखने वाले 'स्वच्छ भारत अभियान' को पलीता लगाने की जिम्मेदारी किसकी ? याद रहे कि रोड शो के पहले आस पड़ोस में स्वच्छता कार्य अर्थात झाडू लगाने का डिंडोरा भी पीट कर रश्म अदायगी की गई है। आपके समक्ष जो नजारा प्रस्तुत है, वह नजारा एक नहर का है और छठ पूजा पर्व सहित अन्य पारम्परिक पर्वों की दृष्टि से यह नहर बहुत ही महत्वपूर्ण है। यह नहर दबौली, रतनलाल नगर, सीटीआई, बर्रा, डब्ल्यू-2, नौबस्ता सहित अनेक क्षेत्रों से गुजरती है।

इस नहर में कई स्थानों पर वर्तमान में ऐसे नजारे दिख रहे हैं जो जिला प्रशासन के साथ-साथ सत्ता दल से सम्बन्धित कानपुर स्मार्ट सिटी के सभी जन प्रतिनिधियों की कार्यशैली पर सवाल उठा रहे हैं और जवाब चाहते हैं कि गलती किसकी, जनता की, जन प्रतिनिधियों की या फिर जिला प्रशासन की इस नहर के नजारा आप स्वयं देखें, ऐसे नजारे अन्य स्थानों पर भी देखे जा सकते हैं, यहां पशु नहीं बल्कि इन्सान अधिक संख्या में रहते हैं। नजारे को देखकर आप अपनी राय अवश्य व्यक्त करें।

कागज में चक रोड है लेकिन मौके पर क्यों नहीं रास्ता नहीं तो वोट नहीं

करछना। करछना ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम सभा पिपरांव भिटरिया ग्राम की जनता आज पिछले जीत कर गए नेताओं से पूछती है 5 वर्षों तक सांसद विधायक कभी मुड़कर भिटरिया पिपरांव की चक रोड़ों की तरफ देखा आज यहां की जनता आने-जाने के लिए रास्ते पर परेशान है यदि कोई घर पर मरीज सीरियस हो जाए तो वह रोड तक कंधे पर ही जा सकता है गाड़ी से रोड तक नहीं जा सकता है मरीज को उठाकर ले जाने वाला न कोई हो तो वह घर पर ही दम तोड़ देगा आज विकास के नाम पर भिटरिया पिपराव गांव में कुछ नहीं हुआ है यहां से जीत कर जाने वाले नेता 5 वर्षों तक पीठ घूमा कर इन ग्राम सभाओं के रास्तों की तरफ नहीं देखी जबकि रास्ता ही यहां की जनता का मूल मुद्दा है चाहे वह भिटरिया ग्राम हो या पिपरांव देखा जाए तो भिटरिया ग्राम में कागज में सात सात चक रोड है चक रोड पर आज तक मिट्टी तक का भी कार्य नहीं किया गया मौके पर खाली भी नहीं है पिपराव में सरकारी स्कूल से हरिजन बस्ती तक उड़कर भी नहीं जाया जा सकता है लेकिन ऐसा क्यों यहां की जनता आज पूछता है सरकार आज जनता के सवालों के घेरे में है सरकार जवाब दे सरकार से नेताओं से 5 वर्षों तक कभी इन मुद्दों पर इन रास्तों की तरफ कभी मोड पर देखा केवल चुनाव के समय वोट मांगने का ही काम करते है आज मोदी सरकार चिल्ला चिल्ला कर विकास के नाम पर रास्ते का जिक्र करती है घर घर रास्ता होगा तो क्या यह झूठे वादे थे टीवी पर सुनने के लिए या मौके पर कुछ काम होगा।

मॉडल तालाबों सें उड़ रही धूल

स्वतंत्र प्रभात

उन्नाव। सरकारी धन पानी की तरह बहाकर ग्रामीण क्षेत्रों में मॉडल तालाबों का निर्माण कराया गया था, लेकिन इन तालाबों से न मवेशियों की प्यास बुझ रही है और न ही पक्षियों को पानी मिल रहा है। यहीं नहीं तमाम ऐसे तालाब हैं, जिसमें झण्डारोहण स्थल, बैठने के लिए बनाई गई बेन्चें टूट गई हैं। बताते चलें कि कभी तालाबों के जरिए भूगर्भ जलस्तर सुधारने का ढिंढोरा पीटा गया था। निर्माण पर करोड़ों रुपये भी खर्च कर दिए। समय समय पर नई योजनाओं से तालाबों को मॉडल रूप देने का भी काम किया गया लेकिन किसी में भी पानी भराने की कोई व्यवस्था नहीं की गई। परिणामस्वरूप तालाबों में आज भी धूल ही उड़ रही है। जिससे यह तालाब न जलस्तर सुधारने के काम आ सके और ना ही सिंचाई के। यह तालाब मवेशियों की भी प्यास नहीं बुझा पाए। वर्ष 2022 में मनरेगा से बने तालाबों को अमृत सरोवर के रूप में विकसित करने की कवायद शुरू की गई। इसमें 250 तालाबों का चिह्नांकन किया गया था। इन तालाबों का सुंदरीकरण कराने के साथ ही ग्रामीणों के टहलने आदि के लिए पाथ वे व बेंच आदि डाली गई थीं। इन सरोवर के पास एक झंडारोहण स्थल भी बनाया गया था। उस साल 15 अगस्त को झंडा फ्हराया गया था। एक तालाब को अमृत सरोवर के रूप में विकसित करने में करीब पांच से छह लाख का खर्च आया था लेकिन इसमें भी पानी भराने की कोई व्यवस्था नहीं की गई। परिणामस्वरूप वर्तमान में सरोवर पूरी तरह से ध्वस्त हो चुके हैं। अधिकांश सरोवर में न तो दीवार ही बची है और ना ही पानी है। यहां तक की बनाए गए झंडारोहण स्थल भी किसी काम के नहीं बचे हैं। मनरेगा उपायुक्त एमपी चौबे ने बताया कि तालाबों में पानी भरवाया जाना है। चुनावी व्यस्तता के कारण पत्र जारी नहीं किया जा सका है। अब एक, दो दिन में पत्र जारी करके तालाबों में नहरों व अन्य साधनों से पानी भरवाया जाएगा।

पीलीभीत जिले में धड़ल्ले से हो रहा है अवैध खनन

स्वतंत्र प्रभात

पीलीभीत। जिले भर में स्थानीय पुलिस और राजस्व विभाग के मिले भगत के चलते बड़े पैमाने पर मिट्टी का अवैध खनन किया जा रहा है। शिकायतों के बाद भी गठजोड़ के चलते मिट्टी के अवैध खनन पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। पिछले कई दिनों से दर्जनों गांवों में बेखौफ होकर खनन माफिया खनन करने में जुटे हुए हैं। पीलीभीत जिले में की तहसील पूरनपुर एवं कलीनगर बरखेड़ा कटाई के बाद खेत खाली होने के साथ ही खनन माफिया क्षेत्र में सक्रिय हो गए हैं। पिछले कई दिनों से खनन माफिया स्थानीय पुलिस राजस्व विभाग से मिली भगत कर क्षेत्र के दर्जनों गांवो में दिन रात मिट्टी का अवैध खनन कर उपजाऊ खेतों को तालाब बनाने में जुटे हुए हैं। कोई माफिया जेसीबी और ट्रैक्टर ट्रालियां लगाकर खनन कर रहा है तो कुछ माफिया मडलओडर और कई ट्रैक्टर ट्राली लगाकर मिट्टी का वित्त खनन करने में लगे हुए हैं। पूरनपुर तहसील क्षेत्र घुंघचाई थाना क्षेत्र के गांव गोपालपुर पिछले कई दिनों सेगोमती नदी के किनारे एक खेत में अवैध खननकर मिट्टी का भराव किया जा रहा है। इसके अलावा गांव रामपुरिया, चंदौखा, सिमरिया, केशोपुर, घाटमपुर सहित दर्जनों गांव में कई दिनों से दिन-रात जेसीबी, मडलओडर और दर्जनों ट्रैक्टर ट्रालियो से खनन माफियाअवैध खनन कर मोटा मुनाफा कमाने में जुटे हुए हैं। गेहूं कटाई के बाद खनन माफिया किसानों को प्रलोभन देकर उनके खेतों से 200 रुपएप्रति ट्राली मिट्टी खरीद लेते हैं और फिर जेसीबी और मडलोडर से अमित खनन कर गहरे गड्ढे खोदकर खेतों को तालाब बना देते हैं बरसात के दिनों में इन गधों में पानी भर जाने के कारण कई मासूम की जान भी जा चुकी है लेकिन इसके बाद भी पुलिस और राजस्व विभाग द्वारा मिली भगत के चलते अमित खनन पर अंकुश नहीं लगाया जा रहा है। करण माफिया खेतों से मिट्टी खोदकर गांव में जरूरतमंदों को 1000 से 1200 रुपए में बिक्री कर रहे हैं। रविवार को गोपालपुर रामपुरिया घाटमपुर और सिमरिया में दिनदहाड़े अमित खनन किया जा रहा था और पीलीभीत

बीसलपुर तहसील क्षेत्र में खनन माफियाओं के हौसले बुंलद

राजस्व विभाग की मिलीभगत से खनन माफिया कर रहे अवैध खनन जारी खनन माफियाओं के अंदर नहीं है प्रशासन का डर नहीं है आयें दिन जिले भर से मिट्टी निकलने का वीडियो सोशल मीडिया पर हो रहा

वायरल जानकारी देने के बाबजूद भी मौके पर नहीं पहुंचा तहसील प्रशासनिक अधिकारियों के द्वारा करवाई के बाद भी सक्रिय है खनन माफिया।मिटटी भरी ट्रालियां हाईवे से लेकर गांव की सड़कों पर तेज गति से जा रही थी जिससे उठने वाली धूल र गैरों के आंखों में भर रही थी ग्रामीणों का कहना है कि अप्रैल माह शुरू होते ही माफियाओं ने खनन करना शुरू कर दिया था एक महीने से लगातार दिन-रात खनन किया जा रहा है हाईवे से लेकर सड़कों मिट्टी पट्टी पड़ी हुई है जिससे राज्यों को वाहन चलाने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है अमित खनन की कई बार शिकायत भी की गई लेकिन पुलिस और राजेश विभाग की मिली भगत के चलते कोई भी कार्रवाई नहीं की जा रही है और ना ही खनन पर अंकुश लग पा रहा है। माफिया और स्थानीय पुलिस के गांठ जोड़ के चलते या गोरख धंधा जमकर फल फूल रहा है।

जबकि खनन पर पूरी तरीके से प्रतिबंध है अगर कहीं खनन की सूचना मिलती है छापा मारकर पकड़ा जाएगा और कड़ी कार्रवाई की जाएगी घुंघचाई थाना क्षेत्र में खाना न करने की सूचना मिली है इसको टीम भेज कर दिखाया जाएगा और खनन करने वालों माफियापर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। पीलीभीत जिलेभर में कई जगहों पर किया जा रहा अवैध खनन जारी।

संक्षिप्त ख़बरें

फेरी वाले को कॉल करके बुलाया, फिर धारदार हथियार से रेत किया हत्या

बस्ती। बस्ती जिले के मुंडेरवा थाना क्षेत्र के अंतर्गत हत्या का मामला सामने आया है। रामपुर रेवटी गांव मुंडेरवा थाना क्षेत्र के अंतर्गत 36 वर्षीय हरिशंकर पुत्र भास्कर की गला रेत कर हत्या कर दी गई है ।

मिली जानकारी के अनुसार 36 वर्षीय हरिशंकर फेरी का काम करता था। उसे रात में फोन पर कॉल कर हत्यारो ने बुलाया बुलाने के बाद हाथ पैर को बांधकर मारा पीटा तथा धारदार हथियार से गला रेत दिया। परिजनों के मुताबिक घटना की जानकारी होते ही आनन-फानन में जिला चिकित्सालय पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना से पूरे क्षेत्र में सनसनी से फैल गई। पुलिस के आला अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच चुके हैं घटना की जांच पड़ताल जुट गए क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है मौके पर पुलिस कप्तान घटनास्थल का निरीक्षण कर रहे हैं पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई की जाएगी

सिलाई कटाई और रेडीमेड गारमेंट प्राप्त 56 महिला प्रशिक्षुओं को मिला प्रमाणपत्र,खिले चेहरे

बस्ती। बस्ती जिले में मुंबई की संस्था अक्षय शक्ति वेलफेयर एसोसियेशन द्वारा युवा विकास समिति के स्थानीय संयोजन में विकास खंड बनकटी के ग्राम पंचायत थरौली के बोकनार में अक्षयधागा स्किल सेंटर प्रोजेक्ट के तहत संचालित किये जा रहे सिलाई कटाई और रेडीमेड गारमेंट प्राप्त 56 महिला प्रशिक्षुओं को को शनिवार को प्रमाण-पत्र का वितरण किया गया। प्रमाण-पत्र का वितरण अक्षय शक्ति टीम मुम्बई से आये मिनी सुबोध, इंदिरा चंद्रशेखरन, डॉ. नारायण अय्यर, विद्या डिडवानिया, उषा पणिक्कर के हाथों किया गया।

मौके पर अपने संबोधन में मिनी सुबोध ने कहा कि मिशन वन मिलियन के तहत देश भर से दस लाख महिलाओं को विभिन्न तरह के स्किल ट्रेनिंग प्रदान किये जाने की दिशा में किये जा रहे प्रयास के तहत आईक्यूवीआईए के सहयोग से बस्ती के अक्षय धागा स्किल सेंटर पर पहले बैच के सफल प्रशिक्षुओं को प्रदान किया जा रहा है. उन्होंने कहा कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण युवतियों और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना और नए फैशनेबल सिलाई-कढ़ाई के गुर सिखाना है। ताकि ये लोग अपने परिवार का भरण-पोषण कर सके। साथ ही समाज की मुख्यधारा में शामिल होकर देश के विकास में सक्रिय भूमिका निभा सके।

जहर खिलाकर कर जान से मारने के आरोप मेंपांच लोगों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज

बस्ती। बस्ती जिले में पुरानी बस्ती थानाक्षेत्र के भरवलिया गांव में जहर खाने से हुई रामदौर चौहान की मौत मामले में पुलिस ने उसके बेटे की तहरीर पर जहरीला पदार्थ खिलाकर हत्या करने केस दर्ज कर लिया है। तहरीर के मुताबिक पुरानी बस्ती पुलिस ने गोबरहिया गांव निवासी संतोषी शुक्ला, शुभम समेत पांच के खिलाफ मुकदमा लिख कर मामले की तहकीकात एसओ महेश सिंह ने शुरु कर दी है। गौरतलब है कि मृतक रामदौर चौहान के बेटे विमल चौहान ने पांच लोगों पर जहर खिलाकर मार डालने का आरोप लगाया था। पुलिस ने केस दर्ज करने में पहले आनाकानी की मगर पीएम रिपोर्ट आने व पुलिस उच्चाधिकारियों की डांट के बाद पुलिस ने आखिरकार घटना के दो दिन बाद शुक्रवार की दोपहर में पुलिस ने केस दर्ज कर लिया। मृतक के बेटे के मुताबिक बुधवार शाम को जहर खाने की जानकारी मिलते ही आनन-फानन में अपने पिता को जिला अस्पताल लाए। जहां कुछ घंटे के बाद की उनकी मौत हो गई। बेटे ने अपनी तहरीर में जबरन जहर देने आरोप लगाया गया है।

मजबूरियां क्या नहीं कराती, पेड़ के नीचे कुर्सी लगाकर चला रहे, नाई की दुकान

●- पैर फैक्चर होने के बाद वह भी चल रहे नाई की दुकान-छह परिवारों का इसी दुकान से संजय चालते हैं परिवार - गरीबों का फ्री में बनाते हैं दाढ़ी- मजबूरी में अपनी मेहनत के बल पर बच्चों का पालन पोषण कर रहे संजय

स्वतंत्र प्रभात

बस्ती। मजबूरियां आदमी को क्या नहीं करती पैर फैक्चर होने के बावजूद भी ऐसा ही देखने को मिला बस्ती जिले के राम जानकी मार्ग पर डिंगरापुर गेट के पेड़ के नीचे जहां पर कुर्सी व मेज लगाकर संजय 23 वर्षों से नाई का दुकान चलाते है। इसी दुकान से छह परिवारों का भरण पोषण करते हैं। दुकान से इतनी आमदनी नही हो पाती है। परिवार का गुजर बसर हो सके। इसलिए मजदूरी भी करते है।

दुबौलिया विकास खण्ड के सरवनपुर पाण्डेय गांव निवासी संजय राम जानकी मार्ग पर डिंगरापुर गेट के पेड़ के नीचे 23 वर्ष पहले नाई की दुकान छप्पर में खोला। कई वर्षो का समय गुजर गया। अब दुकान के ऊपर सिर्फ बास ही बचा है। पेड़ की छांव में कुर्सी, मेज व शीशा लगाकर बैठते है। संजय ने बताया रविवार सोमवार, बुधवार, शुक्रवार को ग्राहक अधिक मिलते हैं। जिससे लगभग ?300 की आमदनी हो जाती है बाकी दिन कमाई काफी कम होती है इस मजबूरी में मुझे मजदूरी करना पड़ता है। इसी से हमारे 6 परिवार का किसी तरीके से पालन पोषण हो पा रहा है। पैर फैक्चर होने के बावजूद भी दुकान कर को खोल रहे हैं।संजय ने बताया दुकान अच्छी न होने के चलते अब कमाई नहीं होती है। अभी भी ?10 में हम दाढ़ी बनाते हैं। गरीब कोई आ गया तो उसका फ्री बना देते हैं। नई की दुकान में अब उन्हें दुकानों पर आमदनी होती है जहां पर डेकोरेशन होता है। हम लोग की झोपड़ी में युवा वर्ग बैठना ही नहीं पसंद करता है। इसे झोपड़ी में सिर्फ बुजुर्ग लोग ही बैठते हैं और तमाम लोग ऐसे हैं जिनको दाढ़ी फ्री में हम बना देते हैं। मजबूरी में दुकान को चला रहे हैं। इस परिवार का पालन पोषण करने में कठिनाई होने लगी है।नाई शौक से सीखा थासंजय ने बताया हम दलित है।नाई का कार्य हमने शौक से सीखा था। सोचा था किसी से गुजर बसर हो जाएगा लेकिन अब इससे परिवार पालना मुश्किल हो गया है। 23 वर्षों से यह कार्य करने के बाद अब दूसरा कार्य करने में मन नहीं लगता है। जब खर्च नहीं चल पाता है तब मिक्सर मशीन में जाकर के मजदूरी कर लेते हैं।

संजय के ऊपर है छह परिवारों की जिम्मेदारी

सरवनपुर निवासी संजय के ऊपर चार बच्चे तथा पत्नी का पालन पाप पोषण करने की जिम्मेदारी है। महंगाई के दौर दो तीन सौ रुपये कुछ भी नहीं है। लेकिन मजबूरी में दुकान को खोलना पड़ रहा है। जल्द ही छप्पर बनाने का प्रयास कर रहे हैं।

पैर फैक्चर फिर भी खोल रहे दुकान

संजय ने बताया हमारा एक पैर फैक्चर हो गया है उसके बावजूद भी दुकान को खोल रहे हैं। दुकान खोलने पर कुछ ना कुछ आमदनी हो जाती है।

डीआईओएस के औचक निरीक्षण में अव्वल मिला गाँधी स्मारक

स्वतंत्र प्रभात

अम्बेडकरनगर। माध्यमिक विद्यालयों के पठन-पाठन,नामांकन सहित विभिन्न बिंदुओं की जाँच के क्रम में आज जिला विद्यालय निरीक्षक गिरीश सिंह ने जिले की आलापुर तहसील अंतर्गत विभिन्न माध्यमिक,राजकीय व संस्कृत पाठशालाओं का औचक निरीक्षण किया।जिनमें गाँधी स्मारक इंटर कॉलेज,राजेसुलतानपुर अव्वल मिलने पर जिविनि ने प्रधानाचार्य सहित पूरे स्टाफ की प्रशंसा की तो वहीं विद्यालय के प्रधानाचार्य कप्तानसिंह व शैक्षिक महासंघ के मांडलिक अध्यक्ष डॉ उदयराज मिश्र ने स्मृतिचिन्ह प्रदान करते हुए डीआईओएस का अभिनंदन किया। ज्ञातव्य है कि शैक्षिक पंचांग के मुताबिक शिक्षण-अधिगम व संसाधनों की उपलब्धता सहित नामांकन, निष्क्रमण आदि विषयों की बिंदुवार जाँच करने हेतु आज जिविनि ने जिले की आलापुर तहसील के माध्यमिक व संस्कृत विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया तथा सातवें वादन की समाप्ति के पूर्व गांधी स्मारक इंटर कॉलेज, राजेसुलतानपुर पधारे।

कॉलेज पहुँचकर डीआईओएस ने कक्षा शिक्षण, समयसारिणी, उपस्थिति पंजिका, ऑनलाइन अवकाश स्वीकृतिकरण, परिसर की स्वच्छता, शौचालयों आदि की स्थिति का भौतिक निरीक्षण किया।विद्यालय में पूर्णत7 शैक्षिक पंचांग के अनुपालन और सभी शिक्षकों द्वारा अपनी अपनी कक्षाओं में शिक्षण देखकर जिविनि प्रसन्न दिखे तथा हाल ही में डॉक्ट्रेट की उपाधि प्राप्त शिक्षक व राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के मांडलिक अध्यक्ष उदयराज मिश्र को बेहतर कक्षाशिक्षण व उपाधि प्राप्ति हेतु हाथ मिलाते हुए बधाई दिया। इस अवसर पर आठवें वादन के उपरांत सभी शिक्षकों व कार्मिकों के साथ जिविनि ने संक्षिप्त बैठक की तथा सभी को उत्तम परिवेश निर्माण हेतु बधाई दी।जिसके उपरांत विद्यालय परिवार ने भी माल्यार्पण करते हुए विश्वेश्वर महादेव के स्मृतिचिन्ह को भेंटकर डीआईओएस का सम्मान किया।

प्रत्येक परिवार पर एक पेड़ लगाया जाना अत्यंत आवश्यक- वीना सिंह

स्वतंत्र प्रभात

अंबेडकरनगर। नागरिक भागीदारी के साथ वृक्षारोपण को बढ़ावा देने के लिए मेरा आंगन मेरी हरियाली कार्यक्रम के तहत राजकीय एकलव्य स्पोर्ट्स स्टेडियम में अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका अकबरपुर बीना सिंह और स्वच्छ भारत मिशन के तहत नामित अकबरपुर नगर पालिका परिषद के ब्रांड एंबेसडर व सचिव जिला ओलंपिक एसोसिएशन डा. हनुमान प्रताप सिंह द्वारा वृक्षारोपण किया गया। अधिशाषी अधिकारी और नामित ब्रांड एंबेसडर ने खिलाड़ियों और अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि वृक्ष के बिना मानव जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती। वृक्ष हमारे लिए जीवन दायिनी के रूप में कार्य करते है, हम लोग 'मेरा आंगन मेरी हरियाली' कार्यक्रम के तहत हरियाली को बढ़ावा देने के लिए यह अभियान चला रहे हैं।जिसके तहत. प्रत्येक व्यक्ति से वृक्ष /जड़ी-बूटियाँ/फल/सब्जियाँ आदि लगाने का अनुरोध किया जा रहा है,जिसका उद्देश्य है की स्वच्छ वातावरण के साथ साथ भरपूर मात्रा में ऑक्सीजन मिले आप लोग अपने घरों के छतों पर बालकनी सहित अन्य स्थानों पर वृक्ष अवश्य लगाएं और हरा भरा बनाएं ,घरेलू खाद और नवाचारों /वृक्षारोपण के लिए रीसाइक्लिंग गमलों आदि में अधिकतम हरियाली को बढ़ावा दीजिए,इसके तहत आम आदमी की उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए पुरस्कार/प्रमाणपत्र भी दिये जायेंगे, प्रत्येक खिलाड़ी अपना कर्तव्य समझकर एक पेड़ अवश्य लगाएं।

अमन हॉस्पिटल सोशल मीडिया के शिकायत मे जांच के बाद एक बार फिर किया गया सील

●अमन हॉस्पिटल पूर्व में हुआ था सील कुछ दिन बाद फिर हो रहा था संचालित

स्वतंत्र प्रभात

अम्बेडकरनगर। जहांगीरगंज में हमेशा विवादों में बना रहने वाला अमन हॉस्पिटल हुआ सील। अमन हॉस्पिटल हमेशा सोशल मीडिया पर सुर्खियों में बना रहा जिसको लेकर भिनगा टाइम्स न्यूज जिला क्राइम संवाददाता हरीलाल प्रजापति ने एक शिकायत किया था पूर्व में अमन हॉस्पिटल सील कर दिया गया उसके कुछ दिन बाद अमन हॉस्पिटल संचालित होने लगा और सोशल मीडिया पर खूब छाया रहा यहां तक की बात सामने आई अमन हॉस्पिटल का रजिस्ट्रेशन हो गया फिलहाल शिकायत के बाद जांच बैठ गई। मिली जानकारी के अनुसार जिला अधिकारी के संज्ञान में लेने के बाद जांच डिप्टी सी एम ओ आशुतोष सिंह, संजय वर्मा, सी.एच.सी प्रभारी जहांगीरगंज थानाध्यक्ष अतुल श्रीवास्तव के साथ मुख्य आरक्षी पवन चतुर्वेदी और प्रेम प्रकाश सिंह जहांगीरगंज, के द्वारा अमन हॉस्पिटल सील कर दिया और 420,421 और मेडिकल एक्ट में मुकदमा पंजीकृत पूर्व में भी यह अमन हॉस्पिटल कार्यवाही की गई थी ना तो कोई डिग्री था ना ही कोई रजिस्ट्रेशन था इस मामले को लेकर पूर्व में भी सील किया गया था आखिर जिस तरीके कार्रवाई हो रही है ऐसे पता नहीं कितने और हॉस्पिटल चल रहे हैं। अगर विभाग के द्वारा जांच अभियान चलाया कर सील किया जाए तो ऐसे बहुत से क्लीनिंग बंद हो जाएंगे ऐसे बिना रजिस्ट्रेशन के बिना डिग्री के बहुत से क्लीनिंग संचालित हो रहे हैं जो आम जनता के जीवन के साथ खिलवाड़ भी कर रहे हैं। दुगने दामों पर दवा और इलाज के लिए जनता से रुपया लिए जा रहे हैं और अकूत धन बना लेते हैं। फिलहाल देखना यह होगा कि अब जिले में ऐसे अस्पतालों के ऊपर जांच कर कार्यवाही की जाएगी या सिफर ही रहेगा।

वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायालय में किया गया पेश

बांदा। पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के कुशल निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत वारन्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे गिरफ्तारी अभियान के क्रम में आज थाना जसपुरा पुलिस द्वारा एक टॉप-10 अपराधी /वारंटी अभियुक्त फूल सिंह पुत्र गभीरा सिंह निवासी महावीरन डेरा मजरा गड़रिया थाना जसपुरा जनपद बांदा को गिरफ्तार कर सम्बन्धित न्यायालय भेजा गया । गिरफ्तार करने वाली टीम में उपनिरीक्षक वीरेन्द्र कुमार त्रिपाठी व कांस्टेबल महेन्द्र कुमार मौजूद रहे।

भीषण गर्मी व चिलचिलाती धूप में बंद जल आपूर्ति के विरुद्ध लामबंद ग्रामीणों के मध्य पहुंचे चंद्रमणि पांडे अधिकारियों को दिया निर्देश पानीकी बहाली तुरंत की जाय।

●भीषण गर्मी व चिलचिलाती धूप में बंद जल आपूर्ति के विरुद्ध लामबंद ग्रामीणों के मध्य पहुंचे समाजसेवीसमाजसेवी चन्द्रमणि पाण्डेय सुदामा ने उच्चाधिकारियों से शीघ्र समस्या समाधान कराने की मांग

स्वतंत्र प्रभात

बस्ती। बस्ती जिले के हर्रैया विधानसभा के विशेषरगंज स्थिति रामनगर गांव में बीते डेढ़ दशक से बंद जल आपूर्ति को लेकर लामबंद ग्रामीणों से भाजपा के पक्ष में लोगों से जनसमपर्क के दौरान समाजसेवी चन्द्रमणि पाण्डेय सुदामा ने सम्पर्क कर शीघ्र समस्या समाधान हेतु उपजिलाधिकारी हर्रैया से टेलीफोन के माध्यम से वार्ता कर शीघ्र समस्या समाधान करायें जाने की मांग करते हुए ग्रामीणों के प्रदर्शन को समाप्त कराया श्री पाण्डेय से वार्ता करते हुए ग्रामीणों ने बताया कि गांव में स्वच्छ जल आपूर्ति हेतु पानी की टंकी बनी व हर घर पानी की सप्लाई सुनिश्चित की गई जिसका लाभ हम लोगों ने एक वर्ष से अधिक उठाया किन्तु बीते डेढ़ माह से तकनीकी खराबी के चलते जल आपूर्ति ठप्प पड़ा हुआ है जिसे सही कराने हेतु दर्जनों बार न केवल उच्चाधिकारियों को अवगत कराया गया अपितु मुख्यमंत्री पोर्टल पर भी शिकायत दर्ज कराई गई किन्तु आज तक समस्या का समाधान नहीं हुआ जबकि इससे आच्छादित 300 घरों के हजारों ग्रामीण प्रभावित है श्री पाण्डेय ने कहा कि अधिकारियों व कर्मचारियों की इसी कार्य शिथिलता के चलते सरकार की योजना का पूर्ण लाभ जनता को नहीं मिल पाता उन्होंने कहा कि जिम्मेदार अपनी कार्य पद्धति में सुधार लायें यदि चिलचिलाती धूप व भीषण गर्मी में लोगों को पीने का पानी नहीं मिलेगा तो जनता का गुस्सा होना वाजिब है ये कहना कि चुनाव अधिसूचना चल रही है तो अधिसूचना जनसामान्य की सुविधाओं को दुरुस्त करने हेतु नहीं है दवा पानी भोजन सबको मिलना चाहिए अधिकारी अधिसूचना में वेतन लेंगे तो जनहित में काम क्यों नहीं करेंगे इस मौके पर अमन यश पाण्डेय,अजय तिवारी, रामशंकर पाण्डेय, उमा किशोर पाण्डेय,रामचरन यादव, बुद्धिराम गौतम, कृपाशंकर पाण्डेय,विजय तिवारी, विश्वनाथ तिवारी,जगप्रसाद पाण्डेय, धर्मराज चौरसिया सहित सैकड़ों ग्रीम मौजूद रहे।

बसपा प्रत्याशी कमर हयात ने भाजपा और सपा पर साधा निशाना

स्वतंत्र प्रभात

अंबेडकर नगर। अंबेडकर नगर से बसपा प्रत्याशी कमर हयात ने नामांकन के दौरान मीडिया कर्मियों से प्रेस वार्ता के दौरान सपा व भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि लड़ाई तो सिर्फ भारतीय जनता पार्टी से हमारी होगी लड़ाई मुस्लिम समुदाय के लोग बहन जी से जुड़कर कंधे से कंधा मिलाकर चलने का किया वादा विकास को लेकर जनपद में हुए विकास कार्य को लेकर बसपा प्रत्याशी द्वारा यह भी कहा गया कि यह विकास बहन जी के कार्यकाल में हुआ और सर्व समाज के लोगों को सम्मान भी मिला लेकिन वहीं पर समाजवादी पार्टी के कार्यकाल में जिले में कोई भी विकास कार्य नहीं हुआ इतना ही नहीं वर्तमान सरकार भारतीय जनता पार्टी के कार्यकाल में कोई विकास नहीं दिखा बसपा के कार्यकाल में हुए विकास कार्यों को जोड़ते हुए बसपा के प्रत्याशी कमर हयात ने साधा निशान और अपनी जीत का डंका पीटते हुए अन्य पार्टियों को चुनौती देते हुए जताया आक्रोश इतना ही नहीं गरीब जनपद वासियों खो जो इज्जत सम्मान बहन जी के सरकार में मिला वह इज्जत सम्मान गरीब परिवार को इस सरकार में नहीं मिल रहा है बस प्रत्याशी ने कहा मुद्दा जो है वह मुद्दा गरीब जनता स्वयं जान रही है महंगाई बेरोजगारी भ्रष्टाचारी इनसे बड़ा मुद्दा कोई हो ही नहीं सकता इन सब परिस्थितियों को देखते हुए बहन जी ने हम जैसे मुस्लिम समाज को अपना आशीर्वाद दिया है और अंबेडकर नगर से बसपा की जीत अवश्य होगी।

घर परिवार के लोगो को भी सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करें: एआरटीओ

स्वतंत्र प्रभात

बांदा। शासन के द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुपालन में 22 अप्रैल से 4 मई तक आयोजित किये गये सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के अंतिम दिवस सड़क सुरक्षा पखवाड़ा कार्यक्रम का समापन कार्यक्रम उप जिलाधिकारी अतर्रा के करकमलों से जनपद बाँदा के राजकीय इंजीनियरिंग कालेज अतर्रा, बाँदा में एक भव्य कार्यक्रम सम्पन्न हुआ, उक्त कार्यक्रम में सभागीय परिवहन अधिकारी संतदेव सिंह, सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) अनिल कुमार, प्रबंध निदेशक एनएचएआई, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी शकर जी सिंह, यात्रीकर अधिकारी राम सुमेरयादव, क्षेत्राधिकारी अतर्रा, डा दीपाली गुप्ता प्रधानाचार्या राजकीय महिला डिग्री कॉलेज, श्री मती रेखा रानी अपर निदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, दिनेश कुमार यादव अधिशासी अभियन्ता लोक निर्माण विभाग बाँदा के साथ राजकीय इजीनियरिंग अतर्रा बादा के निदेशक श्री प्रकाश शुक्ला, प्रोफेसर सहित 300 से अधिक विद्यार्थी, इन्द्रवीर सिंह उद्घोषक, संभागीय परिवहन कार्यालय के समस्त कर्मचारीगण एवं जनपद के अन्य सम्मानितगण उपस्थित रहे इस अवसर पर सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी बाँदा ने अपने उद्बोधन में कहा कि स्टेकहोल्डर विभागों के अन्तर्विभागीय समन्वय से सडक सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक किया जा रहा है जिसमें हमे स्वयं जागरूक होकर अपने घर परिवार के लोगो को भी सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करना है इसी प्रकार उप जिलाधिकारी अतर्रा ने कहा कि एक व्यक्ति की मृत्यु से पूरा परिवार बरबाद हो जाता है तथा पूरी पीढी पीछे चली जाती है अतः हमें सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक रहकर दुर्घटनाओं को रोककर जीरो तक ले जाना है। सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) द्वारा दो पहिया वाहन चालको को हेलमेट व कार चालकों को सीट बेल्ट लगाने हेतु प्रेरित किया। इस अवसर पर राजकीय इंजीनियरिंग कालेज अतर्रा के छात्रों द्वारा भाषण, कविता तथा नुक्कड नाटक के माध्यम से समारोह में उपस्थित लोगों को सड़क सुरक्षा तथा यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया। सड़क सुरक्षा के प्रति उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों तथा अतिथियों को सम्मानित कर उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम के अन्त में संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) चित्रकूटधाम सभाग, बाँदा द्वारा उपस्थित सभी लोगो को सड़क सुरक्षा के प्रति शपथ दिलायी गयी।

चेक बाउंस होने पर 25 लाख का अर्थदंड, एक वर्ष की सजा

बांदा। चेक बाउंस होने के मामले पर न्यायिक मजिस्ट्रेट सिविल जज जूनियर डिवीजन अतर्रा ने आरोपी को एक वर्ष की सजा के साथ क्षतिपूर्ति सहित 25 लाख रुपया के अर्थ दंड से दंडित किया। कस्बे के मोहल्ला दामूगंज नरैनी रोड निवासी मंजू गुप्ता ने अपने अधिवक्ता के जरिए न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट सिविल जज जूनियर डिवीजन अतर्रा में दिए प्रार्थना पत्र पर आरोप लगाया था कि प्रतिवादी व उनके परिवार एक दूसरे से पूर्व परिचित थे। प्रार्थी ने अपना पुश्तैनी प्लाट बेचा था, चेक के माध्यम से रुपया देने की बात कहकर रजिस्ट्री कराई थी, चेक मिलने के बाद विपक्षी के खाते में पैसा ना होने के कारण चेक बाउंस हो गया जिसपर वह लगातार मांगने के बाद भी विपक्षी ने रुपए नहीं दिए। जिस पर सिविल जज जूनियर डिवीजन न्यायिक मजिस्ट्रेट राखी सिंह के द्वारा निर्गत आदेश पर अभियुक्त सुरेश कुमार गुप्ता निवासी सुभाष नगर बांदा रोड अतर्रा को धारा 138 के अंतर्गत दंडनीय अपराध के आरोप में दोष सिद्ध किया गया है और एक वर्ष की सजा के साथ 15 लाख रुपया एवं क्षतिपूर्ति की धनराशि 10 लाख रुपया कुल 25 लाख रुपया के अर्थदंड से दंडित करने का आदेश पारित किया है। और पूरी धनराशि को 30 दिन के अंदर न्यायलय में जमा करने के आदेश दिए।

चोरी की घटना को अंजाम देने वाले वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार

बांदा। पुलिस अधीक्षक बांदा श्री अंकुर अग्रवाल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज थाना नरैनी पुलिस द्वारा चोरी की घटना में शामिल 01 वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया है । गौरतलब को थाना नरैनी क्षेत्र के सुभाष नगर कस्बा में भोला प्रसाद के मकान में अज्ञात चोरों द्वारा 19/20अप्रैल 24 की रात्रि को चोरी की घटना को अंजाम दिया गया था जिसके सम्बन्ध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना नरैनी पर अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्तों की पहचान व गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे थे इसी क्रम में आज थाना नरैनी पुलिस द्वारा चोरी की घटना में शामिल वांछित अभियुक्त को ग्राम पड़मई जाने वाले रास्ते से गिरफ्तार किया गया । अभियुक्त के कब्जे से चोरी के सामान बरामद हुए है । वहीं घटना में शामिल 02 अन्य अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है । गिरफ्तार अभियुक्त का नाम संजय कुशवाहा पुत्र रामआसरे निवासी शिशु मन्दिर स्कूल के पास अतर्रा चुंगी थाना कोतवाली नगर जनपद बांदा है।

बनाई जा रही सड़क का पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारी व जनप्रतिनिधियों ने किया जांच दिए निर्देश

बबेरू/बांदा। सड़क पर हो रहे गुणवक्ता विहीन कार्य के खिलाफ ग्रामीणों द्वारा उठाई गई आवाज में पीडब्ल्यूडी विभाग व जनप्रतिनिधियों ने लिया कड़ा एक्शन। कमासिन थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत कुमेढ़ा सानी गांव पर विगत कई वर्षो से टूटी पड़ी सड़क को बनवाने के लिए ग्रामीणों व जनप्रतिनिधियों द्वारा पीडब्ल्यूडी विभाग एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा मांग की गई थी। जिस पर खरौली मोड़ से कुमेढा सानी जिसकी सड़क की लम्बाई 5.2 किलोमीटर है। जिसको लोकनिर्माण प्रांतीयखंड पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा कार्य कराया जा रहा है। जिस पर मानक के अनुरूप ठेकेदार, मेठ द्वारा सड़क पर घोर अनियमितता बरती गई, जिसपर नाराज होकर ग्रामीणों द्वारा क्षेत्र पंचायत सदस्य संजय सिंह की अगुवाई में टीएसी की जांच करवाए जाने के संबंध मे प्रार्थना दिया गया। जिसपर सहायक अभियंता प्रांतीयखंड पीडब्ल्यूडी विभाग के विशाल सिंह व जनप्रतिनिधि कमासिन ब्लॉक प्रमुख रावेंद्र कुमार गर्ग द्वारा सड़क का मुआयना किया गया जिसमें गड़बड़ी पाए जाने को लेकर ठेकेदार व मेठ को कड़ी फटकार लगाई गई और गुणवत्ता के आधार पर मानक को ताक में रख कर कार्य करवाए जाने को निर्देश दिया गया। इस दौरान भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

खोये हुए मोबाइल फोन बरामद कर उनके स्वामियों को किया गया सुपुर्द

बांदा। पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के निर्देशन में थाना मरका पुलिस द्वारा 04 व्यक्तियों, कोतवाली नगर पुलिस व जसपुरा द्वारा 01-01 व्यक्ति का खोया हुआ मोबाइल फोन बरामद कर मोबाइल स्वामियों को किया गया सुपुर्द । गौरतलब हो कि थाना मरका क्षेत्र के टोडी पुरवा के रहने वाले अर्जुन पुत्र माता प्रसाद, ग्राम इंगुवारी के रहने वाले सतेन्द्र सिंह पुत्र महादेव व ग्राम मिर्जापुर के रहने वाले रावेन्द्र वर्मा पुत्र प्रहलाद तथा थाना बिसण्डा क्षेत्र के ग्राम बिसण्डा के रहने वाले रोहित यादव पुत्र भोला प्रसाद द्वारा अपने अपने मोबाइल फोन के थाना मरका क्षेत्र में तथा थाना कानपुर नगर के रहने वाले राममोहन पुत्र बल्देव द्वारा अपने मोबाइल फोन के जसपुरा थाना क्षेत्र में तथा थाना पैलानी के रहने वाले विपिन कुमार पुत्र राकेश कुमार द्वारा अपने मोबाइल फोन के बांदा शहर में कहीं गुम हो जाने के सम्बन्ध में प्रार्थना पत्र दिया गया था । जिसके क्रम में आज पुलिस द्वारा सभी के मोबाइल फोन बरामद कर मोबाइल स्वामियों को सुपुर्द किया गया ।

संक्षिप्त ख़बरें

स्वीमिंगपूल चालू नहीं हुआ तो विधायक बाथिंग टब में धरने पर बैठ गए

कानपुर। आर्य नगर से समाजवादी पार्टी के विधायक हमेशा चर्चा में बने रहते हैं और अपने क्षेत्र के लिए आवाज उठाते रहते हैं। कानपुर में बेतहाशा गर्मी से आजिज़ सपा विधायक अमिताभ बाजपेई नाना राव पार्क में बने तरण ताल में स्नान करने पहुंचे तो मालूम चला कि यह अभी तक चालू ही नहीं हो सका है। ऐसे में स्विमिंग पूल के बाहर बाथ टब में भरे पानी में बैठकर किया प्रदर्शन।

कार से बचने के लिए बाइक अनियंत्रित होकर पलटी, महिला जख्मी

शाहाबाद हरदोई। मियांपुर गांव के पास हाईवे पर कार से बचने के लिए एक बाइक अनियंत्रित होकर पलट गई जिससे बाइक पर सवार महिला गंभीर रूप से जख्मी हुई है। जख्मी महिला को सीएचसी में भर्ती कराया गया जहां उसका इलाज चल रहा है। शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के ग्राम हूसेपुर निवासी रामवीर अपनी ससुराल हरदोई से पत्नी सोनम के साथ बाइक से गांव लौट रहा था। मियांपुर गांव के पास वह जैसे ही पहुंचा एक तेज रफ्तार कार से बचने के लिए रामवीर की बाइक असंतुलित हो गई और पलट गई जिससे सोनम के सिर में काफी चोटें आई हैं। सोनम को सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां उसका इलाज चल रहा है।

दलित बीबीसी सदस्य ने लगाया मारपीट का आरोप

शाहाबाद हरदोई। शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सुहाग पुर निवासी बीबीसी सदस्य ने विपक्षी पर साथियों सहित घेरकर मारपीट करने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में प्रार्थना पत्र दिया है। पुलिस ने प्रार्थना पत्र लेकर जांच शुरू कर दी है। क्षेत्र के ग्राम सुहागपुर निवासी सोनू लाल पुत्र रावेंद्र कुमार ने बताया वह शुक्रवार की शाम को कस्बे से बाजार कर वापस गांव जा रहा था। बेझा चौराहे पर फिरोजपुर खुर्द के रामू यादव ने अपने तीन साथियों के साथ मिलकर उसे रोक लिया और जातिसूचक गाली गलौज किया। गाली देने से मना करने पर विपक्षियों ने उसे लात घूंसे और डंडे से मारा पीटा। घटना की लिखित सूचना पुलिस को दी है।पुलिस ने प्रार्थना पत्र लेकर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

दवाई लेने जा रही युवती की ट्रेन की चपेट में आ कर हुई मौत

पति मुम्बई में करता है नौकरी, शनिवार की सुबह हुआ हादसा

हरदोई। घर से दवाई लेने के लिए निकली युवती रास्तें में रेलवे ट्रैक पार कर रही थी,उसी बीच अचानक ट्रेन की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को अपने कब्ज़े में लेते हुए उसका पोस्टमार्टम कराया है। बताया गया है कि कछौना कोतवाली के झब्बू खेड़ा निवासी सुरेंद्र मुम्बई में नौकरी करता है। गांव में उसकी 25 वर्षीय पत्नी पिंकी अपने चार वर्षीय बेटे आर्यन केसाथ रहती थी। शनिवार की पिंकी दवाई लेने के लिए बालामऊ जा रही थी,उसी बीच डम्मर खेड़ा के पास रेलवे ट्रैक पार करने लगी,उसी बीच उधर से निकली ट्रेन की चपेट में आने से उसकी वहीं पर दर्दनाक मौत हो गई। उसके पिता हरीराम निवासी पराना खेड़ा मजरा नरेंद्रपुर कोतवाली सण्डीला ने बताया कि करीब पांच साल पहले उसकी शादी हुई थी,उसके बड़े बेटे की साल भर पहले ही मौत हो चुकी थी। फिलहाल हरीराम ने किसी तरह के आरोप से इंकार किया है। पुलिस ने शव को अपने कब्ज़े में लेते हुए उसका पोस्टमार्टम कराया है।

कचहरी से सटे गांव कुंवरपुर में तेंदुआ दिखने से हड़कंप

पीलीभीत। पीलीभीत कचहरी से सटे गांव में फिर आबादी में तेंदुआ पहुंच गया। शहर से चंद किलोमीटर दूरी पर कुंवरपुर गांव में शनिवार सुबह नौ बजे तेंदुआ रेलवे लाइन किनारे दिखा ग्रामीणों ने तेंदुए को लाठी डंडे लेकर दौड़ा दिया। जिसके बाद वह गांव में ही शमशान घाट के पास जाकर बैठ गया। नजदीक में ही सरकारी स्कूल है। वहां पर बच्चों की पढ़ाई चल रही थी। ऐसे में आनन फानन में स्कूल बंद कराकर बच्चों को सुरक्षित तरीके से घर पहुंचाया गया। सूचना मिलने पर सामाजिक वानिकी की टीम मौके पर पहुंच गई। ग्रामीणों की भीड़ को देखते हुए पुलिस बल भी पहुंच गया।पीलीभीत- आबादी में पहुंचा तेंदुआ, ग्रामीणों ने दौड़ाया...स्कूल कराया बंद, मौके पर टीम पहुंची। स्वतन्त्र प्रभात समाचार जिला पीलीभीत से रिपोर्टिंग बलदेव सिंह संधू।

कानपुर में रोड शो- नजारा दिखा कमल ही कमल

● - प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के रोड शो में आज उनकी एक झलक पाने के लिए लोगों में होड़ लगी रही। दोपहर से ही लोग रोड शो वाले मार्ग पर हुए इकट्ठा।

स्वतंत्र प्रभात

कानपुर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के रोड शो से उत्साहित भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं में जोश देखने लायक था। दोपहर से ही लोगों की भीड़ इकट्ठा होने लगी। गुमटी में जिस रोड पर प्रधानमंत्री का रोड शो प्रस्तावित था वो दुल्हन की तरह सजा दी गई थी। शानदार सड़क, चमचमाती लाइटिंग और सजा हुआ प्रधानमंत्री का रथ देखते ही बन रहा था। चारों तरफ केसरिया रंग ही दिखाई दे रहा था। लोगों का तो यहां तक कहना था कि मोदी जी यहीं से चुनाव लड़ लें। रोड शो में महिलाओं ने भी बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। प्रधानमंत्री मोदी का रोड शो गुमटी गुरुद्वारा से प्रस्तावित था।

पुलिस प्रशासन का इंतजाम इतना पुख्ता था कि किसी तरह की कोई चूक न हो पाए। सभी विभागों के वरिष्ठ अधिकारी रोड शो स्थल पर मौजूद रहे। महिलाएं एक कलर की साड़ी में तैयार दिखीं। ढोल नगाड़ों के साथ तरह तरह की झांकियां भी नजर आ रही थीं। दरअसल कानपुर रोड शो से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कई सीटों को साधने की कोशिश की है। कानपुर में ही दो लोकसभा सीट हैं। यहां से उन्नाव 25 किलोमीटर की दूरी पर है। जब कि कन्नौज 80 किलोमीटर पर हैं जहां से समाजवादी पार्टी से अखिलेश यादव चुनाव लड़ रहे हैं। रोड शो का प्रस्तावित कार्यक्रम गुमटी गुरुद्वारा से शुरू होकर कालपी रोड खोआ मंडी तख था दोनों ओर मोदी की एक झलक पाने को भीड़ दोपहर से इंतजार कर रही थी। भीषण गर्मी के बावजूद भी लोग टस से मस नहीं हुए।

भारत स्काउट्स और गाइड्स उ0प्र0 ने किया लोगों को मतदान के लिए जागरूक

स्वतंत्र प्रभात

लखनऊ। राजधानी लखनऊ के उ0प्र0 भारत स्काउट और गाइड, जनपद लखनऊ द्वारा लोक सभा निर्वाचन, 2024 में शत प्रतिशत मतदान हेतु आज मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली का शुभारभ मुख्य अतिथि मुख्य विकास अधिकारी लखनऊ श्री अजय जैन, आई0ए0एस0 द्वारा प्रातः 07:30 बजे क्वींस इण्टर कालेज, लालबाग हरी झण्डी दिखाकर में किया गया। मतदाता जागरूकता रैली में विभिन्न विद्यालयों के लगभग1500 स्काउट/गाइड/स्काउटर/गाइडर उपस्थित रहे। रैली क्वींस इण्टर कालेज, लालबाग से प्रारम्भ होकर नावेल्टी चैराहा, मेफेयर चैराहा, होते हुए अटल चैक (हजरतगज), जी0पी0ओ0 गांधी प्रतिमा पर समाप्त हुई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री अजय जैन ने स्काउट्स व गाइड्स से मतदान हेतु अपने अपने माता पिता व आस पास के सभी वस्यक सदस्यों से दिनांक 20 मई, 2024 को मतदान हेतु निरन्तर आग्रह करते रहने हेतु प्रेरित किया। उन्होने यह भी कहा कि यदि आपके पास वोटर आई0डी0 कार्ड नहीं है, तो आप किसी भी वैध आई0डी0 से मतदान कर सकते है। जिला विद्यालय निरीक्षक राकेश कुमार ने रैली में उपस्थित मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए सभी से शत प्रतिशत मतदान करने का आग्रह किया।जिला संस्था के संरक्षक डा0 आर0पी0 मिश्र ने स्काउट्स व गाइड्स द्वारा बनाई गई VOTE की आकृति की भूरि-भूरि प्रंसशा की तथा रैली में सम्मिलित विभिन्न विद्यालयों की हनुमान प्रसाद रस्तोगी गर्ल्स इंटर कॉलेज, माडर्न एकेडमी पब्लिक इंटर कॉलेज, गोमती नगर, लखनऊ पब्लिक कॉलेज राजाजीपुरम की बैंड टीमों को धन्यवाद दिया तथा संस्था के पदाधिकारियों को कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए बधाई थी। जिला सचिव अनिल शर्मा ने बताया कि इस अवसर पर जिला संस्था के संरक्षक डा0 आर0पी0 मिश्र व अतिरिक्त विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला विद्यालय निरीक्षक राकेश कुमार, सह0 जिला विद्यालय निरीक्षक जय शंकर श्रीवास्तव व मनीषा द्विवेद्वी, पायनियर माण्टेसरी इण्टर कालेज की प्रधानाचार्या एवं संस्था की उपाध्यक्षा शर्मिला सिंह, ए0एस0ओ0सी0 लखनऊ मण्डल पूनम संन्धू, सयंक्त सचिव डा0 मीता श्रीवास्तव, डी0ओ0सी0 (गाइड) मधु पाण्डेय, डी0टी0सी0 गाइड रीता मौर्या व जिला संस्था के समस्त पदाधिकारी व विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्यों के साथ रोवर/रेंजर उपस्थित रहे।

लोक सभा सामान्य निर्वाचन 2024 का किया गया मतदाता जागरूकता अभियान

स्वतंत्र प्रभात

लखनऊ। राजधानी लखनऊ में लोक सभा सीटों पर मतदान होना है। इस सन्दर्भ में पिछले वर्ष के कम वोट प्रतिशत को देखते हुए विभिन्न शैक्षिक संस्थाओ द्वारा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाये जा रहे है ढ्ढ इसी क्रम में खण्ड शिक्षा अधिकारी काकोरी श्री राम मूर्ति यादव के नेतृत्व में बाबू त्रिलोकी सिंह इण्टर कॉलेज काकोरी के प्रांगण से विभिन्न स्थानीय विद्यालयों के लगभग 1200 छात्र छात्राओं, शिक्षकों एवं अभिभावकों की एक विशाल मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन काकोरी कस्बे में किया गया ढ्ढ काकोरी कस्बे में सभी वर्गो के लगभग 20000 वोटर है ढ्ढ लेकिन विगत लोक सभा चुनाव में मात्र 44.40 प्रतिशत मतदान हुआ था ढ्ढ इस बार शत प्रतिशत मतदान हेतु निम्नाकित विद्यालयों बाबू त्रिलोकी सिंह इण्टर कॉलेज काकोरी, काकोरी कन्या इण्टर कॉलेज, इण्टल प्राइड इंटर कॉलेज, डीसेंट कॉलेजिएट, सेंट ब्लाउज हाई स्कूल, आर्यन एकेडमी इंटर कॉलेज, यूनिक कॉन्वेंट पब्लिक स्कूल, पी0एम0डी0 इंटर कॉलेज, हलीम कान्वेंट इंटर कॉलेज, सेवन डेज पब्लिक स्कूल, प्राथमिक विद्यालय काकोरी प्रथम, प्राथमिक विद्यालय द्वितीय, प्राथमिक विद्यालय इमली तला, प्राथिमिक विद्यालय टाउन एरिया, एवं उच प्राथमिक विद्यालय कन्या काकोरी के छात्र छात्राओं द्वारा आज दिनाँक 04/05/2024 को मतदाता जागरूकता रैली, नुक्कड़ नाटक, अपील इत्यादि माध्यमों से मतदाताओं से शत प्रतिशत मतदान करने हेतु आग्रह किया गया। प्राथमिक विद्यालय के 6 से 11 वर्ष के छोटे-छोटे छात्र छात्राओं के साथ माध्यमिक विद्यालयों के छात्र छात्राओं का उत्साह भी देखने लायक था। उक्त कार्यक्रम में बाबू त्रिलोकी सिंह इण्टर कॉलेज काकोरी के प्रधानाचार्य डॉ0 राजकुमार सिंह तथा चौकी प्रभारी काकोरी आर0बी0 सिंह के समस्त स्टाफ के सकारात्मक सहयोग के लिये खण्ड शिक्षा अधिकारी महोदय ने आभार व्यक्त किया।

भाजपा प्रत्याशी अशोक रावत के समर्थन में जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती ने नुक्कड़ सभा कर भारी मतों से जिताने की अपील की

स्वतंत्र प्रभात

कछौना हरदोई- भाजपा प्रत्याशी अशोक रावत के समर्थन में जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती पीके वर्मा ने शनिवार को ग्राम सभा कलौली, ग्राम सभा गौसगंज, ग्राम सभा निर्बलपुर में नुक्कड़ सभा कर मोदी योगी को मजबूत करने के लिए भाजपा प्रत्याशी अशोक रावत को काफी मतों से जिताने की अपील की मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती पीके ने कहा मोदी योगी के नेतृत्व में देश विकसित राष्ट्र की ओर अग्रसर हो रहा है जन कल्याणकारी योजना का लाभ सीधे पात्र व्यक्तियों को मिला रहा है बिचौलिए दूर-दूर तक नजर नहीं आ रहे हैं ज्यादातर योजनाओं में महिलाओं के नाम पर उन्हें लाभ दिया महिला सशक्तिकरण में कदम उठाया आज महिलाएं पुरुषों से कदम से कदम मिलाकर राष्ट्र के निर्माण में अहम भूमिका निभा रहे हैं लोकसभा प्रभारी रामनिवास यादव ने कहा भाजपा सरकार सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास का कार्य कर रही है लोकसभा आयोजक अशोक सिंह, विधानसभा प्रभारी अभय शंकर शुक्ला , प्रदेश कार्य समिति सदस्य युवा नेता संचित अग्रवाल, जिला मंत्री अजय शुक्ला, मंडल अध्यक्ष मदन राठौड़, मंडल अध्यक्ष हर्षवर्धन, ससेनानिव्रत शिक्षक बाबूराम कनौजिया ने पार्टी की नीतियों के बारे में बताया भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में ज्यादा से ज्यादा मतों से जिताने की अपील की जिससे क्षेत्र का चहुंमुखी विकास हो इस कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य पूजा पटेल, डॉक्टर प्रत्युष बिपुल , सामाजिक कार्यकर्ता युवा नेता रवीश कुमार सिंह टिंकू, पूर्व ग्राम प्रधान श्याम सिंह, राज बहादुर सिंह, पूर्व जिला पंचायत सदस्य सुरेश कुमार सिंह, पूर्व नगर अध्यक्ष पति जगदीश गुप्ता, ग्राम प्रधान कहली राजू गुप्ता, प्रबंधक ज्ञाना स्कूल श्याम जी, ग्राम प्रधान तेरवा दहिंगवा राजेश कुमार सिंह, योगेश कुमार योगी , ग्राम प्रधान पति निर्मलपुर पवन कुमार सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता ब्रह्म कुमार सिंह, गोविंद फौजी, मोहित सिंह संचालक लालाराम गैस एजेंसी , जिला पंचायत विजय पासी, जिला पंचायत प्रतिनिधि बेहंदर रंजीत वर्मा, डॉक्टर आनंद कुमार, गगन वर्मा , दीवारकर सिंह बबलू, रविंद्र कुमार सिंह, अध्यक्ष मत्स्यजीवी सहकारी समिति संतोष कुमार , ग्राम रोजगार सेवक विदुर कुमार, ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य, ग्राम पंचायत सदस्य, भाजपा कार्यकर्ता सहित आदि क्षेत्र वासी मौजूद रहे।

पीलीभीत में पिता-पुत्र की संदिग्ध परिस्थितियों में मौतः। परिजनों ने बहू पर ससुर को जहर देने का लगाया आरोप, बेटा ससुराल गया था

स्वतंत्र प्रभात

पीलीभीत- पुलिस के सामने परिवार के लोगों ने बहू पर जहरीला पदार्थ देकर पिता को मौत के घाट उतारने का आरोप लगाया गया है आरोप लगाया है कि रात में महिला के ससुर कालका प्रसाद ने परिजनों को बताया कि उनकी बहू ने उन्हें कुछ दे दिया है। जिससे उनकी हालत बिगड़ गई, वह बचेंगे नहीं । पूरनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव टांडा छत्रपति गौटिया का पूरा मामला। संदिग्ध परिस्थितियों में पिता पुत्र की मौत से मचा हड़कंप,लड़के की बहू समेत ससुरालियों पर जहर देकर हत्या का आरोप,पारिवारिक कलह के चलते जहर देकर हत्या दोनो की आशंका,मौके पर पहुंचे सीओ जांच पड़ताल में जुटे गांव में पसरा सन्नाटा,पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा,पूरनपुर कोतवाली इलाके के टांडा क्षत्रपति गांव का मामला। *बलदेव सिंह संधू स्वतन्त्र प्रभात समाचार

जिला पीलीभीत से रिपोर्टिंग

अजय कपूर ने रमेश अवस्थी के लिए मांगे वोट

● - किदवई नगर में हजारों की संख्या में लोग जुड़े, अजय कपूर कांग्रेस के टिकट पर यहां से रह चुके हैं विधायक।

स्वतंत्र प्रभात

कानपुर। किदवई नगर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत सीटीआई चौराहे से परमपुरवा तक आयोजित जनसंपर्क कार्यक्रम के दौरान आज भारतीय जनता पार्टी के लोकसभा कानपुर के प्रत्याशी रमेश अवस्थी ने अजय कपूर के साथ वोट मांगे।

इस अवसर पर हजारों की संख्या में लोगों ने भाग लिया। अजय कपूर ने स्थानीय स्वजनों से संवाद करते हुए कानपुर लोकसभा क्षेत्र प्रत्याशी भाई रमेश अवस्थी जी को अपना अमूल्य मत देने की अपील की। यह अजय कपूर के प्रभाव वाला क्षेत्र है और यहां से कांग्रेस के टिकट पर विधायक भी चुने जा चुके हैं अजय कपूर। जिस समय अजय कपूर अभिजीत सांगा और रमेश अवस्थी वहां से वोट मांगते निकल रहे थे हजारों की संख्या में लोग जुड़ गए।

हरदोई संसदीय सीट पर हांथी कमल की लड़ाई में साइकिल लगा सकती है रेस

स्वतंत्र प्रभात

हरदोई। उप्र की राजधानी लखनऊ से सटी हरदोई संसदीय सीट पर इस बार बहुत ही रोचक मुकाबला होता दिखाई दे रहा है। पिछले दो लोकसभा चुनाव में भाजपा ने लगातार अपना परचम फहराया है। हिंदू लहर में लहरायी हरदोई संसदीय सीट पर पर 1996 के बाद 2014मे कमल की पंखुड़ी खिलती नजर आयी। इससे पहले समाजवादी पार्टी की ऊषा वर्मा का विजयीरथ ही दौड़ता नजर आया। हालांकि इस सीट पर 90के दशक से कांग्रेस का सूपड़ा साफ हो गया था। उसके बाद से आजतक कांग्रेस ठीक-ठाक प्रदर्शन तक नहीं कर पायी। उसके बाद सपा ,बसपा , भाजपा की तिकड़ी ही चुनाव में दिखती रही।इस सीट पर हाथी की मस्त चाल ने सपा भाजपा के समीकरणों को बिगाड़ा है लेकिन खुद जीत का स्वाद नहीं चखा सकी है। इस सीट के पिछले कुछ चुनावी आंकड़ों पर नजर डाली जाये तो सपा , बसपा के संग्राम में कमल की बड़ी ही लचर स्थिति हो गयी।1952मे गठित 31लोकसभा हरदोई संसदीय सीट पर कभी कांग्रेस का डंका बजा करता था। लेकिन 1991के लोकसभा चुनाव में भाजपा से चुनाव मैदान में उतरे जयप्रकाश रावत ने कांग्रेस की ऐसी लुटिया डुबोयी जो आज तक ऊपर नहीं आ सकी।इस चुनाव में जहां जयप्रकाश रावत ने 133025मत प्राप्त कर कांग्रेस प्रत्याशी मितान को 38257 मतों के भारी अन्तर से हरा कर पहली बार भाजपा का कमल खिलाने में कामयाब रहे।1996के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने फिर अपने सिटिंग सांसद जयप्रकाश रावत पर ही दांव लगाया। जयप्रकाश रावत ने एक बार फिर कमल खिलाने में कामयाबी हासिल की। लेकिन इस बार इस सीट पर चुनावी समीकरण बदल गये। इस बार इस सीट पर बहुजन समाज पार्टी से चुनाव मैदान में उतरे श्याम प्रकाश शानदार प्रदर्शन करते हुए बहुजन समाज पार्टी की जबरदस्त उपस्थित दर्ज करायी। कांग्रेस तीसरे पायदान पर चली गयी।इस चुनाव में भाजपा के जयप्रकाश रावत को 192278मत मिले वहीं बीएसपी को 118960मत प्राप्त हुये।1998के लोक सभा चुनाव में समाजवादी पार्टी ने ऊषा वर्मा को अपना प्रत्याशी घोषित किया। ऊषा वर्मा ने अपनी जीत दर्ज कराते हुए 206634मत प्राप्त कर भाजपा प्रत्याशी जयप्रकाश रावत को कड़े मुकाबले में 15426मतो से करारी शिकस्त दी।इस चुनाव में बीएसपी तीसरे पायदान पर चली गयी वहीं कांग्रेस चौथे स्थान पर रही।इस चुनाव के बाद हरदोई की राजनीति ने बड़ा करवट ले लिया। इस दौरान नरेश अग्रवाल ने कांग्रेस के विधायकों को तोड़कर एक नयी पार्टी जनतांत्रिक कांग्रेस का गठन किया । पार्टी गठन के बाद जयप्रकाश रावत भाजपा छोड़कर जनतांत्रिक कांग्रेस में सम्मिलित हो गये।इसी बीच 1999मे हुए लोकसभा चुनाव में जनतांत्रिक कांग्रेस के प्रत्याशी के रूप में उतरे जयप्रकाश रावत ने सपा प्रत्याशी ऊषा वर्मा को करारी पटखनी देते हुए अपना हिसाब बराबर कर लिया। इस चुनाव में भाजपा को भारी नुक़सान उठाना पड़ा।

इसके बाद2004के लोकसभा चुनाव में सपा ने फिर ऊषा वर्मा को चुनावी मैदान में उतारा इस बार के चुनाव में सपा बसपा का सीधा मुकाबला दिखाई दिया।सपा प्रत्याशी ऊषा वर्मा को जहां 223445 मत मिले वहीं बीएसपी के शिवप्रसाद वर्मा को 164242मत प्राप्त हुये।कड़े संघर्ष में एक बार फिर ऊषा वर्मा ने43242मतो से जीत दर्ज कराने में सफल रही। इसके बाद 2009के लोकसभा चुनाव में सपा ने फिर अपने सिटिंग सांसद को चुनावी मैदान में उतारा वहीं बीएसपी ने रामकुमार कुरील को प्रत्याशी घोषित किया।इस चुनाव में भी हाथी साइकिल की जबरदस्त टक्कर हुई। लेकिन सपा प्रत्याशी ऊषा वर्मा एक बार फिर जीत दर्ज कराने में कामयाब रही।इस चुनाव में सपा प्रत्याशी ऊषा वर्मा को 294030मत मिले वहीं बीएसपी प्रत्याशी रामकुमार कुरील को 201095मत मिले।इस चुनाव में सपा प्रत्याशी ऊषा वर्मा ने बीएसपी प्रत्याशी रामकुमार कुरील को 92935मतो से हराकर जीत दर्ज कराई।इस चुनाव में भाजपा ने पूर्णिमा वर्मा को अपना प्रत्याशी बनाया। पूर्णिमा वर्मा को 54115मतो से ही सन्तोष करना पड़ा। कांग्रेस के शिवकुमार को 13000 मत प्राप्त हुए।इसके बाद 2014के लोकसभा चुनाव सपा से ऊषा वर्मा, बीएसपी से शिवप्रसाद वर्मा,और भाजपा सेअंशुल वर्मा चुनाव मैदान में उतरे।इस चुनाव में मोदी लहर में एक बार फिर अंशुल वर्मा कमल खिलाने में कामयाब रहे।वहीं हांथी की मतवाली चाल में साइकिल फंस कर रह गयी।इस चुनाव में भाजपा प्रत्याशी अंशुल वर्मा को 360501मत मिले वहीं बीएसपी प्रत्याशी शिवप्रसाद वर्मा को 279158मत प्राप्त हुये सपा तीसरे पायदान पर चली गयी।ऊषा वर्मा को 276543 मत ही प्राप्त हो सके। इसके बाद 2019के लोकसभा चुनाव में दलों के दल में फंसे जयप्रकाश रावत सभी दलों को चीरते हुए अपने घर भाजपा में लौटे आये। जयप्रकाश रावत की वापसी पर भाजपा ने अपने सिटिंग सांसद अंशुल वर्मा का टिकट काट कर घर लौटे जयप्रकाश रावत को दे दिया। सपा ने इस बार बीएसपी से गठबंधन कर लिया। सपा ने

ऊषा वर्मा पर जीत का भरोसा कर गठबंधन प्रत्याशी घोषित किया। लेकिन इस चुनाव में बीएसपी का कोर वोटर साइकिल में शिफ्ट नहीं हो सका इसका परिणाम यह हुआ भाजपा अपना जीत का सिलसिला बरकरार रखने में कामयाब रही वहीं मत प्रतिशत बढ़ने के बावजूद भी सपा को इस सीट पर हार का सामना करना पड़ा। इस चुनाव में भाजपा प्रत्याशी जयप्रकाश रावत को 568143 मत प्राप्त हुए वहीं सपा प्रत्याशी ऊषा वर्मा को 435669मत प्राप्त हुए।इस बार 2024के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने एक बार फिर अपने सिटिंग सांसद जयप्रकाश रावत को चुनावी मैदान में उतारा है वही दूसरी ओर समाजवादी पार्टी ने फिर एक बार ऊषा वर्मा पर भरोसा जताते हुए चुनावी मैदान में उतारा है। बीएसपी ने अपने एमएलसी भीमराव अम्बेडकर को प्रत्याशी घोषित किया है।इस चुनाव में जहां एक ओर सत्तारूढ़ दल के प्रत्याशी जयप्रकाश रावत को एक बार फिर मोदी के नाम पर जीत की उम्मीद लगाए हैं वहीं सपा प्रत्याशी को मोदी विरोधी वोट से जीत की उम्मीद है। लेकिन बसपा प्रत्याशी दलित वोटरों को एकजुट कर जीत दर्ज कराने की उम्मीद पाले हैं।इस सीट पर बसपा लगातार शानदार प्रदर्शन करने के बाद भी आजतक जीत का स्वाद नहीं चख सकी है। लेकिन हांथी की मस्त चाल ने इस सीट कई बार राजनीतिक दलों के चुनावी समीकरण बिगाड़ने में कामयाबी हासिल की है। इस बार बीएसपी का कोर वोटर हाथी की ओर लौटता दिखाई दे रहा है। जिससे भाजपा का सीधा नुक़सान होता दिखाई दे रहा है।वहीं संविधान बचाने की गूंज, बेरोजगारी, महंगाई जैसे मुद्दों की गूंज भी सुनाई दे रही है।जिसका फायदा इण्डिया गठबंधन के प्रत्याशी को मिलता दिखाई दे रहा है। इस आधार पर यह कहना ग़लत नहीं होगा कि इस बार इस सीट पर सपा भाजपा में कांटे की टक्कर होती दिखाई दे रही है।

नरेन्द्र मोदी की सरकार ने महिलाओं के संपूर्ण विकास के लिए ऐतिहासिक और अभूतपूर्व कदम उठाए हैं-कांता कर्दम

स्वतंत्र प्रभात

हरदोई बाल विद्या भवन पब्लिक स्कूल में भाजपा महिला मोर्चा सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन में 31 लोकसभा के प्रत्याशी जय प्रकाश रावत को क्षेत्र से भारी संख्या से जिताने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद कांता कर्दम तथा भाजपा महिला मोर्चा अवध क्षेत्र अध्यक्ष गोदावरी मिश्र एवं लोकसभा प्रभारी दिनेश दुबे का फूल माला पहनाकर जिला अध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन, महिला मोर्चा अध्यक्ष अलका गुप्ता एवं स्कूल प्रबंधक कीर्ति सिंह ने स्वागत किया।

इस अवसर पर राज्यसभा सांसद कांता कर्दम ने कहा कि विगत दस वर्षों में देश की महिलाओं के सशक्तिकरण में भाजपा ने अनेक निर्णय लिए, जिसकी गारंटी पीएम नरेंद्र मोदी ने ली और उस गारंटी का परिणाम है आज देश की आधी आबादी भाजपा के साथ है।

उन्होंने कहा कि नरेन्द्र मोदी की सरकार ने महिलाओं के संपूर्ण विकास के लिए ऐतिहासिक और अभूतपूर्व कदम उठाए हैं। भाजपा ने महिलाओं के स्वास्थ्य को ध्यान में रख उज्जवला योजना की शुरुआत की, 2014 और 2017 से पहले की सरकारों की बदहाल कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने का काम किया। गुंडों माफियाओं और रोड साइड रोमियो को जेल पहुंचाने का काम किया और भयमुक्त वातावरण का निर्माण किया। नतीजा बहन बेंटियां बिना डरे घर से बाहर निकल रही है। भाजपा की कल्याणकारी योजनाओं से महिला उद्यमियों को बढ़ावा दिया। गांव की बहनों के लिए योजनाओं के मध्य से सशक्त बनाकर उन्हें लखपति दीदी बनाने का कार्य किया। कांग्रेस पार्टी पर प्रहार करते हुए कहा कि 60 साल में देश और देशवासियों का विकास किया गया होता तो न गरीबी होती और न गरीब होते। गरीबी हटाओ का नारा देकर कांग्रेस पार्टी ने सिर्फ अपने परिवार को अमीर और साधन संपन्न बनाया। कहा कि देश की महिलाओं ने एक बार फिर से केंद्र में भाजपा सरकार का गठन करने का जो संकल्प लिया है वह अवश्य पूरा होगा।

देश की माताएं व बहनें नरेन्द्र मोदी के साथ - गोदावरी मिश्रा

भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष अवध क्षेत्र गोदावरी मिश्र ने कहा कि देश की माताएं और बहनों का आशीर्वाद भाई नरेन्द्र मोदी के साथ हैं। 2014 व 2019 के लोकसभा चुनाव में मातृ शक्ति ने नरेन्द्र मोदी का साथ दिया था। अब 2024 में मोदी की गारंटी से देशवासियों के जीवन को आर्थिक और सामाजिक समानता का अवसर प्राप्त हुआ है उससे आनंदित होकर जनता 400 पार के नारे को हकीकत में बदलने जा रही है।

उन्होंने कहा कि देश को पहला ऐसा प्रधानमंत्री मिला जिसने महिलाओं के विषय में सोचा और उन्हें बराबरी को मौका दिया। वर्षों से लंबित पड़ी महिला आरक्षण की मांग को पूरा करने का काम किया। राष्ट्रपति से लेकर पंचायत तक महिलाओं को अवसर उपलब्ध कराए, जिससे मातृ शक्ति आगे बढ़ साज और देश अपना योगदान दे सके।

मातृ शक्ति भारत की संस्कृति का आधार ¬ भाजपा जिलाध्यक्ष

भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन ने कहा कि हमारी मातृ शक्ति हमारी ताकत है। भाजपा सत्कार की हर घर जल योजना से बहनों के घर शुद्ध जल पहुंचने का काम किया गया। पूर्व की सरकारों ने महिलाओं की समस्याओं पर कभी गौर नहीं किया कि कैसे सुबह उठकर नल के आगे घंटों खड़ा होना पड़ता था। कहा कि गांव देहात से लेकर शहर की महिलाओं को कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से आर्थिक रूप से सशक्त बनाने का कार्य किया गया। महिलाओं के नाम बैंक खाता, महिलाओं के नाम राशन कार्ड, महिलाओं के नाम घरौनी, आयुष्मान योजना एवं शिक्षा के माध्यम से महिलाओं को पुरुषों के समान अवसर प्रदान करने का काम किया। वहीं कांग्रेस पार्टी महिला सशक्तिकरण के नाम पर सिर्फ धोखा देती है। इसका उदाहरण कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता राधिका खेड़ा के साथ हुए दुर्व्यवहार के प्रकरण ने उजागर कर दिया। जिस पार्टी में महिलाओं को सम्मान नहीं मिल पा रहा वह देश की महिलाओं के सम्मान की बात किस आधार पर करती है?

सम्मेलन में जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष अलका गुप्ता ने कहा जो संकल्प हमारी माताओं और बहनों ने 2024 लोकसभा में भाजपा सरकार बनाने का लिया है उसके लिए अगले चंद दिनों तक भाजपा सरकार के कार्यों के बारे में जन संपर्क अभियान चलाएंगी और पार्टी के प्रत्याक्षी को रिकॉर्ड मतों से जिताकर मोदी के हाथों को मजबूत बनाएगी।

इस मौके पर ये रहे मौजूद

सम्मेलन में जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमवती, भाजपा जिला उपाध्यक्ष एवं महिला मोर्चा प्रभारी राजेश अग्निहोत्री, 31 लोकसभ

संक्षिप्त ख़बरें

नशा मुक्त अमेठी अभियान के अन्तर्गत थाना बाजार शुक्ल पुलिस द्वारा 25 ग्राम स्मैक के साथ 01 अभियुक्त गिरफ्तार



शुकुल बाजार अमेठी । जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में व नशा मुक्त अमेठी अभियान के तहत उपनिरीक्षक वीरेन्द्र कुमार पाण्डेय थाना बाजार शुक्ल मय हमराही द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त गुल्फाम पुत्र अब्दुल मजीद निवासी निहालगढ़ थाना जगदीशपुर जनपद अमेठी उम्र करीब 24 वर्ष को ब्योरेमऊ मोड़ के पास से गिरफ्तार किया । अभियुक्त के कब्जे से 25 ग्राम स्मैक बरामद हुआ । गिरफ्तारी व बरामदगी के संबन्ध में थाना बाजार शुक्ल पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गई। थाना अध्यक्ष बाजार शुक्ल तनुज कुमार पाल ने बताया कि थाना क्षेत्र के अंतर्गत शांति व्यवस्था, कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु शुकुल बाजार पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है तथा नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत कार्रवाई करते हुए लोगों को नशे से होने वाले दुष्परिणामों के लिए जागरूक किया जा रहा है।

युवा कल्याण समिति ने मतदाता जागरूकता रैली निकाली

बरेली/ विकास खंड शेरगढ़ के ग्राम पंचायत इटौआ में युवा कल्याण विभाग के द्वारा युवक महिला मंगल दल ने ग्राम पंचायत में मतदाता जागरूकता रैली निकालकर ग्रामीणों को मतदान के लिए प्रेरित किया। बरेली लोकसभा क्षेत्र में सात मई को मतदान होना है । इसी उपलक्ष्य में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से ग्राम पंचायत इटौआ में ग्राम वासियों को जागरुक करते हुए । रैली का आयोजन किया गया। रैली में सरकारी विद्यालय के बच्चों के साथ-साथ युवक मंगल दल के अध्यक्ष फिरोज सिद्दीकी, सैयद रेहान हुसैन, हेमेंद्र कुमार, उपासना मलिक, नवनीत सक्सेना, सचिन कुमार व बीएलओ सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

संदिग्ध परिस्थितियों में खपरैल मकान में आग लगने से खाद्यान्न सामग्री सहित गृहस्थी का समान जलकर खाक

ड्रमंडागंज, मीरजापुर। हलिया थाना क्षेत्र के सोठिया कलां गांव में शुक्रवार की देर शाम खपरैल मकान में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग जाने से खपरैल मकान में रखा खाद्यान्न सामग्री सहित गृहस्थी का समान व आवश्यक कागजात व पांच हजार रुपए नगद जलकर राख हो गया।हलिया थाना क्षेत्र के सोठिया कला गांव निवासी जगरनाथ के खपरैल मकान में शुक्रवार की देर शाम संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग जाने से खपरैल मकान में रखा खाद्यान्न सामग्री गेहूं, चावल,धान व गृहस्थी का समान चारपाई विस्तर सहित आवाश्यक कागजात व पांच हजार रुपए नगद जलकर राख हो गया पीड़ित ने क्षेत्रीय लेखपाल को सूचना देते हुए शनिवार को पुलिस को तहरीर देकर क्षतिपूर्ति दिलाने के लिए कार्रवाई की मांग किया है।

ठेकेदार व गांव के मनबढ़ दबंगो के मिलीभगत से सड़क निर्माण

गरीब परिवार के जमीन पर अतिक्रमण कब्जा किया जा रहा है

छानबे, विंध्याचल। विंध्याचल थाना अंतर्गत जोधिपुर खम्हरिया कला में पीडब्ल्यूडी सड़क निर्माण कार्य चल रहा है जिसमे जमीन अतिक्रमण कर सड़क बनाने को लेकर पीडब्ल्यूडी ठेकेदार सुरेश दुबे और गांव के कुछ मनबड़े दबंगो द्वारा मिली भगत गरीब परिवार के उनके हक हिस्से की जमीन पर सड़क निर्माण कराया जा रहा है और विरोध करने पर जान माल मरने मारने की धमकी दी जा रही है आए दिन एक बड़ी घटना हो सकती है पीड़ित परिवार राजकुमार बिंद,विजयशंकर, बिंद राधेश्याम बिंद,अंजनी कुमार, बिंद आशा देवी , के द्वारा शासन प्रशासन तक बात पहुंचाने पर भी अनसुनी की जा रही है ऐसे में योगी सरकार के शासन प्रशासन से गरीब परिवार के मदद करने के सारे दावे झूठे साबित हो रही है।

निष्पक्ष एवं पारदर्शी चुनाव संपन्न कराने के लिए माइक्रो आब्जर्वर को दिया गया प्रशिक्षण

स्वतंत्र प्रभात

अमेठी। लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को निष्पक्ष, पारदर्शी व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए मनीषी महिला महाविद्यालय गौरीगंज में सामान्य प्रेक्षक डा0 एन0 युवराज व मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल की उपस्थिति में माइक्रो आब्जर्वर को प्रथम प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण प्रोजेक्टर के माध्यम से मास्टर ट्रेनरों द्वारा दिया गया चुनाव को सकुशल संपन्न कराने के लिए कुल 150 माइक्रो आब्जर्वर लगाए गए हैं जिन्हें आज प्रथम प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में सभी माइक्रो आब्जर्वर को मतदान प्रक्रिया, माकपोल, ईवीएम के सीलिंग की प्रक्रिया की विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई साथ ही हैंड्स ऑन प्रैक्टिस भी कराया गया। माइक्रो आब्जर्वर मतदान दिवस को मतदान दल के द्वारा किए जाने वाले संपूर्ण मतदान की प्रक्रिया का सूक्ष्मता से अवलोकन करेंगे और उसकी रिपोर्ट निर्धारित प्रपत्र में सामान्य प्रेक्षक को देंगे। प्रशिक्षण में सामान्य प्रेक्षक ने माइक्रो आब्जर्वर को निर्वाचन के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि चुनाव कार्य सुचारू रूप से संचालन हेतु अपने दायित्व का निष्ठा पूर्वक निर्वहन करें, भारत निर्वाचन आयोग का उद्देश्य निर्वाचन की प्रक्रिया निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न करना है आप सभी की ड्यूटी माइक्रो आब्जर्वर के रूप में लगाई गई है इस हेतु आप सभी कुशलतापूर्वक सौंपी गए जिम्मेदारियों का आपसी समन्वय से निर्वहन कर निर्वाचन कार्य में सहभागिता प्रदान करें। इसके साथ ही उन्होंने माइक्रो आब्जर्वर के कार्यों के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि आप लोग मतदान स्थल पर मतदान की तैयारी का आकलन करेंगे मतदान स्थल पर मतदान से पूर्व सभी मूलभूत सुविधाएं जैसे रैंप, पेयजल, पर्याप्त फर्नीचर, उचित प्रकाश, शौचालय, छाया आदि व्यवस्था देखेंगे। इसके अतिरिक्त आज मनीषी महिला महाविद्यालय के एक कमरे में पोस्टल बैलेट से मतदान करने हेतु ट्रेनिंग दी गई जिन अधिकारियों/कर्मचारियों की ड्यूटी मतदान कराने में लगाई गई है उनका मतदान पोस्टल बैलेट से कराया जाएगा इसके लिए आज कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया गया। इसके साथ ही चार कमरों में ईवीएम मशीन की कमिश्निंग की ट्रेनिंग दी गई।

सेवानिवृत्त होकर गांव आने पर सेना के सूबेदार का हुआ स्वागत

स्वतंत्र प्रभात

अमेठी। भारतीय सेना की सेवा के बाद सेवानिवृत्त हुए सूबेदार मेजर का गांव पहुंचने के पहले ही रेलवे स्टेशन पहुंचकर फूलमालाओं से जोरदार स्वागत किया। जिले के संग्रामपुर ब्लाक अंतर्गत बनवीरपुर निवासी जियालाल यादव भारतीय सेना में सूबेदार मेजर पद से सेवानिवृत्त होकर गांव पहुंचे।? बडी संख्या में ग्रामीण नज़दीकी रेलवे स्टेशन अंतू पहुंचे और ट्रेन से उतरते ही भारतीय सेना की सेवा से लौटे जियालाल यादव को फूलमालाओं से लाद दिया। इसके बाद दोपहिया वाहनों के काफिले के साथ वीर सैनिक के सकुशल गांव लौटने पर समारोहपूर्वक स्वागत किया गया। इस मौके पर सेवानिवृत्त सूबेदार मेजर जियालाल यादव के परिवार की महिलाओं ने उनका तिलक लगाकर आरती उतारकर स्वागत किया। इस मौके पर राम कृपाल यादव, ब्रह्मानंद दूबे, रामलखन दूबे, पूर्व प्रधान भावलपुर वीरेन्द्र सिंह, साहित्यकार सुधीर रंजन द्विवेदी, बनवीरपुर प्रधान प्रतिनिधि प्रदीप यादव, बीबीसी जगदीश वर्मा, और निखिल यादव सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे।

देवरनियां मे गन्दगी से फैला मच्छरों के प्रकोप से नगर वासी परेशान।

● तीन सभासद चेयरमैन के विरोध मे उतरे, दवाई छिडकाव न कराने और बोर्ड बैठक न बुलाने का लगाया आरोप।

स्वतंत्र प्रभात

बरेली/देवरनियां। नगर पंचायत देवरनियां मे इन दिनों गन्दगी और मच्छरों के प्रकोप से नगर वासी परेशान हैं। जिसको लेकर उनमे रोष है। उधर चेयरमैन की कार्यप्रणाली को लेकर पांच वार्ड सभासदों ने चेयरमैन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। नगर पंचायत देवरनियां मे सफाई व्यवस्था चरमा गयी है,हर तरफ गन्दगी के अम्बार लगे हुए हैं,मगर नगर पंचायत प्रशासन इस तरफ से बेखबर है। गन्दगी के कारण ही नगर मे मच्छरों का प्रकोप बना हुआ है,जिससे नगर वासी खासे परेशान तो हैं ही,साथ ही बीमारी फैलने का खतरा भी बढ गया है। जबकि अभी संचारी रोग अभियान चलाया गया था। मच्छरों के बचाओ के लिए दवाई का छिडकाव भी नहीं कराया गया है।

जबकि नगर के वार्ड 12 के सभासद मोहम्मद जीशान,मोहम्मद वार्ड 10 के सभासद मोहम्मद खालिद, वार्ड तीन के सभासद अमित कुमार,और वार्ड 5 के सभासद रधुवीर, वार्ड नौ के सभासद तहसीन बेग ने नगर पंचायत चेयरमैन पर उपेक्षा का आरोप लगाया है। उनका कहना है,कि चेयरमैन ने काफी समय से बोर्ड बैठक नहीं बुलाई है। एक वर्ष मे सिर्फ़ दो बार ही बोर्ड बैठक हुई है। और मच्छरों के बचाओ के दवाई छिडकाव भी नहीं कराया गया है। वार्ड मे 42 खम्बों पर लाइट नहीं लगी हुई हैं,जबकि वार्ड बारह मे नाली न बनाने को लेकर रोड का निर्माण अधुरा छोड दिया है। इधत चेयरमैन मोहम्मद कलीम अन्सारी ने सभासदों के आरोपों पर सफाई देते हुए कहा कि उनके द्वारा कोई उपेक्षा नहीं की जा रही है,दवाई का छिडकाव भी कराया गया है। सभासदों के आरो निराधार हैं,हम नगर के विकास मे लगे हुए हैं। बोर्ड बैठक आचार संहिता हटने के बाद आयोजित होगी। हमारा काम विरोधियों को पच नहीं रहा,इसलिए सभाए के द्वारा और नगर वासियों को भडकाकर गलत आरोप लगवा रहे हैं। मोहम्मद कलीम अन्सारी, चेयरमैन देवरनियां.

सड़कों का निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ शीघ्र पूरा करें- संजय चौहान

●परिसर में खोला गया कॉमन सर्विस सेंटर अक्सर रहता है बंद।

स्वतंत्र प्रभात

सहारनपुर। स्मार्ट सिटी के सीईओ/नगरायुक्त संजय चौहान ने बुधवार की सुबह करीब छह बजे से नौ बजे तक स्मार्ट सिटी योजना के तहत निर्माणाधीन विभिन्न स्मार्ट सड़कों का निरीक्षण किया और गुणवत्ता पर निगरानी के साथ कार्य शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। शहीद गंज में निर्माण कार्य की धीमी गति पर उन्होंने नाराजगी भी जतायी। सड़कों का निर्माण मै. आर सी सी डेवलेपर्स लि.के माध्यम से कराया जा रहा है। स्मार्ट सिटी सीईओ संजय चौहान आज सुबह घंटाघर स्थित भगतसिंह रोड पहुंचे और कार्य शीघ्रातिशीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। नेहरु मार्केट में अभी फिनिंशिंग का कार्य शेष है, जिसे उन्होंने योजनाबद्ध तरीके से जल्दी पूरा करने को कहा। चौकी सराय चौराहे पर भी उन्होंने रोड साइड में टाइल्स का कार्य शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए।

महावीर मार्केट में उन्होंने सुधारात्मक कार्यो पर बल देते हुए अधिशासी अभियंता जल निगम को पत्र लिखने के निर्देश दिए। जल निगम द्वारा यहां सीवर लाइन डालने के बाद उसे ठीक नहीं किया गया। शहीद गंज में निर्माण कार्य की प्रगति धीमी पाये जाने पर नगरायुक्त ने नाराजगी जताई और कार्यदायी संस्था को श्रमिकों की संख्या बढ़ाकर निर्माण कार्य की गति तेज करने के निर्देश दिए। सीईओ संजय चौहान ने पुल खुमरान से चिलकाना रोड-2 पर सीसीरोड व ब्लैक टॉप का कार्य शीघ्र आरंभ करने और उसे 15 दिन में पूरा करने के निर्देश दिए।

इसके अलावा कोर्ट रोड़-2 (कचहरी पुल से अनुपम स्वीट्स तक) पर पुरानी क्षतिग्रस्त सीवर लाइन की सही स्थिति का पता लगाने के लिए उन्होंने रोबोटिक सर्वे कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि इस रूट पर सीवर लाइन के रेस्टोरेशन अथवा नवनिर्माण पर निर्णय होने के उपरान्त ही एल.एच.एस. में बी.सी. (बिटुमिनस कॉरपेट) का कार्य कराया जाये। दिल्ली रोड पर निरीक्षण के दौरान स्मार्ट सिटी अधिकारियों ने बताया कि बी.सी का कार्य तेजी से किया जा रहा है और एडवांस मशीनरी पी.टी.आर. का प्रयोग किया जा रहा है। सीईओ संजय चौहान ने सभी कार्यो की गुणवत्ता पर जोर देते हुए कहा कि गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जायेगा। उन्होंने उसके लिए अधिकारियों को निगरानी बरतने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान डीजीएम सिविल दिनेश सिंघल, अधिशासी अभियंता अमरेंद्र गौतम व प्रोजेक्ट मैनेजर जितेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

बी ए,बी एस सी,एवम वाणिज्य संकाय में प्रवेश प्रारंभ

चुनार। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी विश्राम सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय चुनार में सत्र 2024-25 हेतु दिनांक 01-05-2024 से बी ए, बी एस सी एवं वाणिज्य प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश की प्रक्रिया के लिए ऑनलाइन आवेदन पत्र हेतु महाविद्यालय का पोर्टल खुल चुका है। कला संकाय में हिंदी, अंग्रेजी, संस्कृत, राजनीति विज्ञान, समाजशास्त्र , अर्थशास्त्र, इतिहास, शारीरिक शिक्षा तथा विज्ञान संकाय में वनस्पति विज्ञान , रसायन विज्ञान, भौतिकी ,गणित तथा जंतु विज्ञान विषय के लिए ऑनलाइन आवेदन फार्म भरने हेतु पोर्टल खुला है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 पी0एन0 डोंगरे तथा प्रवेश प्रभारी कला संकाय डॉ0 कुसुम लता ने प्रेस को जानकारी देते हुए कहा कि सभी प्रवेश पहले आओ पहले पाओ के आधार पर किया जाएगा तथा एन ई पी-2020 एवम आरक्षण के नियमों का पालन करते हुए प्रवेश की प्रक्रिया पूर्ण की जाएगी।

लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के मतदान की समाप्ति तक 48 घंटे पूर्व व मतगणना को मदिरा की दुकानें रहेगी बन्द डीएम

●डीएम ने मतदान/मतगणना स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने के लिए शराब, मदिरा, बीयर आदि दुकानें बंद रखने के दिये निर्देश

स्वतंत्र प्रभात

रायबरेली,

जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी हर्षिता माथुर ने बताया है कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में मतदान एवं मतगणना दिवस को शुष्क/मद्य निषेध दिवस (ष्ठह्य4 ष्ठड्ड4) घोषित किये जाने के सम्बन्ध में मुख्य निर्वाचन अधिकारी एवं भारत निर्वाचन आयोग के क्रम में विशेष सचिव, उत्तर प्रदेश, शासन, लखनऊ एवं आबकारी आयुक्त, उत्तर प्रदेश प्रयागराज के अनुपालन में लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 135 (ग) के खण्ड (एक) में यथा उपबन्धित प्राविधान के अनुसार स्वतन्त्र, निष्पक्ष, शान्तिपूर्ण और निर्विघ्न निर्वाचन के संचालन हेतु शान्ति व्यवस्था के हित में संयुक्त प्रान्त आबकारी अधिनियम-1910 की धारा 59 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए आदेश दिये है कि चतुर्थ चरण के मतदान में जनपद उन्नाव की लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र की सीमा से 08 किमी0 की परिधि में जनपद रायबरेली के समस्त आबकारी अनुज्ञापन की बंदी 11 मई 2024 के सांयकाल 06:00 बजे से 13 मई 2024 के सांयकाल 06:00 बजे अथवा मतदान समाप्ति तक जनपद रायबरेली की समस्त आबकारी अनुज्ञापनों यथा देशी शराब, विदेशी मदिरा, बीयर, माडलशाप, भांग, ताड़ी, एफ0एल0-7. एफ0एल0-9/9 ए एफ0एल0-16/17 एवं एफ0एल0-49 की फुटकर बिक्री की दुकानों तथा थोक अनुज्ञापनों यथा सी0एल0-2. एफ0एल0-2/2बी एवं भांग को शुष्क/मद्य निषेध दिवस (ष्ठह्य4 ष्ठड्ड4) घोषित करने एवं शासकीय अधिसूचना द्वारा मादक वस्तुओं को कब्जे में रखे जाने की सीमा नियंत्रित रखे जाने का निर्देश दिये हैं।

इसी प्रकार पंचम चरण के मतदान में जनपद रायबरेली के समस्त आबकारी अनुज्ञापन की बंदी 18 मई 2024 के सांयकाल 06:00 बजे से 20 मई 2024 के सांयकाल 06:00 बजे अथवा मतदान समाप्ति तक एवं षष्टम चरण के मतदान में जनपद प्रतापगढ़ की लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र की सीमा से 08 किमी0 की परिधि में जनपद रायबरेली के समस्त आबकारी अनुज्ञापनों की बंदी रहेंगी। इसी प्रकार 04 जून 2024 को मतगणना दिवस में जनपद रायबरेली की समस्त आबकारी अनुज्ञापन की बंदी रहेगी।

जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा है कि इन अवधि में कोई भी व्यक्ति किसी भी प्रकार के मादक पदार्थो की मात्रा का न तो संचय करेगा, न ही वितरण करेगा और न ही लेकर चलेगा। उपरोक्त बन्दी हेतु कोई भी प्रतिफल अनुज्ञापियों को देय नहीं होगा। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों से कहा है कि आदेश का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाए।

पत्रकार के साथ हुई मारपीट को लेकर पत्रकारों ने की बैठक

स्वतंत्र प्रभात

डलमऊ रायबरेली- रायबरेली में लोकसभा प्रत्याशी के नामांकन के दौरान जिला संवाददाता से कुछ युवकों द्वारा की गई कहा सुनी के बाद मारपीट के मामले में कड़ी कार्रवाई किए जाने को लेकर डलमऊ में पत्रकारों ने एक बैठक की है।ऑल मीडिया जर्नलिस्ट एसोसिएशन के बैनर तले हुई बैठक में संगठन के समस्त पदाधिकारी एवं सदस्यों ने समृद्धि न्यूज़ के जिला संवाददाता सुशील सिंह पर हुए जानलेवा हमले के मामले में दुख व्यक्त किया है।बैठक के दौरान ऑल मीडिया जर्नलिस्ट इकाई डलमऊ संगठन के अध्यक्ष संतोष मौर्य ने कहा कि पत्रकार के ऊपर इस तरीके से हुई घटना एक बहुत ही निंदनीय है इस पर पुलिस प्रशासन को आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए।आपको बता दें कि 3 मई को रायबरेली में नामांकन के दौरान कवरेज करने जा रहे समृद्धि न्यूज़ के जिला संवाददाता सुशील सिंह पर कुछ युवकों ने जानलेवा हमला करके बुरी तरह से घायल कर दिया था।बैठक के दौरान संगठन महामंत्री मेराज अली, राजेश यादव, कोषाध्यक्ष बृजेंद्र कुमार, प्रशांत शर्मा,हर्षित शुक्ला, प्रदीप निर्मल सहित संगठन के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

बीमारी के चलते एसएमआई उदय प्रताप सिंह का निधन

● प्रधान लिपिक के भाई के निधन से क्षेत्र में शोक की लहर

स्वतंत्र प्रभात

शिवगढ़,रायबरेली। क्षेत्र के ढेकवा गांव के रहने वाले 41 वर्षीय उदय प्रताप सिंह उर्फ सोनू सिंह के निधन से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। उदय प्रताप सिंह पूर्व ढेकवा प्रधान एवं स्वर्गीय शिक्षक वंश बहादुर सिंह के छोटे पुत्र थे वहीं श्री बरखण्डी विद्यापीठ इण्टर कॉलेज शिवगढ़ के प्रधान लिपिक राजबहादुर सिंह के छोटे भाई थे। राजबहादुर सिंह ने बताया कि उदय प्रताप सिंह जायस मण्डी में एसएमआई के पद पर नियुक्त थे। जो पिछले कई दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। जिनका बीती 30 अप्रैल से ट्रामा सेन्टर लखनऊ में इलाज चल रहा था। इलाज के दौरान शनिवार की प्रातः करीब 8 बजे उदय प्रताप सिंह का निधन हो गया। जिनके निधन से बड़े भाई राजबहादुर सिंह, पत्नी गीता सिंह, बेटे युवराज सिंह, बेटी उदिता सिंह का रो-रोकर बुरा हाल है।

शनिवार की दोपहर जिनका गांव में ही अंतिम संस्कार किया गया। जिनकी अंतिम दर्शन यात्रा में सैकड़ो की संख्या में लोग शामिल रहे। उदय प्रताप सिंह के निधन से चाचा बलदेव सिंह, मुन्ना सिंह, भजन सिंह, पिंकू सिंह सहित परिजन दुःखी हैं। अंतिम दर्शनयात्रा में पहुंचे ब्लॉक प्रमुख कुंवर हनुमन्त प्रताप सिंह, जिला पंचायत सदस्य विनय वर्मा, अंकित वर्मा, प्रधान संघ अध्यक्ष पवन सिंह, दिनेश सिंह, राजकुमार गुप्ता, करुणा शंकर, नीलेश शाक्या, आशुतोष यादव, सनोज मिश्रा आदि लोगों ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।

सर्वर ठप होने से आधार संशोधन कराने आए लोग मायूस लौट

● परिसर में खोला गया कॉमन सर्विस सेंटर अक्सर रहता है बंद।

स्वतंत्र प्रभात

लालगंज (रायबरेली)। कस्बे के प्रधान डाकघर कार्यालय परिसर में खुले आधार संशोधन काउंटर में शनिवार को सर्वर ठप होने के कारण आधार संशोधन कराने आए लोगों को मायूस होकर वापस लौटना पड़ा। आधार कार्ड में संशोधन न हो पाने से परेशान लोगों ने बताया कि काउंटर में मौजूद ऑपरेटर ने उन्हें सोमवार को आने के लिए कहा है। शासन की ओर से आधार कार्ड में संशोधन के लिए डाकघर कार्यालय और परिसर में ही कॉमन सर्विस सेंटर संचालित है। जहां डाकघर में संचालित काउंटर दिन में दो बजे के बाद खुलता है वही लोगों की सुविधा के लिए खोले गए कॉमन सर्विस सेंटर में कभी कभार ही आधार कार्ड में संशोधन का कार्य किया जाता है, ऊपर से अक्सर सर्वर ठप होने के कारण दूर दराज से आने वाले लोगों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

शनिवार को आधार संशोधन करने आई मुबारकपुर निवासिनी श्याम ने बताया कि वह चार दिन से लगातार आ रही हैं, कभी काउंटर खुला नहीं मिलता है तो कभी सर्वर न होने की बात कहकर उन्हें वापस कर दिया जाता है। दीपेमऊ की प्रतिमा व सुनील ने बताया कि वह सुबह से आधार संशोधन के लिए इंतजार करती रही, जब दोपहर को दो बजे डाकघर का काउंटर खुला तो सरवर नदारत था। महारानीगंज अफसरी निवासिनी रेनू ने बताया कि उन्हें अपने आधार में मोबाइल नंबर फीड कराना था। इस तरह की चिलचिलाती धूप में वह सुबह से इंतजार में बैठी थी। लेकिन सरवर गायब होने के कारण उनका काम नहीं हुआ। मलके गांव निवासी नरेश ने बताया कि डाकघर परिसर में कॉमन सर्विस सेंटर बंद रहता है। पता करने पर बताया गया कि सुबह 8 बजे से केवल 11 बजे तक ही खुलता है। जिससे उनके आधार कार्ड में संशोधन नहीं हो सका।

रेल पटरियों के बीच सड़क के गड्ढों के मरम्मत का कार्य शुरू

खबर का असर

स्वतंत्र प्रभात

रेल पटरियों के बीच सड़क पर बने गड्ढे दे रहे हादसों को दावत

लालगंज (रायबरेली)। शहर के रायबरेली रोड पर रेलवे क्रॉसिंग में सड़क के बीचो-बीच बड़े गड्ढे बन गए हैं। जिससे यात्रियों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। गड्ढों के कारण रेल पटरिया पर वाहन रपटने से दुर्घटना का खतरा बना हुआ है। रेल पटरिया के बीच बने गड्ढे इतने गहरे हैं कि वाहनों को गड्ढों से दूर हटकर बगल से निकालना पड़ता है। गड्ढों के रेल पटरी से सटे होने के कारण अचानक वाहन चिकनी पटरियों पर रपट जाते हैं। जिससे हादसे का भय बना रहता है। इसी सड़क से होकर मरीज जिला अस्पताल पहुंचते हैं। स्थानीय लोग मरीज और गर्भवतियों को खतरों के बीच अस्पताल पहुंचाने के लिए मजबूर हैं। व्यापारी नेताओं ने कई बार सड़क के सुधारीकरण की मांग की लेकिन उनकी नहीं सुनी गई।

स्वतंत्र प्रभात

लालगंज (रायबरेली)। कस्बे के रायबरेली रोड पर रेलवे क्रॉसिंग में रेल पटरियों के बीच बने गड्ढों को लेकर स्वतंत्र प्रभात की खबर का असर दिखाई दिया। खबर प्रकाशित होने के बाद विभागीय अधिकारियों के निर्देश पर मरम्मत का कार्य शुरू कराया गया। रेलवे क्रॉसिंग पर रेलपटरियों के बीच सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे होने के कारण अक्सर दोपहिया, चौपहिया और बड़े वाहन चिकनी पटरियों में रपट रहे थे। अक्सर वाहन चालक इन गड्ढों में फंसकर गिर पड़कर चोटिल हो रहे थे। जिसको स्वतंत्र प्रभात ने शुक्रवार के अंक में रेल पटरियों के बीच सड़क पर बने गड्ढे दे रहे हादसों को दावत शीर्षक से खबर को प्रमुखता से छापा थी। जिसका असर दिखाई दिया और विभागीय अधिकारियों ने रेल पटरियों के बीच सड़क की मरम्मत का कार्य शुरू करा दिया है। स्वतंत्र प्रभात के पाठकों ने भी स्थानीय समस्याओं और सरोकारों की खबरों को प्रमुखता देने के लिए समाचार पत्र का आभार व्यक्त किया।

किसान का सिंचाई के लिए लगा समरसीबल पंप चोरी

चोरो के उपर नकेल नही कस पा रही है हलिया पुलिस

हलिया। स्थानीय थाना क्षेत्र के महुगढ़ गांव में शुक्रवार रात किसान की सिंचाई के लिए घर से दो सौ मीटर दूर स्थित खेत में बोरवेल में लगे समरसीबल पंप व 130 फिट केबल, टोचन व स्टार्टर मशीन पर अज्ञात चोरों ने हाथ साफ कर दिया। शनिवार सुबह खेत पर पहुंचे किसान बालकृष्ण शुक्ला चोरी की घटना देख हैरान रह गए। घटना के बाद किसान ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। आपको बता दे की क्षेत्र में आए दिन हो रही चोरियों से लोगों में दहशत का माहौल है। स्थानीय पुलिस इन चोरों के प्रति कार्रवाई करने के बजाय मूकदर्शक क्यों बनी हुई है। यह पुलिस महकमा पर सवाल खड़ा करता है।

आखिर कब तक जाएगी सांडों के हमले से लोगों की जान

स्वतंत्र प्रभात

उन्नाव। एक समय था जब किसान जंगली नील गाय से परेशान था। खेतों की फसल बचाने को दिन रात नील गाय से अपने खेतों की रखवाली करता था। धीरे धीरे समय बदला और नीलगाय का आतंक कम हो गया। किसान खुशहाली की ओर बढ़ने लगा। अब नील गाय से ज्यादा आतंक आवारा गौवंशों का हो गया। किसान तरह तरह की तरकीब अपनाकर हार चुका है लेकिन किसी सूरत में आवारा गौवंशों से छुटकारा नही मिला। सरकार ने भी तमाम वादे किए। आवारा गौवंशों के लिए स्थाई और अस्थाई गौशालाओं का निर्माण कराया गया। जानवरों के चारे पानी का भी सरकार ने व्यवस्था की लेकिन जिम्मेदारों ने सरकार के आदेशों की अवहेलना की। सेटिंग गेटिंग के खेल ने व्यवस्था ऐसी बिगाड़ कर रखी कि किसान आज भी आवारा गौवंशों से परेशान है। पशुपालन विभाग तमाम कागजी दावे करता रहता है। लेकिन दावों की पोल खोलते आवारा गौवंश सड़क, गली, मोहल्ले और गांवों में किसानों के खेत चरते नजर आते हैं। आए दिन सांड के हमले से लोगों की मौत भी हो रही हैं लेकिन उन मौतों का जिम्मेदार कौन होगा। एक व्यक्ति की हंसती खेलती जिंदगी में आवारा जानवर की वजह से बर्बादी और गमों का पहाड़ टूट जाता है और जिम्मेदार मौन रहते हैं। ये जनता के नौकर जिनको तनख्वाह जनता के टैक्स से मिलती है आज वो जनता से बेजार नजर आते हैं। सांड के हमले से गई जानो की जिम्मेदारी आखिर कौन लेगा और आगे ऐसी कोई घटना नही होगी क्या इसकी भी कोई जिम्मेदारी लेने वाला है या केवल एयर कंडीशन कार्यालयों में बैठकर चाय की चुस्की ही लेंगे।

बिहार क्षेत्र के गांव बेहटा मजरे कुतुबपुर में गुरुवार शाम एक सांड ने वृद्ध किसान पर हमला बोल दिया। जिससे किसान की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। बेहटा गांव निवासी 68 वर्षीय कुन्नू प्रसाद गुरुवार शाम करीब 6 बजे अपने नए घर से पुराने घर की तरफ जा रहे थे। तभी सामने उन पर सांड ने हमला बोलकर पटक दिया और सड़क पर ही दबा दिया। जिससे कुन्नू की मौके पर ही मौत हो गई। कुन्नु की पत्नी की मृत्यु दो वर्ष पूर्व हो चुकी है। कुन्नू के बच्चों के सर से बाप का साया जिम्मेदारों की लापरवाही से उठ गया।

पूरा दिन रहा जाम का झाम

उन्नाव। पूरे दिन जाम का झाम बना रहा। पड़ोसी जनपद कानपुर में प्रधानमंत्री रोड शो के कारण कानपुर हाईवे तथा रायबरेली उन्नाव हाईवे पर जाम की स्थिति बनी रही। भारी संख्या में वाहन सड़क के दोनों ओर खड़े दिखे। प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में कारण रोड का डायवर्जन किया गया, जिसके कारण लखनऊ-कानपुर राजमार्ग व रायबरेली उन्नाव मार्ग सहित आजाद मार्ग, बैराज मार्ग पर जाम की स्थिति से लोगों को दो-चार होना पड़ा। देर रात्रि में जब जाम खुला तो मध्य रात्रि तक वाहन केवल रेंगते रहे।

सांड के हमले से हुई किसान की मौतों की कुछ घटनाएं

3 अप्रैल 2023 को बिहार क्षेत्र के बजौरा रघुनाथ खेड़ा के पास सांड के हमले से दीपक कुमार सिंह उर्फदीपू की मौत हो गई थी।

25 मई 2023 को औरास क्षेत्र के रायपुर राई में वृद्ध किसान कृष्ण कुमार उर्फ केशनू की सांड के हमले से मौत हो गई थी।

22 अगस्त 2023 को हसनगंज क्षेत्र के भोगला निवासी वृद्ध किसान श्यामलाल की सांड के हमले से मौके पर ही मौत हो गई।

20 दिसंबर 2023 को और क्षेत्र की गांव मिर्जापुर आज गांव में फल विक्रेता गुड्डन सेंड के हमले से घायल हुआ 10 दिन बाद उपचार के दौरान मौत हो गई।

26 फरवरी 2024 को मां की गांव विक्रम खेड़ा निवासी किसान लक्ष्मी नारायण सेंड के हमले से घायल हुआ उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

सालों से जर्जर है सड़क, राहगीरों को होती परेशानी

स्वतंत्र प्रभात

उन्नाव। गंगाघाट थाने के सामने पोनी तिराहे से लेकर पोनी गांव तक लगभग 6 किलोमीटर लंबा मार्ग है। पिछले कई सालों से जगह-जगह सड़क जर्जर हो गई है। जिससे लोगों का आना-जाना मुश्किल हो गया है। इसे बनवाने के लिये पत्राचार भी हुआ, लेकिन शासन ने स्वीकृति नहीं दी। जिससे लोगों को अभी और हिचकोले खाने पड़ेंगे।

पोनी रोड सड़क का चौड़ीकरण के साथ निर्माण होना था। पिछले वर्ष अक्टूबर, नवम्बर माह में नाप जोख का सिलसिला भी चला। लोक निर्माण विभाग ने पूरी सड़क की हकीकत देखी। जगह-जगह खस्ताहाल के साथ कुछ स्थानों पर सड़क उखड़ कर तालाबों में तब्दील हो गई है। जिससे छोटे वाहन पलट जाते हैं। जिससे लोग चोटिल हो रहे हैं। इसी लिहाज से सड़क बनाने के लिये शासन से स्टीमेट भेजा गया। शासन से सड़क बनने की स्वीकृति नहीं मिली। जिससे शुक्लागंज नगर क्षेत्र और कुछ गांव के लोगों को अभी लंबे समय तक गड्ढों से होकर गुजरना पड़ेगा।

शासन से नहीं मिली स्वीकृत

पीडब्ल्यूडी के सहायक अभियंता अभिनेष कुमार ने बताया कि पोनी रोड बनने के लिये शासन को स्टीमेट भेजा गया था, लेकिन स्वीकृति नहीं किया गया है। अक्टूबर नवम्बर में फिर स्टीमेट भेजा जाएगा। मार्च और अप्रैल में सड़क बन सकती है।

सड़कें टूटने से लोग परेशान

स्थानीय लोगों का कहना है कि शुक्लागंज नगर के डॉकतार कॉलोनी से लेकर लोहिया स्कूल तक बेहद खराब सड़क है। जिससे लोग आये दिन गिरकर चोटिल होते हैं। पोनी गांव और निहाल खेड़ा के बीच सड़क इस कदर उखड़कर तालाब में तब्दील हो गई है। जिससे लोगों को मुसीबत का सामना करना पड़ता है।

सरकारी भूमि पर हो रहे अवैध कब्जे, शिकायत डीएम से

स्वतंत्र प्रभात

उन्नाव। सदर नगर पालिका क्षेत्र में सरकारी जमीनों पर प्लाटिंग हो रही है। शिकायतों के बाद भी जिम्मेदार अधिकारी सुनने को तैयार नहीं हैं। खुलेआम हो रही प्लाटिंग पर नगर पालिका भी मौन है। ताजा मामला मोहल्ला राम नगर का है, जहां जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर अवैध प्लाटिंग करने वालों पर कार्यवाही की मांग की है।

डीएम को दिए गए शिकायती पत्र में रेशमा पत्नी शमीम ने आरोप लगाते हुए कहाकि मोहल्ला राम नगर में भूमि संख्या 2844, 2845, 2846, 2904, 2905, 2906, 2907, 2908 पर अवैध रूप से कब्जा कर एक माननीय द्वारा प्लाटिंग की जा रही है व इसके पूर्व भी शिकायत कर चुकी है, लेकिन परिणाम ढाक के तीन पात ही रहा। कई तो हाहा-हूती मकान भी खड़े कर चुके हैं। उधर चर्चा यह है कि क्षेत्रीय लेखपाल की मिलीभगत से जीएस की जमीन पर कब्जे हो रहे हैं। रेशमा ने बताया कि अगर कार्यवाही नहीं होती है तो वह मुख्यमंत्री के जनता दरबार में जाकर अपनी फरियाद सुनाएगी। मजेदार बात यह है कि सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जे हो रहे हैं और राजस्व विभाग मूकदर्शक बना हुआ है। अब देखना यह होगा कि जिलाधिकारी के निर्देशों का कितना अनुपालन होगा अथवा शिकायत को जांच के नाम पर दफन कर दिया जायेगा।

कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण

स्वतंत्र प्रभात

हमीरपुर। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा आपराधिक मामलों में जिला कारागार में निरूद्ध बंदियों को निःशुल्क विधिक सहायता प्रदान की जा रही है। इसके लिए अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री विष्णु शर्मा के निर्देश पर लीगल एड डिफेंस काउन्सिल द्वारा निःशुल्क मामलों की पैरवी की जा रही है। ऐसे बंदी जो पैरवी हेतु अधिवक्ता नहीं कर सकते वो जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में अपने आवेदन प्रेषित कर निःशुल्क विधिक सहायता पा सकते है। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती गीतांजलि गर्ग द्वारा शुक्रवार को जिला कारागार का निरीक्षण किया जेल की सभी बैरकों में जाकर कैदियों से जानकारी ली। जेल में आयोजित साक्षरता शिविर को संबोधित करते हुए सचिव ने कहा कि बंदियों की मदद के लिए जेल में लीगल एड क्लीनिक बनाया गया है और इसमें पराविधिक स्वयंसेवक भी नियुक्त किए गए हैं। चीफलीगल एड डिफेंस काउंसिल श्री आनन्द कुमार सक्सेना द्वारा बंदियों को बताया गया कि बंदियों की समय-समय पर लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम द्वारा पैरवी की जायेगी। इस दौरान जेल अधीक्षक जे0आर0 वर्मा जेलर, के0पी0 चन्दीला, डिप्टी लीगल एड डिफेंस काउंसिल हरीनाम सिंह, व असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउंसिल फिरोज आलम अन्य मौजूद रहे।

सामुदायिक सहभागिता के तहत सरकारी स्कूल में किया दान

स्वतंत्र प्रभात

हमीरपुर। आज के दौर में जहां शिक्षा के क्षेत्र में विभिन्न प्रकार की समस्याओं से दो चार होना पड़ता है ऐसे समय मे विकास क्षेत्र मौदहा में कम्पोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय सिलौली के अंतर्गत क्षेत्र के विभिन्न समाजसेवियों से सहयोग प्राप्त कर विद्यालय में भौतिक सुविधाओं की उपलब्धता व शैक्षिक उन्नयन का कार्य कराया जा रहा है यहां बताते चलें कि प्र0अ0 हरिमोहन गुप्ता द्वारा न केवल विद्यालय का भौतिक परिवेश उत्कृष्ट बनाया गया है वरन शिक्षा के स्तर में भी कीर्तिमान स्थापित किए गए हैं विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में विद्यालय के बच्चों का चयन होता है। छात्रों के चहुमुखी विकास के अंतर्गत ब्लॉक एवं जनपदीय खेलकूद प्रतियोगिताओं में भी विद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रतिवर्ष स्थान प्राप्त किया जाता है ।

प्र0अ0 द्वारा किए गए कार्यों को समाचार पत्रों द्वारा प्रकाशित किए जाने व समाज मे उनके द्वारा कराए गए कार्यों से प्रभावित होकर विभिन्न समाजसेवियों द्वारा विद्यालय में समय समय पर आकर विभिन्न स्तर पर सहयोग दान किया जाता है इसी कड़ी में इस बार मौदहा के प्रतिष्ठित पुस्तक व्यापारी खरया पुस्तक भंडार की एलएलबी की छात्रा प्रगति खरया पुत्री श्री मनोज खरया विद्यालय मे उपस्थित हुई और विद्यालय के शैक्षिक व भौतिक परिवेश का अवलोकन किया तथा विद्यालय के माहौल से प्रभावित होते हुए छात्र छात्राओं के उत्साहवर्धन व उनकी पढ़ाई में सहायता हेतु उपस्थित लगभग 200 बच्चों को रजिस्टर, पेन एवं स्नैक्स का वितरण किया।

कु प्रगति खरया द्वारा बताया गया कि समाचार पत्रों मे प्रकाशित खबरो में विद्यालय मे प्र अ हरिमोहन गुप्ता के द्वारा कराये जा रहे कार्यों की जानकारी प्राप्त होने पर उनके द्वारा उत्सुक होकर विद्यालय का भ्रमण किया गया विद्यालय का भौतिक परिवेश और शिक्षा का स्तर अच्छा है इसलिए उनके द्वारा बच्चों के उत्साह वर्धन हेतु सामग्री का वितरण किया गया है उनको समाज सेवा करने की शिक्षा उनके दादा जी श्री खरया जी के द्वारा बचपन से मिली है उन्ही से प्रभावित होकर वे समय समय पर समाजसेवा के कार्य करती रहती हैं। प्रधानाध्यापक हरिमोहन गुप्ता एवं विद्यालय परिवार द्वारा कुश प्रगति खरया के उत्तम जीवन हेतु शुभकामनाएं प्रदान की।

सप्लीमेंट नहीं, संयम व लंगोट से बनेंगे बॉडी बिल्डरः योगगुरू

स्वतंत्र प्रभात

सहारनपुर। रूप से रूह और सहारनपुर से संसार के सफर की खूबसूरती के लिए 74 की आयु में भी यूथ आइकन बने 1970 से 1981 तक बॉडी बिल्डिंग के अपराजित चैंपियन रहते हुए सहारनपुर को मोक्षायतन नाम से पहला आधुनिक जिम्नेशियम और योग संस्थान देने वाले पूर्णतया शाकाहारी बॉडी बिल्डर योगी स्वामी भारत भूषण स्कूल कॉलेजों में बढ़ते ड्रग्स, मांसाहार और सेहत के नाम पर फूड सप्लीमेंट्स और इंजेक्शंस से चिंतित हैं। इसके लिए गुरु भारत भूषण ने गर्मियों की छुट्टी में युवाओं को स्वयं बॉडी बिल्डिंग की ट्रेनिंग देने का इरादा बनाया है। उनका कहना हैं कि मुझे ऐसा गढ़ने में मेरे शहर से मिले प्यार ने बड़ा काम किया है, ये मेरे शहर का मुझपर कर्ज है जिसका हिसाब चुकाने का यही सुंदर तरीका है कि भटकाव के मोड़ पर खड़ी नई पीढ़ी को अच्छे से ऐसे ही संभाला जाए जैसे आकर्षक बॉडी, ब्रह्मचर्य का बल और तेज दिमाग के साथ ऊंचे संस्कार देकर राष्ट्रस्तरीय बॉडी बिल्डर और विश्वस्तरीय योग साधक और साधिकाएं मोक्षायतन संस्थान ने 1970 से दिए हैं। वह कहते हैं कि जिम कल्चर में अधनंगे कपड़े पहन कर लड़के लड़कियों का डिस्को म्यूजिक के साथ इकठ्ठे कैसा व्यायाम होता होगा, ये अपनी समझ से तो बाहर है। बजरंग बली, कृष्ण, बलराम और भीम ने शरीर शक्ति और सौंदर्य मशीन नहीं मन, सप्लीमेंट नहीं शाकाहार के साथ संयम व लंगोट धारण करके ब्रह्मचर्य व संयम से पाया और वो हमारे रोल मॉडल बन गए । वह मानते हैं कि पढ़ाई के कृत्रिम दबाव मोबाइल कल्चर के भटकाव और जीभ के चटकाव ने युवाओं को खोखला किया है। फूड सप्लीमेंट्स के नाम पर स्ट्राइड, कैप्सूल्स और इंजेक्शंस के चालान ने देश से ब्रह्मचर्य की शक्ति छीन ली है लेकिन गुरु जी मानते हैं कि हालात को दोष देने से नहीं संभालने से काम बनेगा। उनका मानना है कि ये तभी संभव है जब युवाओं के माता पिता अपनी जिम्मेदारी से मुंह न मोड़ें बल्कि

बच्चों संग स्वयं आकर उन्हें मोक्षायतन को सौंपे !

आज की पीढ़ी के बहुत कम लोग जानते होंगे कि जाने माने योग गुरु पद्मश्री स्वामी भारत भूषण बॉडीबिल्डिंग के पहले शाकाहारी राष्ट्रीय चैंपियन और अर्जुन श्री, प्रताप श्री ऑफ इंडिया, दिल्ली श्री, मांसपेशी श्री, उत्तरप्रदेश श्री, हिमालय श्री, द आयरन मैन, हरियाणा श्री, मोस्ट मस्कुलर मैन ऑफपंजाब आदि अनेक खिताब जीतने वाले बॉडी बिल्डर और योग विशेषज्ञ हैं जिन्होंने युवाओं को सिर्फकसरत न सिखाकर उनके जीवन को संतुलित विकास व संस्कार दिया है।

पशु आरोग्य मेले का आयोजन

● - गर्मी में करें पशुओं की उचित देखभाल, दें संतुलित आहारः डा.के.के.सिंह

स्वतंत्र प्रभात

सहारनपुर। सरदार बल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय एवं पशुपालन विभाग द्वारा इफ्को टोकियो जनरल इंश्योरेंश लिमिटेड के सौजन्य से वित्तपोषित परियोजना के माध्यम से ग्राम रूपडी गुर्जर में पशु आरोग्य मेले का आयोजन कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डा0के0के0 सिंह के कुशल मार्गदर्शन में किया गया। सरदार बल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता डा. राजीव सिंह ने कहा कि चिलचिलाती गर्मी, तेज धूल भरी आंधी और बढता तापमान पशुओं में बुखार, निर्जलीकरण, शरीर में लवण की कमी का कारण बन सकता है। परियोजना के पथ प्रदर्शक डा. राजबीर सिंह ने बताया कि पशुओं को गर्मियों कि दोपहर की तेज, गर्म और शुष्क हवाओं (लू) से बचाकर ही दुग्ध उत्पादन सही रखा जा सकता है।

मेडिसन विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. अमित वर्मा ने कहा कि पशुओं में आवश्यक शारीरिक लवणों की हानि से बचने के लिए किसान 50 ग्राम नमक का मिश्रण चारे और पानी में मिलाकर अवश्य दे और डेयरी पशुओं को संतुलित आहार दें ताकि उनकी दुग्ध उत्पादन क्षमता बढे। शिविर में मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा एम.पीसिंह गौर, डा.के.के. नागर, डा. सुबोध गोयल, डा0अमित वर्मा, डा0अरविन्द सिंह, डा. अजीत कुमार सिंह, डा0विकास जायसवाल, डा. आशुतोष त्रिपाठी, डा. विष्णु राय तथा श्री अमन पशुधन प्रसार अधिकारी ने 124 पशुओं की जाँच कर निःशुल्क दवाओं का वितरण किया। ग्राम प्रधान श्री इलम सिंह ने शिविर के सफल आयोजन हेतु विशेष सहयोग प्रदान किया।

आर्थिक रूप से कमजोर अभ्यर्थियों को अप्रेन्टिसशिप में रखे जाने मे दी जाए वरीयताः मण्डलायुक्त

सहारनपुर। मण्डलायुक्त डॉक्टर हृषिकेश भास्कर यशोद की अध्यक्षता उनके कार्यालय सभागार में शिक्षुता प्रशिक्षण योजना की मण्डल स्तरीय संमीक्षा बैठक आहूत हुई। बैठक में अवगत कराया कि अप्रेन्टिसशिप पोर्टल पर सहारनपुर मण्डल में जनपद-सहारनपुर में 265, जनपद-मुजफ्फरनगर में 155 एवं जनपद-शामली में 42 कुल-462 अधिष्ठान पंजीकृत है। जिनमें से 113 अधिष्ठान अपने यहाँ अप्रेन्टिसशिप को नियोजित कर रहे है। जिनमें कुल 629 अप्रेन्टिसशिप प्रशिक्षार्थी ट्रेनिंग प्राप्त कर रहे है। मण्डलायुक्त द्वारा समस्त जिला उपायुक्त उद्योग को निर्देश दिये गये कि शेष 349 अधिष्ठानों को आगामी 15 दिवसों के अन्दर कियाशील किया जाये एवं उनमें सीट कियेट कराते हुए अप्रेन्टिशिप प्रशिक्षार्थियों की ट्रेनिंग प्रारम्भ करायी जाये। उन्होने यह भी निर्देश दिये कि आई0टी0आई0 पास अभ्यर्थियों की उचित काउंसलिंग की जाय एवं गरीब अभ्यर्थियों को अप्रेन्टिसशिप में रखे जाने मे वरीयता दी जाए। बैठक में संयुक्त निदेशक (प्रशि./शिक्षु.) श्री आशीष दुबे, संयुक्त आयुक्त उद्योग श्रीमती अंजू रानी, उपायुक्त उद्योग, श्रमायुक्त एवं तीनों जनपदों के नोडल प्रधानाचार्य रा.आई.टी.आई. उपस्थित रहें।

नृत्य प्रतियोगिता में बच्चो ने किया अद्भुत नृत्य कला का प्रदर्शन

स्वतंत्र प्रभात

सहारनपुर। अन्तर्विद्यालय नृत्य प्रतियोगिता मे प्रतिभाग कर रहे बच्चो ने शानदार प्रदर्शन कर अपनी कला का जलवा बिखरा। सहारनपुर के पाइनवुड विद्यालय के सभागार में स्व. श्रीमती रोमोला तालिबुद्दीन की स्मृति में अन्तर्विद्यालय नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें लॉर्ड महावीरा एकेडमी, प्रज्ञान- स्थली, एथीनिया हाई स्कूल, के. एल. जी पब्लिक स्कूल, डी. ए.वी. पब्लिक स्कूल, सरस्वती विहार सी.सै. स्कूल, स्प्रिंग बैल्स स्कूल, रेनबो स्कूल, सेंट मेरीज़ एकेडमी, सेंट मेरीज़ स्कूल व पाइनवुड स्कूल नें भाग लिया । इस प्रतियोगिता का शुभारंभ विशिष्ट अतिथि नर्गिस मलिक, निर्णायक मंडल से शारदा ध्यानी, वीना शर्मा, योगिता शर्मा झींगरन, विद्यालय निदेशिका संतोष गुप्ता व प्रधानाचार्य डॉ. संजीव जैन ने दीप प्रज्ज्वलन से किया। इस प्रतियोगिता में सभी प्रतिभागियों ने अपनी अद्भुत नृत्य कला का प्रदर्शन कर खूब तालियाँ बटोरी। इस नृत्य प्रतियोगिता में अद्भुत नृत्य प्रदर्शन कर पाइनवुड स्कूल ने प्रथम, लॉर्ड महावीरा एकेडमी ने द्वितीय, प्रज्ञान स्थली ने तृतीय व सेंट मेरीज़ एकेडमी ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। विजेता विद्यालय के छात्रों को ट्रॉफी व सर्टिफिकेट से सम्मानित किया गया। क्योंकि मेजबान विद्यालय ट्रॉफी नही रख सकता इसलिए ट्रॉफी लॉर्ड महावीरा एकेडमी को सौंप दी गई। प्रतियोगिता के अंत में

निर्णायक मंडल के सदस्यों ने सभी प्रतिभागियों के अत्युत्तम प्रदर्शन की सराहना करते हुए सबका उत्साहवर्धन किया व उनके साथ उनके नृत्य प्रशिक्षकों की भी सराहना की निर्णायक मंडल के सदस्यों को स्कूक की निदेशिका व प्रधानाचार्य द्वारा सम्मानित भी किया गया। प्रतियोगिता का संचालन रिद्धिमा, सुशेन, महकप्रीत व लवित ने किया।

संक्षिप्त खबरें

सरकार की सख्ती के बाद भी क्षेत्र में बड़ी तादाद में चल रहा खनन

असोहा (उन्नाव)। योगी की इतनी सख्त सरकार और खनन पर भारी रोक, आखिर पुरवा तहसील क्षेत्र में बड़े स्तर पर धरती माता की कोख को छलनी करने का आदेश तथा यह अवैध काम किसकी शह पर हो रहा है, क्या तहसील प्रशासन तथा वहां बैठे आलाधिकारी खनन माफिआओ के आगे नतमस्तक हो गये है,या फिर उनके ओवर इन्कम का कमाल है।

आखिर पुरवा तहसील क्षेत्र में इतने बड़े स्तर पर खनन का मकसद भी क्या है असोहा थाना क्षेत्र के गांव कांथा, नर्सिंगपुर, चन्दनखेड़ा सेमरी, नदी पार चिलौली आदि में खनन का काम बहुत लम्बे समय से हो रहा है, जो आज भी जारी है। आखिर पुरवा तहसील प्रशासन इन खनन माफिआओं पर कार्रवाही क्यो नही करता है,गौर कराते चले की उपरोक्त गांवों में किसानों की जमीनों को छोड़ो ग्राम समाज की भूमि को भी इन खनन माफिआओं ने खोदवा कर तालाब बना डाला और किसानों की भूमि जिसका खनन लाइसेंस बताते हैं उसमें दो फुट जमीन खोदने का परमिट है और खोद रहे हैं छह फुट से आठ फुट तक। फिलहाल पुरवा तहसील के असोहा तथा सोहरामऊ थाना क्षेत्रों में खनन का अवैध कार्य बहुत बड़ी संख्या में बराबर चल रहा है।

पुरानी रंजिश के चलते युवक को बेल्टों से बुरी मारपीट कर किया लहुलुहान, मामला दर्ज

राठ। पुरानी रंजिश में एक युवक को ने लात घुसों, बेल्टों से बुरी तरह मारपीट कर घायल कर दिया। घटना का वीडियो वायरल सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। कस्बे के दीवानपुरा मोहल्ला निवासी दीपक पुत्र प्रमोद कुमार ने बताया कि वह शुक्रवार रात बाराखंबा चौराहा स्थित बीज गोदाम के पास बैठा था। तभी एक युवक ने गाली गलौज करते हुए लात घुसो और बेल्टों से मारपीट कर दी। दीपक ने आरोप लगाया कि आरोपी की मारपीट से उसका सिर फूट गया है। जिसमें 6-7 टांके लगाए गए हैं। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। युवक की मारपीट का वीडियो वायरल हो रहा है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक उमेश कुमार सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। युवक का मेडिकल परीक्षण कराया गया है।

मार्ग दुर्घटना में पांच लोग हुए घायल

बांगरमऊ (उन्नाव)। कोतवाली क्षेत्र में दो अलग-अलग मार्गों पर दुर्घटनाओं में पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। एक घायल की हालत नाजुक होने के चलते उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया। ग्राम शीतल गंज निवासी जितेंद्र 26 वर्ष पुत्र सुबेदार आज शनिवार को ई-रिक्शा में बैठकर बांगरमऊ आ रहा था। रास्ते में संडीला मार्ग स्थित तहसील कार्यालय गेट के निकट अचानक ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में ई-रिक्शा पर बैठा जितेन्द्र गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंचे परिजन आनन-फानन उसे यहां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाए। जहां चिकित्सकों ने हालत नाजुक देखकर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। एक अन्य दुर्घटना में दिनेश शर्मा पुत्र विनोद कुमार निवासी ग्राम गौरा, उज्जवल गुप्ता पुत्र आनंद गुप्ता निवासी संडीला रोड, मंजीत कुमार पुत्र गंगा चरन निवासी ग्राम केसरी पुरवा व संदीप पुत्र बाबूलाल निवासी ग्राम ईसेपुर भी गंभीर रूप से घायल हुए हैं। घायलों का इलाज सरकारी अस्पताल में जारी है।

आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे बना दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्र

बांगरमऊ। कोतवाली क्षेत्र में आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे पर तेज रफ्तार कार ट्रक के पीछे जा घुसी। हादसे में कार सवार एक ही परिवार के तीन यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र द्वारा घायलों में से एक महिला को नाजुक हालत में जिला अस्पताल रेफर किया गया है। दिल्ली के स्वरूप नगर इंद्रप्रस्थ कालोनी ब्लॉक बी गली नं 17 निवासी रामकिशोर 57 वर्ष पुत्र देवीदीन अपनी पत्नी मीना 50 वर्ष और अपने छोटे भाई रामप्रताप 45 के साथ कार से रायबरेली गए थे। वापस अपने घर दिल्ली लौटते समय आज शनिवार को आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे पर ग्राम बहलोल पुर के सामने तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर आगे चल रहे ट्रक के पीछे घुस गई। हादसे में कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और तीनों कार सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची यूपीडा रेस्क्यू टीम ने आनन-फानन कार के अंदर फंसे तीनों यात्रियों को बाहर निकाला और एंबुलेंस के जरिए यहां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा। जहां चिकित्सकों ने घायल महिला मीना की हालत नाजुक देखकर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जबकि दो घायलों का इलाज सरकारी अस्पताल में ही जारी है।

छात्रो के दो पक्षो में हुई जमकर मारपीट

सहारनपुर। स्कूल के छात्रो मे आपसी कहासुनी मे हुई मारपीट मे घायल छात्रो को जिला अस्पताल मे भर्ती कराया। मारपीट की घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जानकारी प्राप्त कर जांच मे जुट गई। थाना कुतुबशेर क्षेत्र अंतर्गत मिंगलानी बिल्डिंग के पास खालसा पब्लिक स्कूल के छात्रो के दो पक्षो मे आपसी कहासुनी के चलते मारपीट हो गई। जिसमें छात्रों द्वारा एक दूसरे पर जानलेवा हमला किया गया। मारपीट की घटना में दो बच्चो को चोटें आई हैं। आनन फानन में सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे परिजनों एवं थाना कुतुबशेर पुलिस ने दोनों घायल छात्रों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। मारपीट की घटना को लेकर सहारनपुर के एसपी सिटी अभिमन्यू मांगलिक ने बताया कि थाना कुतबशेर के अन्तर्गत एक ही सुमदाय के दो पक्षो के छात्रो मे मारपीट की घटना हुई है। मारपीट की घटना मे कया बात है किस बात को लेकर झगडा हुआ था उसकी पूछताछ की जा रही है। मामले को लेकर पुलिस के द्वारा जांच की जा रही है। जो इसमे संलिप्त है उनकी तलाश की जा रही है।

हारे का सहारा खाटूरामः कालेन्द्रानंद

सहारनपुर। महासंक्ति पीठ वैष्णवी महाकाली मंदिर से चमत्कारी श्री खाटू श्याम मंदिर के वार्षिक उत्सव उपलक्ष में निकल जा रही खाटू श्याम पाल के अवसर पर स्वामी कालेंद्रानंद जी महाराज ने कहा खाटूश्याम हारे हुए का सहारा बनता है। श्री रामकृष्ण विवेकानंद संस्थान के प्रधान में आयोजित श्री खाटू श्याम पाल की यात्रा आज गोपाल नगर से प्रारंभ होकर रमेश कैंप अमरदीप कॉलोनी गोविंदपुरी जनता रोड स्थित हरेली में जाकर खाटू श्याम पालकी का विश्राम हुआ खाटू श्याम पाल की को उत्साह से लोगों ने नृत्य करके और पुरुषों की वर्षा करके स्वागत किया। खाटू श्याम पाल की अवसर पर स्वामी कलेंद्रानंद जी महाराज ने कहा खाटू श्याम की पूजा करने वाला निरंतर जन कल्याण के आधार पर अपने जीवन को सेवा में समर्पित करता है अपने आपको श्याम प्रेमी की तरह सेवारत रखता है खाटू श्याम की पूजा कलयुग में फलदाई है और जीवन का कल्याण करने वाली है इस अवसर पर गुलशन दुआ राजा भाटिया सनी बजाज पुनीत सुखीजा अनिल नारंग विकास वाधवा सनी तनेजा वीरेंद्र धीमान कार्तिक सैनी पवन धीमान अनूप दीवान संजय राणा रविंद्र पांचाल आशा किरण अंजना बबली लालटेश गीता सरोज कमलेश रेखा पूनम आदि रहे। थापर इंस्टीट्यूट ने बड़े पैमाने पर लोगों तक पहुंचने और उन्हें विज्ञान में रुचि बनाए रखने के लिए तथा रोजगार संबंधी जानकारी प्रदान करने के उद्देश्य की गतिविधियां शुरू की हैं।

हज यात्रियों के टीकाकरण के लिए 7 मई को लगेगा विशेष कैम्प

सहारनपुर। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ.संजीव मांगलिक ने बताया कि हज पर जाने वाले हज यात्रियों के टीकाकरण के लिए 07 मई 2024 को एस0बी0डी0 जिला चिकित्सालय परिसर,

टी0बी0 सेनेटोरियम हॉल पर प्रातः 10:30 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक विशेष कैम्प का आयोजन किया जायेगा। जो व्यक्ति विशेष टीकाकरण से छूट गये है वो निर्धारित समय एवं स्थान पर समस्त कागजात लेकर टीकाकरण करा लें।

सूचना

मैं रामपती पत्नी चंद्रशेखर निवासिनी 74 रुदवारा अर्जुना मऊ जिला उन्नाव घोषणा करती हूं कि रामपती और शिव कुमारी ये दोनो नाम मेरे ही है मैंने एक LIC की पॉलिसी कराई थी जिसकी पॉलिसी संख्या Z14311301 है यह पॉलिसी शिव कुमारी के नाम से है आधार कार्ड में मेरा नाम रामपती लिखा है उक्त दोनों नाम मेरे ही है अतः इन दोनों नाम को मेरे ही नाम से जाना व पहचान जाए।

संक्षिप्त ख़बरें

भाजपा के समर्थन में चिराग पासवान की लोक जन शक्ति पार्टी उतरी मैदान में

लखीमपुर शनिवार को चिराग पासवान के नेतृत्व वाली लोक जन शक्ति पार्टी [रामविलास के जिला अध्यक्ष जगेश कुमार राज ने भाजपा व लोजपा गठबंधन के नाते जिले के लोजपा पदाअधिकारीयों को निर्देश देकर भाजपा के प्रत्याशीयो को भारी मतो से जीताने की अपील की जगेश कुमार राज ने बताया कि 28 खीरी लोक सभा से भाजपा प्रत्याशी भारत वर्ष के ग्रह राज्य मंत्री अजय कुमार मित्र टेनी है व 29 धौरहरा लोकसभा से चुनाव लड़ रही भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्याक्ष रेखा वर्ष को भारी मतों विजयी बनायें दलित, शोशित, मजदूर, किसानो की बदोलत जिले की भाजपा की दोनो सिटे जीत रही है जनपद खीरी के दोनो भाजपा सांसदो जिले का चौहमुखी विकास किया है जिले भर के लोक जन शक्ति पार्टी [रामविलास] के कार्यकर्ता डोर टू डोर वोट मांग रही है।

अवैध तमंचे के साथ एक युवक गिरफ्तार।

गोला गोकर्णनाथ-खीरी। थाना हैदराबाद पुलिस ने एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर उसके पास से एक अदद अवैध देसी तमंचा 315 बोर एक अदद जिंदा कारतूस 15 बोर बरामद किया है। अभियुक्त के खिलाफ आर्म्स एक्ट में मुकदमा पंजीकृत कर न्यायालय भेजा गया।

उपनिरीक्षक जेपी यादव, मय हमराही कांस्टेबल , अकित कुमार,सिकन्दर यादव, को किसी मुखबिर ने सूचना दी सूचना पर ग्राम छिछोना शहाबुद्दीन पुर मोड के पास एक संदिग्ध व्यक्ति को रोकने का प्रयास किया तो वह भागने लगा जिसे दौड़ा कर पकड़ लिया गया पूछताछ में उस ने अपना नाम दिग्विजय पुत्र स्व मूलचन्द निवासी ग्राम छिछोना थाना हैदराबाद बताया है जिस की जामा तलाशी लेने पर एक अदद अवैध देशी तंमचा 315 बोर एक अदद जिन्दा कारतूस 15 बोर बरामद कर आर्मस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की गई।

उच्च शिक्षा और रोजगार पर ध्यान दें सभी नेता,अतुल वर्मा जिला उपाध्यक्ष कुर्मी युवा महासंघ।

गोला गोकर्णनाथ खीरी। लोकसभा चुनाव को लेकर जनता काफी उत्साह में हैं। सांसद चुनने का मौका 5 साल बाद ही मिलता हैं। क्षेत्र में मुद्दों की भरमार हैं। हम युवाओं के अपने अलग मुद्दे व एजेंडे हैं। हम लोगों का उच्च शिक्षा व नौकरी, रोजगार युवाओं का अहम् मुद्दा हैं। इसलिए जनता से निवेदन हैं। ध्यान में रखकर वोट करें। क्षेत्र में शिक्षा के स्तर को उठाने के लिए राजकीय डिग्री कॉलेज व आई. टी. आई ,फार्मीसी व मेडिकल जैसे कॉलेजों का निर्माण कराया जा सकें। जिससे युवाओं को रोजगार परक शिक्षा मिल सकें और व अपना भविष्य बेहतर बना सकें। इसके साथ ही उनको नौकरी मिलने का रास्ता भी मिल सकें। क्षेत्र में उद्योग धन्धे लगाए जाएँ। जिससे युवाओं को रोजगार मिल सकें। युवाओं को स्थाई रोजगार की दरकार मिल सकें। साथ-साथ में हमारे सभी किसान भाइयों का भी ध्यान रखा जाए। हर क्षेत्र में विकास किया जाये।

सरकारी काम मे बाधा पहुचाने व मारपीट के चलते दो लोगो पर मुकदमा कायम।

गोला गोकर्णनाथ खीरी। गोला प्राथमिक स्वास्थ केंद्र प्रभारी श्री गणेश कुमार अधीक्षक सीएचसी गोला खीरी ने कोतवाली गोला मे मुकदमा पंजीकृत कराकर यह बताया है कि विपक्षीगणो द्वारा सरकारी कार्य में बाधा डालते हुये प्रार्थी व उसके साथी को गाली गलौज करना व मारपीट करना तथा जान से मारने की धमकी देते हुए अभिलेख फाड़ देने के सम्बन्ध में गोला कोतवाली पर मुकदमा पंजीकृत कराया है। वही प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना कोतवाली गोला मे मु0अ0स0 350/ 2024 धारा 353/ 332/ 323/ 504/506 /427 भादवि विरूद्ध 1 मनोज श्रीवास्तव व 2.मनुज वाजपेयी निवासीगण अज्ञात ऐव? दो व्यक्ति नाम पता अज्ञात पंजीकृत किया गया। जिसकी विवेचना गोला उपनिरीक्षक गोला कस्बा चौकी इंचार्ज सुनील कुमार सिंह द्वारा को दी गयी है। अतिशीघ्र ही विवेचना का गुण व दोष के आधार पर विधिक निस्तारण किया जायेगा।

प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना में अवैध वसूली खेल बदस्तूर जारी

● कार्यवाही के नाम पर की जाती है लीपापोती

अपर जिला अधिकारी के आदेश का मखौल उड़ा रहे परियोजना अधिकारी डूडा

परियोजना अधिकारी डॉक्टर अजय कुमार सिंह साहब नहीं उठाते हैं फोन

साहब के रसूख के आगे विभागीय व जिला प्रशासन के अधिकारी भी हैं नतमस्तक



स्वतंत्र प्रभात

लखीमपुर खीरी भले ही योगी और मोदी भ्रष्टाचार के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करने और इसके समूल सफाया की बड़ी-बड़ी बातें करते हुए दिखाई पड़ रहे हैं ।और भ्रष्टाचारियों को बक्सा नहीं जाएगा की बात करते हैं। पर जनपद खीरी में नगरीय विकास अभिकरण के अंतर्गत चलाई जा रही पीएम शहरी आवास योजना में भ्रष्टाचार की गंगा बहती देखी जा सकती है। यहां इस योजना में दलालों का साम्राज्य इस कदर हाबी है कि पीएम आवास के नाम पर जमकर प्रति आवास 20000 से 30000 रुपए के हिसाब से अवैध वसूली का खेल चल रहा है। और अवैध वसूली किए हुए धन पी ओ डी सी और सर्वेयरों में बांटे? जाने का मामला प्रकाश में आया है ।लेकिन परियोजना अधिकारी डूडा सब कुछ जानने के बावजूद मौन साधे बैठे हैं।

फिर निकला पीएम आवास योजना में 35000 वसूले जाने का जिन्न

प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना में अवैध वसूली किए जाने एक दूसरा मामला सुर्खियां बनता दिखाई पड़ रहा है। पीएम आवास योजना में फैले भ्रष्टाचार की पोल खोल रहा है यह मामला विभाग से जुड़े सूत्र ने नाम न छापने की शर्त पर बताएं अनुसार डीपीआर 1251 और 453 डीपीआर जो वर्तमान परियोजना अधिकारी के कार्यकाल की ही है। इनमें आवास लाभार्थी गीता चौरसिया निवासी शिव कॉलोनी से आवास दिलाने के नाम पर ?35000 एक दलाल द्वारा वसूले जाने का मामला प्रकाश में आया है। यहां पर भी डूडा में कार्य संलग्न कर्मी द्वारा पोषित कथित दलाल द्वारा वसूल लिए गए रुपए। उक्त लाभार्थी गीता चौरसिया निवासी शिव कॉलोनी से की गई अवैध वसूली पर एक नजर डालें तो दलाल और सर्वेयर सहित डूडा के ऑफिस में पीएम आवास कार्य में संलग्न व्यक्ति का नाम चर्चा का विषय बना है। जिसका खुलासा शीघ्र करके पर्दाफाश किया जाएगा ।ऐसे कई अन्य केसहैं जिन पर पर्दा डाला जा रहा है और जानबूझकर मामले की जांचो को दबाकर दोषियों को बचाने का प्रयास स्वयं परियोजना अधिकारी डूडा द्वारा किया जा रहा है। ऐसा जानकार सूत्रों का कहना है।

तीन-तीन फर्जी जियो टैग कर कर बगैर आवास बनवाए आवासों का पैसा निकाल कर बंदरबाट करने वालों पर कब होगी कार्यवाही--अहम सवाल

पीएम शहरी आवास योजना के अंतर्गत कई आवास ऐसे हैं जिनका पैसा तीनों जियोटेक फर्जी दिखाकर गत वर्षो पूर्व में निकाल कर सीएलटीसी रहे विकास श्रीवास्तव, डीसी रहे अभिषेक मिश्रा व लाभार्थी पांडे बंधु व दो महिला लाभार्थी ने मिल बाटकर हजम कर लिए आवास के पैसे।और आज तक किसी का आवास ही नहीं बना है। उक्त के संबंध में शिकायतकर्ता द्वारा लिखित शिकायतें भी की गई लेकिन आज तक कोई कार्यवाही नहीं की गई। शिकायत दर शिकायत के बावजूद आज तक कोई कार्यवाही व जांच न किया जाना परियोजना अधिकारी डूडा डॉक्टर अजय कुमार सिंह की नियत व नीति पर सवाल खड़े करने को काफी है। उपरोक्त प्रकरण पर साहब यह कहते हुए बचने का प्रयास करते हैं कि यह मामला मेरे कार्यकाल का नहीं है। लेकिन जांच करवाने और जांच में दोषी पाए जाने पर दोषियों के विरुद्ध कार्यवाही करने का दायित्व तो महोदय का ही है। यह क्यों भूल जाते हैं वर्तमान में परियोजना अधिकारी आप ही हैं ।आप अपनी जिम्मेदारी से मुंह नहीं मोड सकते। इसके बावजूद आज तक किस मजबूरी बस मामले में कार्यवाही करने से कतरा रहे हैं जनाब ।जब कभी उक्त मामले पर जानकारी लेने का प्रयास किया जाता है तब साहब का फोन उठाता ही नहीं ऐसे में कैसे होगी खबर पूरी।

डिप्टी सीएम तक शिकायत जाने के बाद भी डीसी विनय श्रीवास्तव पर नहीं हुई कार्यवाही

जनपद की नवीन नगर पंचायत भीरा में प्रधानमंत्री शहरी आवासों में की गई अवैध वसूली और दलालों के बढ़ते साम्राज्य से आहत कई नवनिर्वाचित वार्ड मेंबरों ने लिखित शिकायत उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक से कर मामले की निष्पक्ष जांच करा कर दोषी लोगों के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की थी। डिप्टी सीएम को दी गई शिकायत में वार्ड मेंबरों ने डीसी अरिनेम कंपनी विनय श्रीवास्तव पर आवास के नाम पर ?30000 की अवैध वसूली के आरोप लगाने के साथ ही साथ पहली किस्त लाभार्थी को मिलने के बाद ?30000 रिश्वत न देने वाले लाभार्थियों की दूसरी किस्त रोक देने के गंभीर आरोप भी लगाए थे। लेकिन साहब की मनमानी के आगे डिप्टी सीएम के आदेश हवा हवाई ही साबित हो रहे हैं। मामले में कार्यवाही की कौन कहे आज तक जांच कराना तक उचित नहीं समझा जा रहा है ।यदि जिला अधिकारी खीरी करवायें जांच तो भारी भ्रष्टाचार का खुलासा होना होगा तय और डीसी विनय श्रीवास्तव पर भी गिर सकती है कार्यवाही की गाज। इस संबंध में जब परियोजना अधिकारी डूडा से संपर्क करने का प्रयास किया गया तो उनसे संपर्क ना हो पाने के चलते उनके पक्ष की जानकारी नहीं हो सकी।

एक शादी की तलाक़ दूसरी शादी के बाद तीसरी लड़की का अश्लील वीडियो बना खेला गंदा खेल

स्वतंत्र प्रभात

लखीमपुर खीरी। शातिर दिमाग वहशी ने अपनी हवस के लिए एक कुंवारी लड़की की जिंदगी के साथ ऐसा गदा खेल खेला की रोंगटे खड़े हो जाएं पुलिस अधीक्षक को दिए शिकायती पत्र मे ग्राम पंचायत बालूडीहा गांव दलालनपुरवा पोस्ट एव चौकी महेवागंज कोतवाली सदर लखीमपुर खीरी की रहने वाली पीड़िता ने बताया एक वर्ष पहले अफसर पुत्र गुलाम हुसैन ग्राम लकहा पीड़िता को कुंवारे पन में पूरी तरह से अपने मोह जाल में फांसा कर पीड़िता का अश्लील वीडियो बना कर सोशल मीडिया में वायरल कर देने की धमकी दे और पीड़िता का आधार अपने कब्जे में लेकर पीड़िता की इच्छा के विरुद्ध शारीरिक संबंध बना ब्लेकमेल करता रहा आधार कार्ड मांगने पर गालियां देना क्या करोगी कह पीड़िता को धमकाता रहा इसी बीच

पीड़िता का विवाह फूलबहेड़ के ग्राम बन्नी से परिजनों ने तय कर दिया जिसकी जानकारी पीड़िता ने अफसर को दी अफसर ने कहा शादी कर लो उसके बाद शादी तुड़वाकर पीड़िता से विवाह कर लेगा पीड़िता ने शादी करने से इंकार किया तो अफसर आक्रोशित होते हुए कहा मैंने दो शादी की पहली बीवी से दो बच्चे हैं उसे तलाक़ दे दिया तथा

दूसरी बीबी से भी दो बच्चे हैं। और तुम शादी कर लो शादी तुड़वाकर मैं शादी कर लूंगा कुंवारी लड़की से शादी करने से मैं फंस जाऊंगा पीड़िता शातिर प्रेमी अफसर की बातो में आ गयी और इस शर्त पर विवाह साजिद पुत्र लतीफ ग्राम बन्नी , चौकी महेवागंज कोतवाली सदर लखीमपुर-खीरी से किया की शारीरिक संबंध नहीं बनाएगी

एक वर्ष तक अफसर इसी तरह से पीडिता को मूर्ख बना मायके और अपने स्थान पर ले जाकर हवस मिटाता रहा उसके बाद शातिर प्रेमी अफसर ने शाजिद के चाचा ननक्के के ऊपर झूठे आरोप लगाकर पीड़िता को बदनाम कर शादी तुड़वा और प्रार्थिनी का दूसरा विवाह सिर्फ नाम वि दिखावे के तौर पर अपने साले सुहेल पुत्र अली हुसैन ग्राम सेमरा थाना पढुवा तहसील निघासन लखीमपुर खीरी से कराकर पीड़िता को बीबी बनाकर रखा पीड़िता का प्रेमी जो नंददोई बन चुका था अफसर पीड़िता को मायके ले जाता और फिर लेने आता सारा खर्च उठाता पीड़िता को अफसर ने पति से सम्बंध बनाने नहीं दिया और खुद शारिरिक संबंध बनाता बच्चा होने की संभावना होने पर दवा दें सब नार्मल कर देता पीड़िता जब प्रेमी से बच्चे की इच्छा जाहिर करती तो अफसर ब्लेकमेल करता और पीड़िता से कहता तुझे समाज में रंडी बना दूंगा और सब तेरे ऊपर थूकेंगे किसी लायक़ नहीं छोड़ेंगे

घटना दिनांक 29-4-2024 को अफसर पीड़िता को मायके, दलालनपुरवा चौकी महेवागंज लेकर आया खूब समझाया कहा की शांत रहो अफसर पीड़िता के मायके



रूका और शारिरिक संबंध बनाते हुए परिजनों ने देख लिया और काफी बवाल हुआ तब पीड़िता ने घर वालों को सच्चाई बताई भय में प्रेमी नन्दोई अफसर की पत्नी रेशमा ने अफसर को महाराष्ट्र भेज दिया और नंद रेशमा खुली चुनौती दे रही है।की पीड़िता व उसके पूरे परिवार को फंसा देगी दो बच्चों के साथ ज़हर खा लेगी एफआईआर दर्ज कराकर पीड़िता व उसके पूरे परिवार को जेल में सड़वा देंगी शातिर प्रेमी अफसर व उसकी पत्नी रेशमा ने पीड़िता के साथ ऐसा किया पीड़िता न घर की रही न घाट की न प्रेमी अपना रहा न मायके वाले भूखी प्यासी पीड़िता न्याय के लिए दर दर भटक रही पीड़िता का कहना मैं चरित्रहीन नहीं मेरी जिंदगी को बर्बाद करने वाला चाल पर चाल चल रहा और मुझे ऐसा फांसा शिलाएं मौत के अब दूसरा रास्ता नहीं।

पत्नी ने ही अपने प्रेमी के साथ मिलकर गला दबाकर की थी अपने पति की हत्या हुआ बड़ा खुलासा

स्वतंत्र प्रभात

लखीमपुर खीरी जनपद के धौरहरा कोतवाली पुलिस द्वारा दिनांक 3/0/4/24 की रात्रि में थाना धौरहरा क्षेत्रान्तर्गत ग्राम रानीपुरवा मजरा हौकना मटेरा में घनश्याम पुत्र जैराम निषाद की हत्या कर दी गई थी। जिसके संबंध में मृतक के भाई की तहरीर के आधार पर पंजीकृत मुकदमा अपराध संख्या 230/24 धारा 302 भादवि की घटना का सफल अनावरण करते हुए वांछित अभियुक्ता संगीता मृतक की पत्नी को ग्राम रानीपुरवा रामनगर लहबड़ी मोड़ से धौरहरा कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार करते हुए जेल भेज दिया गया है। पुलिस की पूछ ताछ में अभियुक्ता संगीता द्वारा

अपना जुर्म इकबाल करते हुए बताया कि में अपने प्रेमी अर्जुन के साथ मिलकर अपने पति घनश्याम की गला दबाकर हत्या कर दी थी। धौरहरा कोतवाली प्रभारी निरीक्षक दिनेश सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि संगीता के प्रेमी अर्जुन अभी फरार चल रहा है जिसकी तलाश में पुलिस टीम लगी हुई है जल्द ही उपरोक्त की गिरफ्तारी भी कर ली जाएगी जिसके प्रयास पुलिस टीम द्वारा किए जा रहे है।गिरफ्तार अभियुक्ता का विवरण। संगीता पत्नी स्व0 घनश्याम निषाद नि0 ग्राम रानीपुरवा मजरा हौकना मटेरा थाना धौरहरा जनपद खीरी।गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम। 1- धौरहरा कोतवाली प्रभारी निरीक्षक दिनेश सिंह। कांस्टेबल इमरान अली। महिला कांस्टेबल नीलम पाल धौरहरा कोतवाली जनपद खीरी।

विद्या निकेतन के प्रदेश व जनपद में स्थान प्राप्त करने वाले छात्र /छात्रायें सम्मानित।

स्वतंत्र प्रभात

गोला गोकर्णनाथ खीरी। शनिवार को स्थानीय विद्यालय वि0कु0स्मा0 सरस्वती विद्या निकेतन इण्टर कॉलेज, गोला गोकर्णनाथ खीरी के प्रदेश व जनपद में स्थान प्राप्त करने वाले 7 विद्यार्थियों को सम्मानित गया।

इण्टरमीडिएट में छात्रा स्मृति सिंह ने 97त्न अंक प्राप्त कर प्रदेश की मेरिट में पांचवा स्थान प्राप्त किया, एवं जनपद में प्रथम स्थान प्राप्त किया ।स्मृति सिंह को चाँदी का मुकुट ,चाँदी का मेडल एवं माला पहना कर सम्मानित किया गया। छात्रा वैष्णवी गुप्ता ने 95.40त्न एवं अनुष्का वर्मा 93.80त्न ने अंक प्राप्त कर जनपद की इण्टरमीडिएट टॉप टेन सूची की क्रमशः पंचम एवं दशम स्थान प्राप्त किया। वैष्णवी गुप्ता को उपहार ,चाँदी का मेडल एवं माला पहना कर सम्मानित किया गया।

अनुष्का वर्मा की अनुपस्थिति में उनके पिता को चाँदी का मेडल एवं माला पहना कर सम्मानित किया गया । ज्ञात हो कि स्मृति सिंह, अनुष्का वर्मा एवं वैष्णवी गुप्ता ने हाई स्कूल 2022 परीक्षा में जनपद में क्रमशः द्वितीय चतुर्थ एवं षष्ठ स्थान प्राप्त किया था ।हाईस्कूल में विद्यालय की 4 छात्राओं नैंसी वर्मा 95.16त्न ,तनु सिंह चौहान 94.50त्न ,रिया वर्मा 94.33त्न एवं प्रज्ञा राज ने 94.00त्न अंक प्राप्त कर क्रमशः जनपद में चतुर्थ,सप्तम , अष्टम एवं दशम स्थान प्राप्त किया । इन सभी छात्राओं को उपहार,चाँदी का मेडल एवं माला पहना कर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य महेन्द्र कुमार त्रिपाठी एवं बालिका विभाग की प्राचार्या श्रीमती मधु त्रिपाठी ने सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुये उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की ।

भाजपा प्रत्याशी अजय मिश्रा टैनी के पक्ष में जुगुल किशोर ने की जन सभा

स्वतंत्र प्रभात

मितौली खीरी। 28 खीरी लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी सांसद/ केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्र टेनी को भारी मतों से विजई बनाने के संकल्प को लेकर भाजपा प्रदेश प्रवक्ता पूर्व राज्यसभा सांसद जुगल किशोर ने खीरी लोकसभा की गोला गोकरन नाथ छोटी काशी विधानसभा में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा भारतीय जनता पार्टी की कथनी और करनी में कोई अंतर नहीं है गरीबों दलितों-पिछड़ों सोसित और सर्व समाज के लोगों का चिंतन भाजपा ही करती है एक वोट की कीमत समझे और भाजपा के ही प्रत्याशी को जितने में आज से ही लग जाए इसलिए आप सब लोग देशहित में भाजपा सरकार बनाएं उसके के बाद भाजपा नेता वेद प्रकाश के साथ पार्टी के

निर्देशानुसार गोला कार्यालय पर वरिष्ठ भाजपा नेताओं व देव तुल्य कार्यकर्ताओं से शिष्टाचार करने के बाद छत्री महासभा के नेता बृजेश सिंह गोला, सुआबोझ ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान शंकर लाल, पूर्व अध्यापक रामऔतार विश्वकर्मा गोला, भटपुरवा ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान वीर सिंह व पुराने साथी रहे मित्रों के आवास पर पहुंचकर खीरी लोकसभा के प्रत्याशी अजय कुमार मिश्रा उर्फ टेनी को भारी बहुमत से जिताने की अपील की और 13 तारीख को कमल के खाने वाली बटन दबाकर पुनः नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनायें इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता देव तुल्य भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

शीशम के दर्जनों पेड़ों पर बगैर परमिट चला लकड़कटटे का आरा

●लकड़ कट्टों के ताल पर थिरकते दिखाई पड़ रहे वन विभाग के कर्मी

स्वतंत्र प्रभात

लखीमपुर खीरी वन रेंज शारदा नगर के अंतर्गत उसिया वीट में लगभग एक दर्जन से अधिक शीशम के पेड़ों पर अवैध तरीके से आरा चला कर लकड़कटटे द्वारा हरियाली का सफाया तो किया ही गया है साथ ही साथ सरकार के खजाने को राजस्व का चुना भी लगाया गया है। यह सारा खेल उसिया बीट के वनरक्षक और लकड़कटटो की मिली भगत से खेले जाने का मामला प्रकाश में आया है। सूत्र बताते हैं कि उसिया बीट के गांव कोरैया पूरवा में सातिर लकड़कटटो ने रात के अंधेरे में शीशम के लगभग 13 से 14 पेड़ काट डाले वह भी बिना किसी परमिट के। किसी का परमिट नहीं था ऐसा सूत्र बताते हैं। आखिर किस सक्षम जिम्मेदार के आदेश पर लकड़कटटा वसीम ने बेखौफ होकर बगैर परमिट एक दर्जन से ज्यादा शीशम के पेड़ काट डाले और यदि किसी सक्षम अफसर व कर्मी की अनुमति के बगैर उक्त पेड़ काटे गए हैं तो ठेकेदार के विरुद्ध कार्यवाही करने में देरी क्यों? बताया जाता है झम्मापुरवा निवासी ठेकेदार वसीम की बन कर्मियों से गहरी साठ गांठ है जिसके चलते वह बेखौफ होकर हरियाली पर आर चला देता है ।और वन विभाग के जिम्मेदार जानबूझकर कार्यवाही नहीं करते।ओसिया वन बीट के वन दरोगा द्वारा उक्त दोषी ठेकेदार वसीम के खिलाफ कार्यवाही न किया जाना जहां चर्चा का विषय बना है वही मामले की लिखित शिकायत डीएफओ दक्षिणी खीरी वनप्रभाग से करके मामले की निष्पक्ष जांच कराकर कार्यवाही किए जाने की मांग करने की बात कही जा रही है देखना अब यह है की कार्यवाही की जाती है या फिर कार्यवाही के नाम पर लीपा पोती करके मामले को रफा दफा कर दिया जाता है।

बहनो से धोखाधड़ी कर भाइयों ने कराई अपने नाम जमीन

● खतौनी से नाम गायब होने पर बेटियों ने लगाई न्यायालय से गुहार

स्वतंत्र प्रभात

जनपद पीलीभीत की तहसील बीसलपुर क्षेत्र से सटे गांव कस्बा पट्टी मैं स्थित गाटा संख्या 196 स्थित खेडा मोहल्ला निवासी शमशादी बेगम पत्नी शमीउल्ला मँसूरी के नाम भूमि दर्ज है। जो उनके मां बाप के द्वारा उन्हें दी गई थी। कुछ समय पूर्व इसी खेत पर बारात घर बनाने के लिए नगर निवासी एक रसूखदार के हाथ लिखित एग्रीमेंट कर दिया गया। इसकी जानकारी होते ही बहनों ने भाइयों से अपना हिस्सा मांगना शुरू किया। तो भाइयों ने बहनों को गाली गलौज कर हिस्सा न देने की बात कह कर भगा दिया। बताते हैं कि कोर्ट के द्वारा जारी आदेश के अनुसार मां-बाप की संपत्ति में बेटे बेटियो को बराबर की हिस्सेदार कहा गया है एवं पति की संपत्ति में पत्नि को बराबर रखा गया है। शमशादी बेगम की बडी बेटी द्वारा भाइयों एवं मां के ऊपर न्यायालय में यह आरोप लगाया गया है की बहनों से धोखाधड़ी कर भाइयों ने जमीन को अपने नाम बतौर गिफ्ट रूप में यह कह कर लिखा लिया की जमीन की बिक्री कर रहे हैं, और तुम सबको भाइयों के बराबर हिस्सा दिय जाएगा। कुछ माह बाद बार-बार बहनों द्वारा हिस्सा मांगने पर भाइयों द्वारा बहनों से अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया। बहनों में सबसे बड़ी बहन शमा बी के द्वारा न्यायालय में आरोप लगाया गया की भाइयों की नियत जमीन के मामले में ठीक नहीं है, और धोखाधड़ी कर वसीयत से बहनों के नाम गायब किए गए हैं, एवं मोटी रकम लेकर नगर बीसलपुर निवासी बिल्डर अंकित खंडेलवाल को जमीन का एग्रीमेंट करा दिया गया है। बुधवार को न्यायालय में मुकदमा दाखिल होते ही भाइयों में खलबली मच गई है। बहनों के द्वारा मां-बाप की संपत्ति में हिस्सा मांगने का यह मामला तहसील क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ हैं।

बरेली के फरीदपुर में योगी की हुंकार

स्वतंत्र प्रभात

बरेली की तहसील फरीदपुर में योगी ने रामलीला मैदान में धर्मेंद्र कश्यप के पक्ष में एक चुनावी जनसभा को संबोधित किया। जिस पर उन्होंने सपा बसपा पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि आपने सपा और बसपा का कार्यकाल देखा है, 2014 से पहले भारत कैसा था, पहले कैसा है और आज कैसा है। आज देश की सीमाएं सुरक्षित हैं, पहले भारत का दुनिया में सम्मान नहीं था और आज हर जगह सम्मान है। पहले आतंकी घटनाएं बढ़ रही थी देश में पहले विकास के कार्य ठप पड़े थे आज देश में बेटी और व्यापारी सुरक्षित है। वही सीएम योगी ने अपने संबोधन में आगे कहा कि दुनिया में भारत का सम्मान बढ़ रहा है। आतंकवाद नक्सलवाद पूरी तरह समाप्त हुआ है पहले लोग भूख से मर जाया करते थे अब 80 करोड़ लोगों को फ्री राशन मिल रहा है। वहीं उन्होंने कहा कि यह समाज को जाति के आधार पर बांटना चाहते हैं, आप सभी वर्गों को योजना का लाभ मिल रहा है। साथ ही उन्होंने पाकिस्तान का जिक्र करते हुए कहा कि पाकिस्तान में लोग भूख से मार रहे हैं और पाकिस्तान आतंकवाद की भट्टी है। साथ ही उन्होंने लोकसभा प्रत्याशी धर्मेंद्र कश्यप को जिताने की अपील की।

लोकतंत्र के महापर्व पर मतदान कर राष्ट्र निर्माण में अपनी भागीदारी निभाएं- प्रो. इंदुभूषण द्विवेदी

स्वतंत्र प्रभात

मीरजापुर।भारतीय इतिहास संकलन समिति काशी प्रान्त की जिला इकाई के तत्वावधान में शनिवार को नगर के मुसफ्फरगंज स्थित केबीपीजी कॉलेज में वर्तमान परिपेक्ष में मतदाता जागरूकता विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जनपदीय अध्यक्ष प्रो. इंदुभूषण द्विवेदी ने मतदाता जागरूकता पर विशेष बल देते हुए मतदाताओं को लोकतंत्र की मजबूती के लिए अधिक से अधिक मतदान करने हेतु प्ररित किया।पहले मतदान,फिर करे जलपान। प्रोफेसर इंदुभुषण द्विवेदी ने कहा कि लोकतंत्र के इस महापर्व पर आगामी 01 जून को मतदान कर राष्ट्र निर्माण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। जितना अधिक मतदान होगा उतना ही लोकतंत्र सशक्त होगा।विशिष्ट अतिथि काशी प्रान्त के बौद्विक प्रमुख डॉ कुलदीप पांडेय ने मतदान को अपने आगामी भविष्य से जोड़ कर इसकी

प्रासंगिकता पर बल दिया।बैठक में महासचिव डॉ मुकेश उपाध्याय, सचिव राजेश कुमार पाल एवं राम सिंह वर्मा ने भी अपने विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर कॉलेज के सभी छात्र छात्राएं व स्टाफ उपस्थित रहे।

संक्षिप्त ख़बरें

कुएं में अचानक गिरे युवक को स्थानीय पुलिस द्वारा रेस्क्यू कर अथक प्रयास से सकुशल बाहर निकाला गया

आज दिनांक-04.05.2024 को डायल 112 के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि थाना औराई क्षेत्र अंतर्गत ग्राम दलपतपुर में सूरज यादव पुत्र स्व0 दशरथ यादव उम्र करीब 42 वर्ष अचानक कुएं में गिर गए हैं। सूचना पर चौकी प्रभारी खमरिया मय हमराह पुलिस टीम व 112 पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों के सहयोग से रेस्क्यू कर कुएं में गिरे व्यक्ति को सकुशल बाहर निकाला गया। व्यक्ति को तत्काल ईलाज हेतु अस्पताल लाया गया जहां प्राथमिक उपचार के उपरांत अब पूर्णतः स्वस्थ हैं। पुलिस टीम द्वारा किए गए रेस्क्यू की परिजनों व ग्रामीणों द्वारा भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए धन्यवाद दिया गया।

वरुणा नदी में पानी छुड़वाने की मांग

सुरियावा। क्षेत्र के दर्जनों गांवों से होकर जाने वाली बरूना नदी सुख चुकी है। पशु पक्षी बेहाल हैं। जंगली पशु जंतु जानवर पानी न मिलने से बेकल होकर गांव में प्रवेश कर रहे है। इस भीषण तपती गर्मी में प्रकृति पर आश्रित नदी की पानी न होने से दर्जनों गांवों हरिपुर कीर्तिपुर, चक जितराय, पूरे मनोहर, अभिया बन, तुलापुर बहादुरान, छतमा, तिलकनाथ, कैड़ा, लेखईपुर बहुता, भोरापुर, भीमसेनपुर, बहुता सुजानगीर, अबरना, चकतेकी , हरिहरपुर, बलीपुर, मरदनशाहपुर, पुरेबदल, सांडा, बिसापुर, बिसही, गोदमां, चौगना गोपीपुर आदि गांवों के निचले हिस्से से गुजरते हुए वाराणसी काशी में गंगा नदी में मिलती है बरसात के दिनों में बाढ़ आकर किसानों को फसल चौपट करती है। गर्मी में पानी सरकार को बरूना नदी में छोड़ना चाहिए। बरूना नदी सुख चुकी है पशु पक्षी के अलावा जीव जंतु, सियार जंगली जानवरों का गावो में आना शुरू हो गया है पानी से बेकल है। जिला पंचायत सदस्य आशीष सिंह ने जिलाधिकारी से मांग किया है की बरूना नदी में नहर का पानी छोड़ा जाए। सिवान में जो तालाब गड़ई आदि है उसमे भी पानी से भरा जाए।

युवक के साथ मारपीट करने वाले एक नामजद समेत दो अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

ड्रमंडगंज। ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के मड़वा धनावल गांव निवासी बबलू ने हलिया थाने में शुक्रवार की देर शाम तहरीर देकर एक नामजद समेत दो अज्ञात के विरुद्ध गाली गलौज देते हुए मारपीट का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया गया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई है।दी गई तहरीर में बताया है बीते 26 अप्रैल को गड़बड़ा राजा तालाब पर लालगंज थाना क्षेत्र के सोनबरसा गांव निवासी पवन अपने दो अज्ञात साथियों के साथ बाइक लहराते हुए चला रहा था कि मना करने पर गाली गलौज देते हुए मारने पीटने लगे जिससे मेरे सिर में गंभीर रूप से चोट लगी है जिस पर पुलिस ने तहरीर के आधार पर एक नामजद समेत दो अज्ञात लोगों के विरुद्ध गाली गलौज व मारपीट करने का मुकदमा दर्ज कर घायल को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई है।

बोर में लगा सबमर्सिबल पंप चोरी पीड़ित ने थाने में दिया तहरीर

ड्रमंडगंज। हलिया थाना क्षेत्र के महुगढ गांव निवासी बालकृष्ण शुक्ल के बोर में लगा सबमर्सिबल पंप चोरी होने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग किया है।दी गई तहरीर में बताया है कि घर से दो सौ मीटर दूर सिंचाई के लिए बोर में लगा सबमर्सिबल पंप को बीती रात में अज्ञात चोरों द्वारा गेट तोड़कर सबमर्सिबल पंप स्टाटर केबल सहित चुरा ले गए जब सुबह जाकर देखा तो सबमर्सिबल पंप व स्टाटर कबल चोरी हो गया है।वहां पर एक एंगल का टूकड़ा मिला जिससे चोर ताला तोड़ने का प्रयास किया था लेकिन ताला नहीं टूटा तो गेट तोड़कर केबिल व सबमर्सिबल पंप पाइप स्टार्ट आदि समान उठा ले गए। सूचना दे रहा हूं कार्रवाई करते हुए चोरी हुए सबमर्सिबल पंप स्टार्ट आदि बरामद करने कि मांग किया है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई है।

इण्डियन सेकेण्डरी एण्ड कॉलेजेस का जोनल बैडमिंटन प्रतियोगिता जिला स्टेडियम के नवनिर्मित हाईटेक बैडमिटन कोर्ट पर हुआ सम्पन्न

● स्वीप प्रभारी ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर यूथ ऑईकान बनाकर "25 मई मतदान जरूरी" को दिया बढ़ावा

फस्ट टाईम युवा वोटर खिलाड़ियों को परिजनों संग मुहल्लों व पड़ोसियो को 25 मई को वोटिंग करने हेतु भेजने की स्वीप प्रभारी ने दी जिम्मेदारी

स्वतंत्र प्रभात

भदोही:- मतदाता जागरूकता के क्रम में स्वीप प्रभारी/मुख्य विकास अधिकारी यशवंत कुमार सिंह के विशेष प्रयासो से जिला स्टेडियम मुसीलॉटपुर में हाईटेक बैडमिंटन कोर्ट पर इण्डियन सेकेण्डरी एण्ड कॉलेजेस का जोनल बैडमिंटन प्रतियोगिता सम्पन्न हुआ। यह प्रतियोगिता सेण्ट थॉमस स्कूल गोपीगंज के निदेशक सैम अब्राहम के नेतृत्व में सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ। स्वीप प्रभारी ने सभी खिलाड़ियों से हाथ मिलाते हुए परिचय प्राप्त किया तथा उन्हें खेल भावना से खेलते हुए देश दुनिया में भदोही का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित व प्रोत्साहित किया। समापन पर विजेता व उप विजेता टीमों को ट्राफी व शील्ड देकर सम्मानित किया गया। स्वीप प्रभारी ने जो खिलाड़ी फस्ट टाईम वोटर बने है उन्हे 25 मई को अवश्य मतदान करने हेतु प्रेरित करते हुए कहा कि आप सभी युथ आईकॉन है अपने घर परिवार सहित मुहैल्ले पास-पड़ोस के मतदाताओं को पोलिंग बूथ पर 25 मई मतदान करने हेतु अवश्य भेंजे।

कार्यक्रम में जिला विकास अधिकारी ज्ञान प्रकाश, उप निदेशक कृषि डॉ0 अश्वनी सिंह, क्रिडाधिकारी अभिज्ञान मालवीय सहित सम्मानित जन उपस्थित रहे।

सपा प्रत्याशी ने छांनबे भ्रमण के दौरान जनसंवाद में सपा की नीतियों तथा सरकार की नाकामियो को गिनाया

स्वतंत्र प्रभात

मीरजापुर। लोक सभा 2024 चुनाव 79 वी मिर्जापुर लोकसभा क्षेत्र से सपा इण्डिया गठबंधन प्रत्याशी राजेन्द्र एस बिन्द शुक्रवार को छानबे विधानसभा का क्षेत्रीय भ्रमण जनसंवाद कार्यक्रम अन्तर्गत दर्जनो गॉवो का दौराकर जोन व सेक्टर प्रभारियो से जनसंवाद किया इस दौरान पतुलकी, लालगंज, दुबार, दीवानपुर, बरौधा ड्रमण्डगंज, लहुरियादह, भैसोड़, गलरा, रतेह चौराहा, गड़बड़ा पुल, गुलाब चौराहा, खम्हरिया,हलिया, भटवारी आदि दर्जनो जगहो पर भ्रमण कर जनसंवाद कार्यक्रम मे आमजन मानस की समस्याओ को सुना इस दौरान ग्रामीणो ने जगह-जगह सपा इंडिया गठबंधन प्रत्याशी को माला पहनाकर स्वागत किया उन्होने समाजवादी सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों एवं सिद्वान्तों को जनसंवाद के दौरान उपस्थित लोगों को विस्तार पूर्वक बताया इस दौरान शुक्रवार रात आठ बजे भटवारी स्थित जगधारी प्रसाद इंटर कॉलेज पर समर्थकों के साथ पहुंचे समाजवादी पार्टी इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी राजेन्द्र एस बिन्द ने कहा कि भाजपा के लोग देश के संविधान और जनता की हितों के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं विकासखंड हलिया में सबसे बड़ा मुद्दा पानी का है जहां हमारी बहनो एवं माताओं को पांच-पांच किलोमीटर दूर से पानी लाना पड़ता है वही दूसरी सबसे बड़ी समस्या सड़क की है आज भी ऐसे ऐसे गांव है जहां पक्की सड़के नहीं है लोगों को आने-जाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है अगर इंडिया गठबंधन की सरकार बनती है तो पानी सड़क और 24 घंटे बिजली तथा अच्छी शिक्षा के विषय पर काम करेंगे जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान जिला अध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी, आशीष यादव, मुन्नी यादव, अयोध्या प्रसाद यादव, अशोक मिश्रा, गोविंद यादव मुकुंद लाल यादव गुल बाहर अली आदि लोग मौजूद रहे।

4 मई को 07 प्रत्याशियों द्वारा नामांकन दाखिल किया गया एवं 04 प्रत्याशियों द्वारा लिए गये फॉर्म

● राजनीतिक दलों व निर्दल प्रत्याशियों/प्रतिनिधियों द्वारा लिये गये अब तक कुल लिए गए 41 नामांकन फार्म, दाखिल हुए अब तक 13

शान्तिपूर्ण व सुरक्षित वातावरण में संचालित हो रहा है, नामांकन कार्य

5 मई 2024 को रविवार अवकाश होने के कारण नामांकन पत्र लेने व नाम दाखिल करने का कार्य संपादित नहीं होगा

नामांकन पत्र लेने व दाखिल करने हेतु 06 मई अन्तिम तिथि अर्थात केवल एक दिन शेष

स्वतंत्र प्रभात

भदोही :- लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 हेतु लोकतंत्र के महापर्व में 78-भदोही संसदीय निर्वाचन क्षेत्र नामांकन हेतु आज छठें दिन 07 प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया एवं 04 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र लिया। प्रमुख राजनीतिक पार्टियों-भारतीय जनता पार्टी से डॉ0 विनोद कुमार बिन्द ने 02 सेट, इण्डिया गठबन्धन/ऑल इण्डिया तृणमूल कॉंग्रेस पार्टी से ललितेश पति त्रिपाठी ने 03 सेट एवं बहुजन समाज पार्टी से हरिशंकर ने नामांकन पत्र रिटर्निंग आफिसर विशाल सिंह एवं सहायक रिटर्निंग आफिसर भानसिंह के समक्ष दाखिल किया। भारतीय जनता पार्टी से डॉ0 विनोद कुमार बिन्द द्वारा 02 सेट नामांकन पत्र दाखिल करते समय मा0 मंत्री डॉ0 दयाशंकर मिश्र "दयालु" मा0 मंत्री आशीष पटेल, मा0 विधायक दीनानाथ भाष्कर, मा0 जिला पंचायत अध्यक्ष अनिरूद्ध त्रिपाठी, जिलाध्यक्ष दीपक मिश्रा आदि उपस्थित रहे। इण्डिया गठबन्धन/ऑल इण्डिया तृणमूल कॉंग्रेस पार्टी से ललितेश पति त्रिपाठी ने 03 सेट, बहुजन समाज पार्टी से हरिशंकर, ऑल इण्डिया फारवर्ड ब्लाक से सुशील, रिपब्लिकन पार्टी आफ इण्डिया (ए) से अखिलेश, सरदार पटेल सिद्धान्त पार्टी से राजनारायण पटेल, भारतीय कामगार पार्टी से कृष्ण मुरारी ने नामांकन पर्चा दाखिल किया। इस प्रकार आज दिनांक 04 मई को 07 प्रत्याशियों द्वारा पूर्व में 03 मई को चार प्रत्याशी, 01 मई को 02 प्रत्याशी सहित कुल 13 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र भरा। 05 मई को रविवार अवकाश होने के कारण नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि 06 मई अर्थात केवल एक ही दिन बचा है। आज 04 मई को 04 प्रत्याशियों-निर्दल दारा सिंह, राम कैलाश, श्री सुन्दरम वर्मा, प्रमेश कुमार, ने नामांकन पत्र लिया। प्रथम दिन 18, द्वितीय दिन 10, तृतीय दिन 02,चतुर्थ दिन 05, पॉचवे दिन 02 एवं छठें दिन 04 नामांकन पत्र के साथ अब तक कुल 41 नामांकन पत्रों का वितरण हुआ।

कलेक्ट्रेट परिसर के आसपास सुरक्षा व्यवस्था व वैरीकेटिंग के कड़े प्रबन्ध किये गये हैं। मुख्य गेट पर मेटल डिडेक्टर लगाये गये हैं जहां चेकिंग के पश्चात अन्दर के लिये प्रवेश दिया जा रहा है। कलेक्ट्रेट के अन्दर नामांकन स्थल पर जाने के लिये वैरीकेटिंग सीसीटीवी कैमरा एवं बाहर सुरक्षा के कड़े प्रबन्ध किये गये हैं। वैरीकेटिंग पर पुलिस प्रशासन द्वारा सघन चेकिंग आदि का क्रम जारी रहा। अनाधिकृत व्यक्तियों का प्रवेश वर्जित रहा। कलेक्ट्रेट कार्यालय के पास वेटिंग रूम व मेडिकल हेल्प डेस्क स्थापित किया गया है। नामांकन पत्र लेने व दाखिल करने की अंतिम तिथि 6 मई 2024 है। 5 मई 2024 को रविवार का शासकीय अवकाश होने के कारण इस दिन नामांकन पत्र लेने व नाम दाखिल करने का कार्य संपादित नहीं होगा। नाम निर्देशनों की जांच 7 मई को की जाएगी, प्रत्याशी अपने नाम की वापसी 9 मई को अपरान्ह 03 बजे तक ले सकते है। तत्पश्चात् प्रत्याशियों की फाईनल सूची सर्वाजनिक सूची जारी कर दी जायेगी।

उप जिलाधिकारी ने कंपोजिट विद्यालयो का निरीक्षण कर दिया आवश्यक दिशा निर्देश

स्वतंत्र प्रभात

ड्रमंडगंज। उप जिलाधिकारी लालगंज द्वारा शनिवार को दो कंपोजिट विद्यालय का औचक निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया उप जिला अधिकारी लालगंज गुलाबचंद ने बेसिक शिक्षा को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु लालगंज शिक्षा क्षेत्र के कंपोजिट विद्यालय बस्तरा राजा का औचक निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी ने छात्र-छात्राओं की उपस्थिति एवं एमडीएम की गुणवत्ता को देखा परखा उन्होंने उपस्थित अध्यापक एवं अध्यापिकाओं को निर्देशित किया कि विद्यालय संचालित के समय सभी शिक्षकों को उपस्थित रहना अनिवार्य है वही एमडीएम बनाने वाली महिला कर्मियों से बात करते हुए उन्होंने निर्देशित किया कि मेनू के हिसाब से एमडीएम बनाया जाए तथा एमडीएम गुणवत्तापूर्ण होना चाहिए उन्होंने शिक्षकों से कहा कि विद्यालय परिसर में साफ सफाई पर विशेष ध्यान दें वहीं छात्र-छात्राओं की उपस्थिति ज्यादा से ज्यादा होना सुनिश्चित हो उप जिलाधिकारी द्वारा हलिया शिक्षा क्षेत्र के कोटा शिव प्रताप सिंह कंपोजिट विद्यालय पहुंचकर छात्र-छात्राओं की उपस्थिति को देखा जहां 65 छात्र-छात्राओं की उपस्थिति दर्ज पाई गई वही विद्यालय में कुल 7 अध्यापक एवं अध्यापिका उपस्थित पाए गए उन्होंने शिक्षकों से अधिक से अधिक छात्र-छात्राओं की उपस्थिति सुनिश्चित कराने को निर्देशित किया वही कोटा शिव प्रताप सिंह ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान फूलचंद को निर्देशित करते हुए विद्यालय में प्रतिदिन साफ सफाई सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया गया उप जिलाधिकारी द्वारा दोनों विद्यालयों पर लोकसभा 2024 निर्वाचन मतदान के दौरान मतदाताओं की मूलभूत सुविधा पानी शौचालय लाइट साफ सफाई छाया आदि का अवलोकन करते हुए मूलभूत सुविधाओं की कमियो को जल्द से जल्द पूरा कराने के लिए संबंधितों को निर्देशित किया गया।

टीबी मरीजों में पोषण पोटली व मच्छरदानी वितरित

स्वतंत्र प्रभात

चुनार होप वेलफेयर ट्रस्ट वाराणसी एवं मुकुल माधव फाउंडेशन मथुरा द्वारा टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत विगत माह में चुनार क्षेत्र के 51 टीबी मरीजों को पोषण पोटली आदि भेंट करते हुए गोद लिया गया था।इसी क्रम में गोद लिए गए मरीजों को पुनः शनिवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चुनार के सभागार कक्ष में द्वितीय चक्र का पोषण पोटली के साथ ही मच्छरदानी आदि भेंट करते हुए सहयोग किया गया।आयोजित कार्यक्रम के दौरान उपस्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चुनार प्रभारी डॉ राकेश कुमार पटेल द्वारा मौजूद मरीज को नियमित दवा खाते रहने का सुझाव देते हुए टीबी मरीजों के प्रति निश्चय मित्र रूपी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के संदर्भ में ट्रस्ट पदाधिकारी को विभागीय स्तर से जारी प्रशस्ति पत्र भी भेंट किया। वही क्षय विभाग के डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर सतीश शंकर यादव द्वारा मरीज को पुनः टीबी के लक्षणों एवं सरकारी स्तर से दी जा रही समस्त निःशुल्क सुविधाओं की विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि आप सभी टीबी के लक्षण प्रभावित व्यक्तियों को यदि कहीं पाते हैं तो उन्हें जांच इलाज हेतु सरकारी स्वास्थ्य केंद्र तक पहुंचाने में मददगार बनें, जिससे कि 2025 तक इस गंभीर बीमारी को देश से पूर्ण रूप में समाप्त किया जा सके।इस दौरान विभागीय स्वास्थ्य कर्मी सर्वेश कुमार, अखिलेश कुमार यादव, इफ्तार अहमद के साथ-साथ ट्रस्ट से जुड़े दिव्यांशु त्रिपाठी, रवि मिश्रा, संदीप गुप्ता, सोनम कुमारी, जितेंद्र यादव, श्यामा कांत सुमन आदि मौजूद रहे।

तमंचे से फायर कर जानलेवा हमला करने का आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

● अभियुक्त के निशानदेही पर हमला करने में प्रयुक्त अवैध तमंचा मय खोखा कारतूस बरामद

स्वतंत्र प्रभात

दिनांक-26/27.04.2024 की रात्रि में थाना कोईरौना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम रामकिशुनपुर बसही में पान कुमारी पत्नी रामधनी बिंद उम्र करीब 50 वर्ष को उनके दामाद द्वारा पारिवारिक विवाद व पत्नी की विदाई की बात को लेकर तमंचा से फायर कर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। घायल मजरुब ट्रामा सेंटर वाराणसी में ईलाजरत है। जानलेवा हमला करने की घटना के संबंध में तत्समय ही आरोपी के विरुद्ध मु0अ0सं0-46/2024 धारा-307 भा0द0वि0 का अभियोग पंजीकृत करते हुए गिरफ्तारी के प्रयास सहित विधिक कार्यवाही प्रचलित की गई।

डॉ0 मीनाक्षी कात्यायन, पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा पुलिस टीमों का गठन कर पंजीकृत अभियोग से सम्बंधित अभियुक्त की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु निर्देश दिये गये। आरोपी की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीमों द्वारा प्रयास के क्रम में आज दिनांक-04.05.2024 को प्रभारी निरीक्षक कोईरौना के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा मठहा-भीटी प्रयागराज बॉर्डर पर चेकिंग के दौरान जानलेवा हमला करने के आरोपी शिवकुमार बिंद पुत्र रमाशंकर बिंद निवासी चौरहवा, जगदीशपुर थाना हण्डिया जनपद प्रयागराज उम्र करीब 24 वर्ष को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त हुई है। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त के निशानदेही पर झाड़ियों से जानलेवा हमला करने में प्रयुक्त अवैध तमंचा 315 बोर मय खोखा कारतूस 315 बोर बरामद किया गया है। उक्त गिरफ्तारी व अवैध तमंचा मय खोखा कारतूस बरामदगी के संबंध में आरोपी के विरुद्ध मु0अ0सं0-52/2024 धारा-3/25 आयुध अधिनियम का अभियोग पंजीकृत करते हुए विधिक कार्यवाही की गई।

पूछताछ में अभियुक्त द्वारा बताया गया कि करीब 04 वर्ष पूर्व उसकी शादी हुई थी। पत्नी ज्यादातर समय मायके में ही रहती थी। पत्नी की विदाई की बात को लेकर सास से कहा सुनी हुई। रात में सोते समय मैं मच्छरदानी में सो रही अपनी सास के ऊपर तमंचा से फायर कर दिया। रात में अंधेरे के कारण गोली सिर के ऊपरी हिस्से में लगी। आवाज सुनकर सब लोग जग गए उससे पहले मैं तमंचा को पास के सरपत की मुज में फेंक कर वहां से भाग गया था।

गिरफ्तारशुदा अभियुक्त का नाम व पता

शिवकुमार बिंद पुत्र रमाशंकर बिंद निवासी चौरहवा, जगदीशपुर थाना हण्डिया जनपद प्रयागराज उम्र करीब 24 व जानलेवा हमला करने में प्रयुक्त अवैध तमंचा 315 बोर मय खोखा कारतूस 315 बोर.

कलयुगी बेटे ने पत्नी का पक्ष लेते हुए मां को मारपीट कर किया घायल

●प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में चल रहा उपचार

स्वतंत्र प्रभात

ड्रमंडगंज। ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के बंजारी कला गांव निवासी रामसुचित का बेटा दीपक पत्नी का पक्ष लेते हुए शनिवार को अपनी 45 वर्षीय माता तेरसी को लात घुसो से मारने पीटने के साथ ही पक्की नाली पर उठाकर पटक देने से मां गंभीर रूप से घायल हो गई वहीं बीच बचाव करने पहुंचे पिता राम सुचित को भी पुत्र द्वारा लात घूसो से मारा पीटा गया पिता राम सुचित ने बताया कि 8 दिन पूर्व बेटे दीपक की शादी धूमधाम से किए थे बहू के द्वारा घर के बाहर बैठकर मोबाइल फोन से बात करने पर सास तेरसी द्वारा मना करने पर पुत्र आक्रोशित होकर मां को मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया पिता द्वारा एम्बुलेंस सेवा 108 पर सूचना दिए जाने पर एम्बुलेंस सेवा के एमटी संतोष भारतीय व पायलट अरुण कुमार द्वारा घायल महिला को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया ले गए जहां पर चिकित्सा विवेक खरे द्वारा घायल महिला का उपचार किया जा रहा है चिकित्सक द्वारा महिला का एक्सरे कराने कि सलाह परिजनों को दिया गया कलयुगी बेटे ने पत्नी के पक्ष में अपनी सगी मां व पिता को लात घूसों से मारने पीटने के साथ ही उठाकर पटक दिया गया।

स्काउट गाइड के पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का समापन

स्वतंत्र प्रभात

चुनार, मीरजापुर । चुनार क्षेत्र के विंध्य गुरुकुल कालेज गोसाईपुर में आयोजित उत्तर प्रदेश भारत स्काउट गाइड के पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का शनिवार को समारोह पूर्वक समापन हुआ। समापन अवसर पर अतिथियों ने शिविर का निरीक्षण किया व गाइड से शिविर में प्राप्त प्रशिक्षण की भी जानकारी ली। शिविर समापन पर उत्कृष्ट टोली को पुरस्कृत किया गया। विद्यालय के उप प्रधानाचार्य आशीष मिश्रा ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि कहा कि स्काउट हमें दूसरों के लिए जीने की कला सिखाता है। देश के लिए सुयोग्य नागरिक बनाता है। हम आपातकाल में कैसे रहें, सीमित संसाधनों में कैसे अपने लिए भोजन पानी की व्यवस्था करें आदि की सीख मिलती है। शिविर संचालक चंद्रकांत ने बताया कि स्काउट व गाइड को आंदोलन के इतिहास से परिचित कराया गया तथा टोली प्रणाली, सेल्यूट, चिन्ह, कम्पास, आग, पायनियरिंग, प्राथमिक उपचार, मार्च पास्ट, अनुशासन, हाईक, सेवा विधि, टेंट पिचिंग के बारे में विस्तार से बताते हुए स्वयंसेवकों का प्रशिक्षण कराया गया। प्रतिभागियों को पूर्ण मनोयोग से प्रशिक्षण प्राप्त कराया जाता है। स्काउट गाइड प्रशिक्षक विंध्य गुरुकुल कॉलेज के स्काउट अध्यापक सर्वेश सिंह, दक्षता प्रजापति आदि उपस्थित रहे।

खंड विकास अधिकारी ने ब्लॉक सभागार में कर्मचारीयों संग बैठक कर दिया आवश्यक निर्देश

ड्रमंडगंज, मीरजापुर। विकास खंड हलिया सभागार में खंड विकास अधिकारी ने कर्मचारियों के संग बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया खंड विकास अधिकारी डॉक्टर राजीव शर्मा ने ब्लॉक सभागार में रोजगार सेवकों तथा पंचायत सहायकों के संग बैठक कर चुनाव संबंधी बूथों पर पानी की व्यवस्था तथा दिव्यांगों को मतदान के लिए कुर्सी तथा छाया की व्यवस्था सहित पेयजल व्यवस्था पर कंट्रोल रूम बनाने का निर्देश दिया उन्होंने कहा कि बूथों पर साफ सफाई सहित पेयजल की समुचित व्यवस्था होनी चाहिए तथा मतदाताओं को छाया की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए निर्देश दिया उन्होंने कहा कि प्रत्येक मतदान स्थलों पर लोग अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करें पेयजल व्यवस्था पर उन्होंने कहा कि कंट्रोल रूम बनाकर तीन दिन के अंदर पेयजल व्यवस्था को सुनिश्चित करें छाया न हो तो टेंट लगाकर छाया की ब्यवस्था करें पेयजल व्यवस्था के साथ-साथ शौचालय दिव्यांग शौचालय के साथ साफ सफाई की व्यवस्था रखें। जहां पर कमियां मिलेगी संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी इस मौके पर उपस्थित रहे एडीओ पंचायत रूपेश श्रीवास्तव रामलोचन मौर्य जमीर अली मनोज कुमार पूनम यादव आदि मौजूद रहे।

अवैध तमंचा के साथ एक शातिर अभियुक्त गिरफ्तार

बांदा। पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत अवैध शस्त्रों का संग्रहण, निर्माण व बिक्री करने वाले अभियुक्तों पर की जा रही कार्यवाही के क्रम में आज थाना बिसण्डा पुलिस द्वारा गश्त एवं चेकिंग के दौरान थाना बिसण्डा क्षेत्र के ग्राम पल्हरी से एक अभियुक्त को अवैध तमंचा व जिन्दा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया । अभियुक्त के कब्जे से अवैध तमंचे व जिन्दा कारतूस बरामद हुआ है । गिरफ्तार अभियुक्त का नाम रोहणी पटेल पुत्र संतोष पटेल निवासी पल्हरी थाना नरैनी जनपद बांदा है।

संक्षिप्त ख़बरें

गौवंशों से भरे ट्रक को पुलिस ने पकड़ा, कुछ की मौत

प्रयागराज। कीडगंज थाना क्षेत्र के बैरहना इलाके में पुलिस ने तस्करी के लिए ले जाए जा रहे एक दर्जन भर से अधिक गोवंश को बरामद किया। पुलिस ने दो आरोपियों को हिरासत में ले लिया है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर बैरहना में बांगड़ धर्मशाला के फ्लाईओवर पर एक ट्रक को रोककर तलाशी ली तो उसमें बड़ी संख्या में गोवंश को भरा गया था। ट्रक नैनी की ओर से झूसी की तरफ जा रहा था। पुलिस ने ट्रक को जब्त कर लिया है। चालक समेत तीन लोगों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है।

35 वर्षीय व्यक्ति की सीने में तेज दर्द होने पर अस्पताल ले जाते वक्त हुई मौत।

कोराव,प्रयागराज। कोराव तहसील क्षेत्र के ग्राम खिवली कला के रहने वाले युवक की अचानक सीने में दर्द होने से मौत हो गई बताया जाता है कि युवक राज मिस्त्री का काम करता था जो अपने गांव में ही काम करने गया था अचानक उसके सीने में तेज दर्द हुआ तो और काम कर रहे दूसरे साथी ने अपनी बाइक से उनको घर पर पहुंचा दिया जहां पर उसके सीने का दर्द बढ़ गया और घर के लोगों ने तुरंत ही अस्पताल ले जाने की तैयारी कर चल पड़े इतने में ही बीच रास्ते मे ही युवा ने दम तोड़ दिया मिली जानकारी के अनुसार प्रमोद कुमार पुत्र बाबूलाल निवासी खिवली कला का रहने वाला है मृतक तीन भाइयों में दूसरे नंबर का था मृतक को दो लड़के और दो लड़की बच्चे हैं अभी सभी नाबालिक है अचानक नव युवक की मौत होने की वजह से परिजनों में मातम छा गया और पास पड़ोस परिवार और उनकी पत्नी सुलेखा और चारो बच्चो का रो-रो कर बुरा हाल है इसी प्रकार एक ऐसी ही घटना आज से दो दिन पहले ग्राम अमिलिया पाल बड़ोखर में हुई थी राजेश कुमार पुत्र हरिश्चंद उम्र 26 वर्ष जो अगले साल 2023 में उनकी जून में ग्राम बसहा में शादी हुई थी उस व्यक्ति की भी सीने में तेज दर्द होने की वजह से ही अस्पताल ले जाते वक्त रास्ते में ही मौत हो गई थी।

दुराचार के वांछित अभियुक्त को खीरी पुलिस ने किया गिरफ्तार

कोराव प्रयागराज। पुलिस आयुक्त प्रयागराज रमित शर्मा के निर्देशन अपराध एवं अपराधी के विरुद्ध चलाए गए अभियान के तहत कुशल नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वाराथाना खीरी में पंजीकृत मु0अ0सं0-71/24 धारा 377 भा0द0वि0 व 5/6 पॉक्सो एक्ट के वांछित अभियुक्त हसनैन पुत्र अल्ताफ कुरैशी निवासी ग्राम सुरवल चन्देल नारीबारी थाना शंकरगढ़ जनपद प्रयागराज हालपता ग्राम तुर्कपुरवा थाना खीरी जनपद प्रयागराज को आज दिनांक 04.05.2024 को डिहार स्कूल की तरफ जाने वाले रोड थाना क्षेत्र खीरी से गिरफ्तार किया गया । नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी।

महाप्रभु वल्लभाचार्य जी का 547 वां जन्मदिन मनाया

पुष्टिमार्ग संप्रदाय के मंदिर ठाकुर द्वारिकाधीश मंदिर में हुआ कार्यक्रम

मथुरा। पुष्टिमार्ग संप्रदाय के मंदिर ठाकुर द्वारकाधीश मंदिर में शनिवार को महाप्रभु वल्लभाचार्य जी का 547 वां जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। प्रात काल से ही मंदिर में वैष्णव एक दूसरे को वल्लभाचार्य जी के जन्मदिन की बधाई देते दिखाई दिए। मंदिर प्रांगण में प्रातः काल से ही नौबत शहनाई बज रही थी और मंदिर के सेवा अधिकारी अजय भट्ट द्वारा श्री वल्लभाचार्य जी की जन्म पत्रिका पढ़कर सुनाई गई और ठाकुर जी के विशेष प्रसाद धाराएं गए वहीं मंदिर के वीआईपी कार्यालय में वल्लभाचार्य जी के चित्रपट पर माल्यार्पण किया गया और इसी दौरान उनके बारे में बताते हुए मंदिर के मीडिया प्रभारी राकेश तिवारी एड. ने बताया कि महाप्रभु वल्लभाचार्य जी ने एक ऐसा संदेश प्रदान किया जिससे लोगों के हृदय में भगवान स्थापित हो पाए। इस अवसर पर मंदिर के अधिकारी अशोक कुमार वैध सत्यनारायण शर्मा समाधानी राजीव चतुर्वेदी बृजेश चतुर्वेदी बनवारी लाल विपिन आदि सभी उपस्थित रहे।

एन जी टी के नियमों की धज्जियां उड़ाने वाले खनन माफियाओं पर जिले के जिम्मेदार मेहरबान

● - पट्टा दूसरे जनपद का निकासी कौशांबी से

स्वतंत्र प्रभात

प्रयागराज ब्यूरो। कौशाम्बी जिले के खनन माफिया के इन दिनों सितारे बुलंदी पर है जिसके कारण शासन द्वारा बनाए गय नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही है।हो भी क्यो नही क्यो की कौशांबी जिले के रखवाले ने भ्रस्ताचार की आंखो में पट्टी जो बांध रखी है।ऐसा लगता है की इन खनन माफियाओं ने छोटे से लेकर बड़े सभी के आंखो में भ्रष्टाचार की पट्टी बांध रखी है। कौशांबी जिले के मुखिया को चायल सर्किल के दो थाना क्षेत्रों के घाटों को कौन सी ऐसी ताकत है जो कार्यवाही न करने पर मजबूर कर रही है।सराय अकिल थाना क्षेत्र का मल्हीपुर घाट रास्ता न होने के कारण बंद था जिसके कारण बालू निकासी नहीं हो रही थी लेकिन रास्ता बनते ही खनन माफिया की नजर इन घाटों पर पड़ी।आज की तारीख में ऐसा खनन माफिया आया है जो जिम्मेदारों के सह पर दिन रात अवैध खनन कराकर यमुना की भुगौलिक स्तिथि को बिगाड़ में तुला है और ओवरलोड परिवहन करा रहा है।यही हाल पिपरी थाना क्षेत्र के घाट का है जहा पट्टा कही और का और खनन कही और हो रहा है।अवैध खनन के मामले में भेल्लोर घाट भी अपने आप में पीछे नहीं है। कौशांबी जिले की जनता यह जानना चाहती है की आखिर इन सबको बढ़ावा देने वाले को और जनता का पैसा डकारने वाले को यह हक किसने दिया।क्या इन भ्रष्टाचारियों को रोकने वाला कोई नहीं।

भीषण गर्मी में भी शहर में नहीं हुई प्याऊ की व्यवस्था

स्वतंत्र प्रभात

प्रयागराज। सुबह से ही सूर्य देव का तपिश शुरू हो जाती है। दोपहर के समय लू के थपेड़े चलने लगते है। इससे पंखा और कूलर का असर नहीं पड़ता है। दोपहर के समय शहर के मुख्य बाजार, सड़कें सूनी पड़ जाती हैं। मौसम विभाग के अनुसार शनिवार को अधिकतम तापमान रहा। दोपहर का अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया हैं। न्यूनतम तापमान में भी एक डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी हुई है। चिलचिलाती धूप से आम लोग परेशान हैं। जिसके कारण आम लोग जरूरी काम से ही बाहर निकलते हैं। रिक्शा, ठेला चालक, सड़क किनारे खोमचा लगाने वाले छोटे दुकानदार तथा मजदूरी करने वालों के साथ स्कूली छात्र- छात्राओं को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

ऐसे में शासन व प्रशासन ने सार्वजनिक जगह व चौक-चौराहों पर प्याऊ की व्यवस्था नहीं की है। जिसके कारण लोगों को प्यास बुझाने के लिए इधर-उधर भटकना पड़ता है। समर्थ लोग बोतलबंद पानी से काम चला रहे है। आटो स्टैंड, बस स्टैंड पर आम यात्रियों व राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। जिससे चिलचिलाती धूप में आम राहगीरों को दिक्कत उठानी पड़ रही है।देखा जाए तो पहले शासन व प्रशासन की टीम के प्याऊ के व्यवस्था से पहले समाजसेवी जाग उठते थे। लेकिन इस भीषण गर्मी में समाजसेवियों का

भी पता नहीं चल रहा है और शहर में कहीं भी प्याऊ की व्यवस्था नहीं की गई है। जिससे आमजन मानस को प्यास बुझाने में काफ़ी फजीहतों का सामना करना पड़ रहा है।

अपहरण कर हत्या के दो आरोपियों को मुठभेड़ में लगी गोली तीनो आरोपी गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात

प्रयागराज। गंगानगर के थरवई थाना क्षेत्र में शादी समारोह से अगवा किसान लालमनि पटेल (32) की हत्या के तीन आरोपी शुक्रवार रात मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिए गए। इनमें से दो अजय पटेल और दिलीप पटेल गोली लगने से जख्मी भी हुए। उन्हें एसआरएन अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त इटिओस कार के अलावा दो तमंचे व कारतूस भी बरामद हुए हैं। गिरफ्तार किए गए तीसरे आरोपी से पुलिस देर रात तक पूछताछ में जुटी थी। डीसीपी गंगानगर अभिषेक भारती ने बताया कि थरवई में मलाक पुलिया के पास शुक्रवार रात पुलिस चेकिंग में लगी थीं। इसी दौरान एक कार से कुछ लोग आते दिखाई दिए। रुकने का इशारा करने पर उन्होंने कार की गति बढ़ा दी और फायरिंग करने लगे। पुलिस टीम ने घेराबंदी कर कार को रोक लिया तो इसमें सवार तीन युवक नीचे उतरकर भागने लगे। उन्होंने पुलिस टीम पर फायरिंग भी की। जवाबी फायरिंग में दो बदमाशों के पैर में गोली लगी और वह जमीन पर गिर पड़े। जबकि भाग रहे उनके तीसरे साथी को दबोच लिया गया। पूछताछ में पकड़े गए आरोपी ने अपना नाम विकास पासी निवासी इस्माईलगंज टिकरी बताया। साथ ही गोली लगने से जख्मी अपने दोनों साथियों का नाम दिलीप पटेल और अजय

पटेल बताया।

पुलिस ने दोनों घायलों को अस्पताल भेजा और विकास को लेकर थाने पहुंची। वहां पूछताछ में उसने बताया कि इस्माइलगंज टिकरी निवासी लालमणि पटेल के अपहरण और हत्या की वारदात में अजय, दिलीप व अन्य आरोपियों के साथ वह भी शामिल था। बता दें कि इस मामले में चार आरोपी पहले ही जेल भेजे जा चुके हैं।थरवई में 26 अप्रैल को शादी समारोह में गए लालमणि पटेल को कार,में अगवा कर लिया गया था। तीसरे दिन उसका शव यमुनानगर में लालापुर स्थित नगरवार घाट पर बालू के नीचे दफन मिला था। मृतक की पत्नी रेखा देवी ने इस मामले में अपने ही पट्टीदार अजय पटेल व दिलीप पटेल के साथ ही अन्य अज्ञात लोगों को आरोपी बनाया था। बाद में इस मामले में अजय का साला अनिल पटेल, उसका ससुर लालजी पटेल, मुख्य साजिशकर्ता विजय बहादुर पटेल और पूर्व जिला पंचायत सदस्य

कमलेश पटेल गिरफ्तार कर जेल भेजे गए थे। गिरफ्तार कर जेल भेजे जाने से पहले आरोपियों ने पूछताछ में बताया था कि कार में अगवा करने के साथ ही उन्होंने सिर में गोली मारकर लालमणि पटेल की हत्या कर दी थी।

पुलिस सूत्रों के मुताबिक, पूर्व में जेल भेजे गए आरोपियों ने पूछताछ में बताया था कि हत्याकांड का सूत्रधार विजय बहादुर पटेल निवासी दयालपुर सोरांव है। उसका जमीन को लेकर परिवार के ही कुछ लोगों से कई सालों से विवाद चल रहा था। आरोप है कि लालमनि उसके विरोधियों की मदद व उनके मुकदमे की कोर्ट में पैरवी करता था। इस बात को लेकर वह उससे रंजिश रखता था। नामजद आरोपी अजय व दिलीप पटेल मृतक के परिवार के ही थे लेकिन वह विजय बहादुर की ओर थे। इसके साथ ही उनका भी होली पर मृतक से विवाद हुआ था। इसी रंजिश में विजय बहादुर ने अजय व दिलीप के साथ मिलकर हत्या की साजिश रची।

मुख्यमंत्री को हाईवे पर नजर न आए एक भी गोवंश

● - पालिका प्रशासन ने गोवंश पकड़ने का अभियान किया तेज

स्वतंत्र प्रभात

शाहाबाद हरदोई । शाहाबाद नगर में 6 मई को भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में जनसभा संबोधित करने के लिए आ रहे उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यक्रम को लेकर प्रशासन पूरी तरह से सतर्क है। अंबेडकर पार्क में जनसभा को लेकर जहां तैयारियां प्रारंभ कर दी गई हैं वहीं हेलीपैड से जनसभा स्थल तक हाइवे पर एक भी छुट्टा गोवंश न दिखे इसके लिए गोवंशों को पकड़ने का अभियान तेज कर दिया गया है। नगर पालिका परिषद मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर पूरी तरह से मुस्तैद है। नवीन मंडी स्थल में हेलीपैड की तैयारी की जा रही है। नवीन मंडी स्थल से अंबेडकर पार्क तक के रास्ते पर साफ सफाई का अभियान कल से चलाया जा रहा है। शनिवार को हाईवे पर टहलते छुट्टा गोवंशों को पकड़ने का अभियान नगर पालिका परिषद द्वारा चलाया गया। बड़ी संख्या में छुट्टा गोवंशों को पकड़ कर सफीपुर गौशाला भेजा जा रहा है। प्रशासन नहीं चाहता है कि हेलीपैड से जनसभा स्थल तक कार में सवार होकर गुजरने वाले मुख्यमंत्री को एक भी छुट्टा गोवंश सड़क पर दिखाई दे। प्रशासन का मानना है अगर एक भी छुट्टा गोवंश सड़क पर दिखाई दिया तो प्रशासन पर आफत आ जाएगी। आफत से बचने के लिए नगर पालिका परिषद के सफाई विभाग की टीम सफाई कर्मचारियों को लेकर हाइवे पर पहुंची और बड़ी संख्या में हाईवे पर घूमने वाले छुट्टा गोवंशों को पड़कर पिकअप डाले में लादा गया और सफीपुर स्थित गौशाला में छोड़ गया है। छुट्टा गोवंशों को पकड़ने का यह कार्यक्रम 6 तारीख तक लगातार जारी रहेगा।

एक मैरिज हाल में सजी मुशायरे की महफिल

स्वतंत्र प्रभात

हरदोई बीती रात नगर के रिज पैलेस मैरिज हाल में मुशायरे की महफिल सजाई गई जिसमें नामचीन शायरों ने शिरकत की। रिज पैलेस के मालिक एडवोकेट रिजवान उल्ला खान के बेटे एडवोकेट इमरान उल्ला खां की ओर से आयोजित मुशायरे की सदारत अधिवक्ता रिजवान उल्ला खान ने, जबकि निजामत मशहूर नाजिम नदीम फर्रुक ने की। मुशायरे में अवध बार एसोसिएशन के पूर्व उपाध्यक्ष वरिष्ठ वकील एस एम रहमान फैजी ने मेहमाने खुसूसी के तौर पर शिरकत की। कानपुर के मकनपुर से आए शायर आसिम मकनपुरी ने नात शरीफ और राजधानी लखनऊ से आई कवयित्री पूनम मिश्रा ने सरस्वती वंदना से मुशायरे की शुरुआत की। मुशायरे में गजल पढ़ते हुए स्थानीय शायर फैज हैदर वारसी ने पढ़ा - ÷है कसम मुल्क में दंगे नहीं होने देंगे, मेरे भारत तेरे टुकड़े नहीं होने देंगे।÷ सहारनपुर से आए मशहूर शायर

बिलाल सहारनपुरी ने कलाम पेश करते हुए पढ़ा -÷इस साल भी वो फीस अदा कर नहीं सका, इस साल भी गरीब के बच्चे नहीं पढ़े।" शायर शाहबाज तालिब ने पढ़ा -"हर दुख पहले आ जाता है खुशखबरी देर से आती है, हम उस कस्बे में रहते हैं जहां चिट्ठी देर से आती है।" लखनऊ से आए शायर शाहिद कमाल ने अपना कलाम पढ़ते हुए कहा - "होना अगर यही है तो फिर बेहिसाब हो, वो कौन है जो मेरी तरह से खराब हो।"

बाराबंकी से आए शायर फैज खुमार ने पढ़ा -"किसी से मुहब्बत किए जा रहा हूं, मैं खुद से बगावत किए जा रहा हूं।" नदीम फर्रुक ने रिश्तों के हवाले से शेर पढ़ते हुए कहा -" नागवारी है तुझे मान बाप के अंदाज पर, सब समझ हो जायेगा औलाद हो जाने के बाद÷। इसके अलावा सलमान जफर पिहानवी, जमील असगर मुंबई, आसिम मकनपुरी, पूनम मिश्रा लखनऊ, इजहार शाहाबादी, सुलतान शहाबादी ने भी अपनी गजलें पेश की। लगभग 3 बजे खत्म हुए मुशायरे में आसिम जाफरी, अनीस खान वारसी, नजम जिलानी, अकरम आजाद, एडवोकेट तैय्यब, एडवोकेट सैफ, अली वारसी, ताहिर खान सहित सैकड़ों की संख्या में लोग आखिर तक मौजूद रहे।

24 घंटे में युवक, युवती के अधजले शव मिलने से सनसनी

● - शनिवार को राया क्षेत्र में मिला युवक का अधजला शव

शुक्रवार को गोवर्धन क्षेत्र में नहर किनारे मिला था युवती का शव

स्वतंत्र प्रभात

शनिवार को युवक का शव मिलने की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस।

मथुरा। 24 घंटे के अंदर दो अधजले शव मिलने से कई सवाल खडे हो गये हैं। शुक्रवार को थाना गोवर्धन क्षेत्र के अंतर्गत कस्बा अडींग चौकी की नहर की पटरी पर 19 वर्षीय युवती का अधजला शव मिला था। शनिवार की सुबह राया क्षेत्र में सड़क किनारे एक बक्से के अंदर 20 वर्षीय युवक का शव मिलने की सूचना पर पुलिस दौडी। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। दोनों शवों की की पहचान अभी तक नहीं हो सकी है। एसएसपी मथुरा शैलेश पांडेय ने युवती के शव की शिनाख्त के लिए 30 पुलिसकर्मियों की टीम को लगाया है। पुलिस टीमें चार राज्यों में युवती की पहचान सुनिश्चित करने के प्रयास कर रही हैं। दोनों शवों के मिलने के बाद तरह तरह की चर्चाएं हो रही हैं। दोनों शव अध जली अवस्था में मिले हैं। इससे लोग इसे ऑनर किलिंग से भी जोड कर देख रहे हैं। शनिवार को थाना राया क्षेत्र की चौकी बिचपुरी क्षेत्र के अयेरा गांव के समीप सड़क किनारे ग्रामीणों ने एक बंद बक्सा देखा तो पुलिस को इसकी सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने देखा तो बक्सा के अंदर अधजली अवस्था में एक अज्ञात युवक का शव मिला। जिसकी गर्दन पर काटने का निशान भी था। पुलिस ने स्थानीय लोगों से जानकारी लेने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना की जानकारी पर एसपी देहात त्रिगुण बिसेन भी घटनास्थल पर पहुंचे व पुलिस अधिकारियों से जानकारी ली। 24 घन्टे के अंदर एक युवक व युवती के अज्ञात शव मिलने से मथुरा पुलिस के सामने इसका जल्द खुलासा करने की चुनोती खड़ी हो गयी है। मथुरा पुलिस ने दोनों घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए अन्य जनपदों व सीमावर्ती राज्यों में पुलिस को दोनों घटनाओं से संबंधित जानकारी साझा करते हुए शिनाख्त के प्रयास तेज कर दिए हैं। दोनों ही घटनाओं को लेकर पुलिस के आलाधिकारी पूरे मामले पर नजर बनाए हुए हैं व जल्द ही खुलासे का दावा भी किया है।

बिल्डिंग मटेरियल कारोबारी पर ठोका 91 हजार का जुर्माना

● - सड़क किनारे अतिक्रमण पाये जाने पर नगर निगम ने की कार्यवाही

स्वतंत्र प्रभात

जुर्माना लगाये जाने की कार्यवाही करती नगर निगम की टीम।

मथुरा। नगर निगम ने बिल्डिंग मैटेरियल कारोबारी पर 91 हजार का जुर्माना ठोका है। सड़क किनारे अतिक्रमण पाये जाने पर टीम ने कार्यवाही की है। नगर आयुक्त के निर्देशों के क्रम में सहायक नगर आयुक्त कल्पना सिंह चौहान एवं सहायक नगर आयुक्त राकेश त्यागी द्वारा को महोली रोड पर अतिक्रमण के विरूद्ध अभियान चलाया गया। अतिक्रमण अभियान के अन्तर्गत अतिक्रमण कर्ताओं द्वारा किये गये अतिक्रमण को हटवाने के साथ साथ जुर्माने की कार्यवाही की गयी। अतिक्रमण अभियान के दौरान महोली रोड पर लोगों द्वारा बिल्डिंग मैटेरियल रखकर अतिक्रमण होता पाया गया, जिसमें बिल्डिंग मैटेरियल को जब्त करते हुए 91000 रुपये का जुर्माना वसूल किया गया। इसी के साथ सहायक नगर आयुक्त द्वारा अतिक्रमण कर्ताओं को कड़ी चेतावनी दी गयी कि भविष्य में बिल्डिंग मैटेरियल रखकर अतिक्रमण होता पाया जाता है तो सम्पूर्ण सामग्री को जब्त करते हुये जुर्माने की कार्यवाही की जायेगी। अतिक्रमण अभियान के दौरान केके सिंह सफाई एवं खाद्य निरीक्षक, राजकुमार लवानिया सफाई एवं खाद्य निरीक्षक, बीएसए पुलिस चौकी इंचार्ज संदीप कुमार, नगर निगम प्रवर्तन दल से राजेश सूबेदार, राहुल चतुर्वेदी, राजेश नायक सूबेदार, दीपक शर्मा आदि नगर निगम के कर्मचारी उपस्थित रहे।

रिफाइनरी से पहली बार वसूला टैक्स

● - नगर निगम ने वसूला 80 लाख का बिल

स्वतंत्र प्रभात

मथुरा। इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन मथुरा रिफाइनरी से पहली बार 80 लाख का टैक्स वसूला गया। वर्ष 2021 से लेकर 2023 तक का टैक्स मथुरा रिफाइनरी पर करीब 80 लाख रुपये बकाया चल रहा था। जिस के लिए रिफाइनरी प्रबंधन से बार बार पत्राचार कर धनराशि जमा करने का आग्रह किया गया था। नोटिस निर्गत होने की तिथि निकल जाने के पश्चात नगर निगम के द्वारा मथुरा रिफाइनरी का स्टेट बैंक में खाता सीज कर दिया था। उक्त प्रकरण में मथुरा रिफाइनरी के द्वारा मा उच्च न्यायालय प्रयागराज में रिट योजित की गई। दोनों पक्षों को सुनने के पश्चात मा उच्च न्यायालय के द्वारा रिफाइनरी प्रबंधन को बकाया धनराशि को अविलंब जमा कराने हेतु आदेशित किया गया। ज्ञात रहे कि मथुरा रिफाइनरी प्रबंधन का कहना था कि हमारा संस्थान भारत सरकार के 243 एच आर्टिकल के मुताबिक सभी प्रकार के टैक्स से मुक्त है इसलिए वह नगर निगम का टैक्स जमा नहीं करेंगे जबकि नगर निगम का कहना था कि यह आदेश केवल सेंट्रल के टैक्स के लिए लागू है स्टेट गवर्नमेंट या स्थानीय निकाय के नियमों पर लागू नहीं है। नगर निगम ने मा उच्च न्यायालय में शासनादेश का हवाला देते हुए अवगत कराया की लोकल बॉडी अपने सभी प्रकार के टैक्स वसूलने के लिए सक्षम है मा उच्च न्यायालय ने नगर निगम की इस बात को स्वीकार करते हुए मथुरा रिफाइनरी के खिलाफ आदेश जारी किया है। आखिरकार इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन मथुरा रिफाइनरी के द्वारा अपना बकाया टैक्स 80 लाख रुपया आज नगर निगम मथुरा वृंदावन के खाते में जमा कराया गया। ज्ञात रहे मथुरा रिफाइनरी के द्वारा पहली बार नगर निगम मथुरा वृंदावन को कर का भुगतान किया गया है।

डीएम ने गेहूं खरीद में तेजी लाने के दिये निर्देश

● - खरीद केन्द्र प्रभारी सचिवों एवं लेखपालों का लेंगे सहयोग

स्वतंत्र प्रभात

मथुरा। डीएम ने गेहूं खरीद केंद्रों पर खरीद में तेजी लाने के निर्देश दिये हैं। जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में गेहूं क्रय केंद्रों के प्रभारियों के साथ बैठक हुई संपन्न। जिलाधिकारी ने सभी प्रभारियों को सख्त निर्देश देते हुए गेहूं खरीद को बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने गेहूं क्रय बढ़ाने हेतु सचिवों एवं लेखपालों का सहयोग लेने के निर्देश दिए। उन्होंने अपर जिलाधिकारी प्रशासन को निर्देशित किया कि समस्त उप जिलाधिकारियों तथा जिला पंचायत राज अधिकारी के साथ बैठक कर लेखपालों व सचिवों का सहियोग लेते हुए गेहूं क्रय बढ़ाने हेतु कार्य योजना बनाए। जिलाधिकारी ने सभी केंद्र प्रभारियों को गांव गांव जाकर किसानों से निरंतर संपर्क करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि रोस्टर बनाकर किसानों से मोबाइल के माध्यम से संपर्क करे। जिलाधिकारी ने समस्त 89 क्रय केंद्रों को उपकरणों से लैस रखने के निर्देश दिए। केंद्रों पर आने वाले किसानों से विनम्र रहे, ससमय किसानों के गेहूं क्रय के कार्य को सम्पन्न करे। किसानों को केंद्रों पर किसी भी प्रकार की समस्या नहीं आनी चाहिए। सुगम एवं सरलता से किसानों का कार्य संपन्न करे। जिलाधिकारी ने सख्त निर्देश दिए कि गेहूं क्रय केंद्रों पर किसी प्रकार की लीकेज, लापरवाही नहीं होनी चाहिए। केंद्रों पर लीकेज, लापरवाही की शिकायत प्राप्त होने पर संबंधित के विरुद्ध कार्यवाही की जाएंगी। उन्होंने एफ.सी.आई के अधिकारियों को पारदर्शिता एवं समयबद्धता के साथ अपने कार्यों को संपादित करने के निर्देश दिया। अंत में जिलाधिकारी ने अधिकाधिक गेहूं खरीद का कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रशासन विजय शंकर दुबे, जिला खाद्य विपरण अधिकारी संतोष कुमार यादव तथा समस्त गेहूं क्रय केंद्र प्रभारी उपस्थित रहे।

उफन कर घरों में घुस रहा नालों का गंदा पानी

स्वतंत्र प्रभात

मथुरा। वृन्दावन शहर में गंदगी से भरे नाले लोगों के लिए मुसीबत का कारण बन रहे हैं। नाले के पास बसी कॉलोनी के लोगों के लिए यह परेशानी दोगुनी हो गई है। एक ओर उन्हें गंदगी से होने वाली बीमारियों का डर सता रहा है, वहीं दूसरी ओर बारिश में होने वाले जलभराव की समस्या उन्हें दिन प्रतिदिन बेचौन कर रही है। इस समस्या पर स्थानीय निवासियों का कहना है कि नगर निगम अधिकारियों की लापरवाही का खामियाजा आम लोगों को भुगतना पड़ रहा है। साथ ही अगर समय रहते नालों की सफाई नहीं करवाई गई तो मानसून में लोगों को जलभराव की समस्या से जूझना पड़ेगा। शहर की कॉलोनियों व गांव में बने नालों की समय पर सफाई न होने के कारण नाले गंदगी से भरे पड़े हैं। यही वजह है कि नालों से पानी की निकासी नहीं हो पा रही है। बीते दिन हुई हल्की बारिश में नालों का पानी सड़कों पर भर गया, जिसके बाद गंदा पानी घरों में भी प्रवेश कर गया। जलमग्न हुए शहर की स्थिति को देखकर भी अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। लोगों को डर है कि यदि मानसून में भी सफाई को लेकर अधिकारियों का रवैया ऐसा रहा तो लोगों को काफी परेशानी झेलनी पड़ेगी।

घरों में घुसा नाले का पानी।

वृंदावन में डलाबघर के कूड़े में लगी आग

स्वतंत्र प्रभात

मथुरा। धर्म नगरी की परिक्रमा मार्ग स्थित रामनगर कालोनी में निगम प्रशासन की घोर लापरवाही सामने आई है। सड़क किनारे बने डलाबघर में आग लगने का वीडियो सामने आया है। जिसमें एनजीटी के आदेशों की खुलेआम धज्जियां उड़ रही है। वहीं रिहायशी इलाके में आगजनी का खतरा भी बना रहा। आपको दिख रहा फोटो परिक्रमा मार्ग स्थित रामनगर कालोनी का है। सफाईकर्मियों की लापरवाही के चलते खाली प्लाट में डलाबघर बन चुका है। बीती रात उक्त प्लाट के कूड़े में आग लग गई। यहां बताते चलें कि यह रिहायशी इलाका है। जिससे आसपास के इलाके में आग फैलने का खतरा बना रहता है। वही कॉलोनी निवासी अनुज ने बताया कि खाली पड़े प्लॉट में सफाई कर्मियों के द्वारा एकत्रित किया हुआ कूड़ा डाला जाता है। जिससे मच्छर और बीमारियों का तो डर बना ही रहता है। साथ ही इस प्लॉट में पड़े कूड़े में पहले भी कई बार आग लग चुकी है और कई बार नगर निगम को इससे सूचित किया गया है, लेकिन उसके बावजूद भी इस प्लॉट में कूड़ा डाला जाता है और इस कूड़े के ढेर में आए दिनों आग लग जाती है। जिससे दुर्गंध और बीमारियां पनपती है।

संक्षिप्त ख़बरें

आंदोलनकारियों को जेल भेज कर चुनाव प्रक्रिया से दूर रखना लोकतांत्रिक व्यवस्था में घोर अन्याय- भुनेश्वर यादव

बरही- बरही विधानसभा के वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता भुनेश्वर यादव ने जेबीकेएसएस आंदोलनकारियों को नामांकन के दौरान जेल भेजे जाने को लेकर दुर्भाग्यपूर्ण करार दिया है। उन्होंने कहा कि आंदोलनकारियों को जेल भेज कर चुनाव प्रक्रिया से दूर रखना लोकतांत्रिक व्यवस्था में घोर अन्याय है। बताया कि बहुत पहले ही डॉ राम मनोहर लोहिया ने कहा था कि यदि सड़क सुना हो जायेगा तो संसद आवारा हो जाएगा। आज आंदोलनकारियों को गिरफ्तार कर सड़क को सुना कर संसद को आवारागर्दी के साथ चलाने का इससे भयावह दृश्य और क्या हो सकता है। मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि ऐसे में वक्त आ गया है कि जहां कहीं भी आंदोलनकारियों का नामांकन हो पाया है वहां के देवतुल्य महान मतदाताओं का कर्तव्य है कि अपना एक-एक वोट आंदोलनकारियों को देकर निर्वाचित करें ताकि संसद को आवारा होने से रोका जाए। कहा कि जो लोग बेलगाम और निरंकुश शासन सपना देख रहे हैं ऐसे लोगों पर लगाम लगाकर उनके मंसूबों पर पानी फेरा जाए।

भामाशाह बरही में छात्र समर निषाद को दी गई श्रद्धांजलि, शोक सभा का आयोजन

बरही- भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मन्दिर बरही के कक्षा पंचम में पढ़नेवाले छात्र समर निषाद पिता शिवा निषाद मल्लाहटोली बरही का देहांत हो गया। इस दुखद घटना को लेकर पूरा विद्यालय परिवार शोकाकुल है। वहीं प्रधानाचार्य रजनीश कुमार पाण्डेय ने कहा कि छात्र समर निषाद एक होनहार छात्र थे। यह घटना बहुत ही दुखदाई है। इस दुखद घटना के बाद विद्यालय के सभी भैया बहन, आचार्यजी, दीदी जी ने शोक सभा का आयोजन कर अपनी नम आँखों से छात्र समर निषाद को श्रद्धांजलि अर्पित किया।

लीगल लिटरेसी क्लास का हुआ आयोजन

साहेबगंज झारखंड- झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के निर्देशानुसार और जिला विधिक सेवा प्राधिकार, साहेबगंज के अध्यक्ष- सह- प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अखिल कुमार के तत्वाधान में आज यू0यू0 कन्या उच्च विद्यालय, साहेबगंज में लीगल लिटरेसी क्लास का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में उपस्थित बच्चियों को हमारे देश के संविधान एवं बाल विवाह, डायन प्रथा, मौलिक अधिकार और ईव-टीज़िंग (महिलाओं के साथ छेड़छाड़) व अन्य कानूनों के बारे में जानकारी दी गई 7 उनलोगों को यह भी बताया गया कि अगर आपके आसपास में बाल विवाह होता है, किसी तरह का मौलिक अधिकार का हनन होता है तो इसकी जानकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकार को दें 7 झारखण्ड लीगल सर्विसेज अथॉरिटी, रांची द्वारा लाँच कि गई गर्भवती महिला कैदियों के लिए कानूनी सहायता के बारे में कानूनी जानकारी भी प्रदान कि गई कि जिसमें उनके स्वस्थ्य देखभाल, पोषण ओय उनके कानूनी अधिकार के बारे में बताया गया।प्राधिकार से सचिव- सह -वरीय सिविल जज बिश्वनाथ भगत ने बताया गया कि बालिकाओं पर अत्याचार करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का कानूनी प्रावधान है।पीड़ितों को न्याय दिलाने में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, साहेबगंज हर कानूनी मदद देता है।

पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारी प्रथम का कराया गया प्रशिक्षण

देवरिया 4 मई। पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारी प्रथम का प्रशिक्षण इंदिरा गांधी बालिका विद्यालय टाउन हाल एवं शिशु मान्टेसरी स्कूल में कराया गया। प्रथम पाली में 367 कार्मिकों द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त किया गया, जबकि 1 कार्मिक अनुपस्थित पाये गये। कुल 6368 कार्मिकों के सापेक्ष 6306 कार्मिक प्रशिक्षण में उपस्थित हुए तथा 62 कार्मिक अनुपस्थित पाये गयें। समस्त उपस्थित पीठासीन अधिकारी तथा मतदान अधिकारी प्रथम को लोक सभा चुनाव के सम्बन्ध में मतदान प्रारम्भ से मतदान समाप्त होने तक की प्रक्रिया से प्रशिक्षित किया गया। प्रभारी अधिकारी कार्मिक प्रत्यूष पाण्डेय ने प्रशिक्षण समाप्ति के समय कार्मिकों को निर्देशित किया कि वे द्वितीय प्रशिक्षण के समय अपने मत का प्रयोग पोस्टल बैलेट पेपर के माध्यम से करेंगे।

बरही पुलिस प्रशासन ने अतिक्रमणकारियों के खिलाफ की करवाई, चलाया बुलडोजर

स्वतंत्र प्रभात

बरही- बरही गया रोड में शुक्रवार की रात्रि हुए सड़क दुर्घटना में एक बालक की मौत हो गई। जिसके बाद अतिक्रमण मुक्त करवाने को लेकर ग्रामीणों ने जमकर हंगामा किया। वहीं घटना के अगले दिन प्रशासनिक पदाधिकारी बुलडोजर लेकर पहुंचे और एक एक कर सभी अतिक्रमणकारियों के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए सड़क को अतिक्रमण मुक्त कराया। पुलिस प्रशासन ने शनिवार को गया रोड में अतिक्रमण मुक्त अभियान चलाया। जिसमें ग्रामीण बैंक की सीढ़ी, निजाम मार्केट का सीढ़ी, केशरी फर्नीचर भवन सहित कई दुकानों द्वारा किए गए अतिक्रमण को तोड़ कर पूर्ण रूप से अतिक्रमण हटाया। अतिक्रमण अभियान बरही एसडीओ जोहन टुडू, बरही एसडीपीओ सुरजीत कुमार, बरही अंचलाधिकारी राम नारायण खलखो, पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी बरही चंद्रशेखर कुमार, राजस्व कर्मचारी रितलाल रजक, सरकारी अमीन चेतन यादव सहित बरही थाना की पूरी पुलिस टीम मौजूद रहे। अतिक्रमण मुक्त करवाने में दो दो जेसीबी एवं कई ट्रैक्टरों का सहयोग लिया गया। इस बाबत एसडीओ एवं अंचलिधिकारी ने संयुक्त रूप से कहा कि इसके बाद अगर लोगो द्वारा पुनः अतिक्रमण का कार्य करेंगे तो अबकी बार उनके खिलाफ कठोर कार्यवाही की जाएगी।

डॉ बंसत नारायण सिंह उच्च विद्यालय में शिक्षक अभिभावक गोष्ठी का हुआ आयोजन

स्वतंत्र प्रभात

चौपारण, हजारीबाग, झारखंड- चौपारण प्रखंड के डॉ बंसत नारायण सिंह उच्च विद्यालय बसरिया में दिन शनिवार को शिक्षक - अभिभावक संगोष्ठी का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय परिसर में लगे रामसेवक बाबू के प्रतिमा पर पुष्पांजलि कर किया गया। बैठक की अध्यक्षता ब्रजभूषण इंद्रगुरु ने किया। बैठक को संबोधित करते विद्यालय सचिव रवि सोनी ने विद्यालय के वर्तमान स्थिति को बताते कहा कि डॉ बंसत नारायण का इतिहास बहुत बड़ा है यहाँ से कई ऐसे ऐसे विदयर्थी निकले है जो वर्तमान समय मे कई बेहतर पदों पर कार्यरत है। वर्तमान समय मे विद्यालय के 7 क्लास रूम की अवस्था बहुत ही जर्जर है जिसे ढलाई करने के लिए लगभग 7 लाख रुपये की आवश्कता है। इस ढलाई के लिए यहाँ से निकले विद्याथियों , अभिभावक , समाजसेवी और दान दाताओं को विद्यालय को सहयोग करने का अपील किया। वही विद्यालय के प्रधानाचार्य अशोक रजक ने वर्ष 23-24 की वित्तिय लेखा जोखा को अभिभावकों के बीच प्रस्तुत किया। इस बीच अशोक रजक ने उपस्थित अभिभावकों को विद्यालय को अपना मदद देने का अनुरोध किया। इस बीच अभिभावकों ने शिक्षा को आगे बढ़ाने के लिए वैकल्पिक उपाय सोचा और पूर्व वर्ष इंटर के संचालन पर अपनी सहमति जताया और इंटर के प्रभारी के रूप में जाबिर अंसारी को चुना गया। प्रभारी जाबिर अंसारी ने अभिभावकों को जानकारी दिया कि अब बच्चों को बेहतर शिक्षा के लिए बाहर भेजने की जरूरत नही अब इसी विद्यालय में इंटर कला (आर्ट्स) विज्ञान (साइंस) की पढ़ाई उच्च व प्रशिक्षित शिक्षक द्वारा करवाई जा रही है। सत्र 2024-26 के लिए नामांकन जारी है। अपने बच्चे के उज्ज्वल भविष्य के लिए नामांकन जरूर करवाये। मौके पर बैठक की अध्यक्षता कर रहे ब्रजभाषा गुरु ने 5000 रुपये का सहयोग दिया। कार्यक्रम का मंच संचालक शिक्षक चाँद प्रसाद ने किया अंतिम रूप में सचिव रवि सोनी ने धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम समापन की घोषणा किया।

बैठक में उपस्थित रहे ये लोग

बृजभूषण गुरु, बसंती देवी, नरेश पासवान, दिगम्बर भुईया, बीरेंद्र रजक, गणेश स्वर्णकार, उमेश यादव, उमेश साव, पंकज सोनी, अंकित पासवान, नितेश साव, रोहित पासवान, कामेश्वर रविदास, गोविंद स्वर्णकार, दामोदर केशरी, कुनैश यादव, सुनील कुमार, घनुषी प्रजापति, शिक्षक जाबिर अंसारी, साकेत कुमार, अनिल देव, रंजन केशरी, संजीत पंडित, सुनील कुमार, शिक्षिका सीमांत कुमारी, बिनोद केशरी, अरुण रजक समेत कई लोग उपस्थित रहे..

इन लोगो ने विद्यालय को दिया सहयोग

कृष्णा कसेरा बसरिया एक कम्प्युटर, अशोक साव अभियंता रतनाग 2 कम्प्युटर, जयप्रकाश इन्द्र गुरु पूर्व सचिव कम्प्युटर,

शिवानन्द साहु C-सीतामढ़ी (बिहार), सतेश्वर भुईया अभियंता (अमझर) 12,000, जनार्दन प्र. यादव बैंक मैनेजर (पडरिया) 12,000, सुभाष प्रजापति दारोगा (पड़रिया) 12,000, रवि कु. सोनी सचिव (बसरिया)10,000, अशोक रजक प्रधानाध्यापक10,000, जाबीर अंसारी अंग्रेजी शिक्षक 10,000, सीमा कुमारी हिन्दी शिक्षिका 10,000, साकेत कुमार शिक्षक प्रतिनिधि 10,000 , रंजन कु. केशरी गणित शिक्षक 10,000, संजीत कु. पंडित कम्प्युटर अनुदेशक 9,000, निर्भय कु. सिन्हा शारीरिक शिक्षा शिक्षक 9,000 , सुनील कुमार रसायन शिक्षक 8000, अनिल कुमार देव लिपिक 9,000 , विनोद प्र. केशरी केशरी आदेशपाल 10,00, अरुण रजक रात्री प्रहरि 8000, चाँद प्रसाद शिक्षक प्रवेशिका 10,000, दयानन्द ठाकुर शिक्षक बेलाही) 10,000, भुनेश्वर यादव पू-जिप. प्रतिनिधि 10.000, दान दाता सदस्य 50 बोरा सिमेंट, कृष्णा यादव JBKSS 2 हाइवा गिट्टी समेत कई लोगो ने अपना सहयोग विद्यालय को दिया।

शिक्षा जीवन को बेहतर बनाने वाली संभावना तक पहुंचती है- मेरी लकड़ा

स्वतंत्र प्रभात

चैनपुर- चैनपुर प्रखंड के संत पीटर उच्च विद्यालय टोंगो के सभागार में शनिवार को एकेडमिक क्लास का आयोजन कर विद्यार्थियों के बीच पढ़ाई को लेकर वर्तमान समय में आने वाले चुनौती एवं शिक्षा के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। इस दौरान मुख्य रूप से चैनपुर जिला परिषद सदस्य मेरी लकड़ा उपस्थित बच्चों को शिक्षा के महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि आधुनिक युग आज इतनी तेजी से चल रहा है कि इस युग को आधुनिकता का क्रांतिकारी युग बोला जा सकता है। किसी भी समय में बदलाव अपने आप नहीं आते बदलाव लाए जाते हैं और इसके पीछे की यह प्रक्रिया शिक्षा के बिना असंभव है। आधुनिक युग में शिक्षा का महत्व पहले की तुलना में काफी बढ़ गया है। लोगों को अपना जीवन जीने में और अपने जीवन स्तर को ऊंचा उठने के लिए शिक्षा की काफी जरूरत है शिक्षा जीवन को बेहतर बनाने वाली संभावना तक पहुंचती है। आजकल के युग में अगर इंसान शिक्षित ना रहा तो उसे जीवन बिताने में कठिनाई हो सकती है। पढ़ाई करना इंसान के जीवन में बहुत जरूरी होता है। गरीब से गरीब आदमी भी अपने बच्चों को पढ़ा लिखा कर अफसर बनाने का सपना देखता है। अगर कोई बच्चा ठान ले तो बहुत पढ़ लिखकर डॉक्टर, वकील, जज या यूपीएससी की परीक्षा देकर बड़ा अफसर बन सकता है। आजकल के युग में अगर इंसान शिक्षित ना रहा तो उसे बाहर की दुनिया में कोई इज्जत नहीं देगा उसका सम्मान नहीं करेगा। शिक्षा मनुष्य के अंदर अच्छे विचारों को लाती है और गंदे विचारों को बाहर करते हैं। शिक्षा मनुष्य के जीवन का मार्ग दिखाती है यह मनुष्य को समाज में प्रतिष्ठित काम करने के लिए प्रेरणा देती है। जीप सदस्य मेरी लकड़ा ने बच्चों को मोटिवेट कर शिक्षा के महत्व के बारे में बताते हुए

बेहतर पढ़ाई करने की टिप्स भी दी। साथ ही उन्होंने बच्चों से पढ़ाई के समय आने वाले चुनौतियों से निपटने के बारे में भी बताया। बच्चे उनकी बातों से काफी प्रेरित हुए। मौके पर मुख्य रूप से विद्यालय के प्रधान अध्यापक फादर तेज कुमार बाखला, सहायक प्रधानाध्यापक वाल्टर जेवियर मिंज, थदेरियूस तिर्की, रेमेजीयूस कुजूर, बरनबास टोप्पो, अमित बाड़ा साहित्य शिक्षक व छात्र-छात्रा में उपस्थित थे।

रेडक्रॉस सोसाइटी की समीक्षा बैठक का हुआ आयोजन

स्वतंत्र प्रभात

साहेबगंज झारखंड- उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में समहरणालय सभागार में रेडक्रॉस सोसाईटी की बैठक हुई। बैठक में उपायुक्त महोदय द्वारा सर्वप्रथम उपस्थित सभी पदाधिकारी एवं व्यक्तियों का परिचय प्राप्त किया गया एवं स्वागत करते हुए बैठक की कार्रवाई प्रारंभ की गई।उपायुक्त द्वारा बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों से भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी की परिभाषा एवं उसके लक्ष्य के बारे में जानकारी ली। उन्होंने बताया गया कि भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी भारत में स्थित मानव जीवन को स्वास्थ्य की रक्षा के लिए एक स्वौच्छिक मानववादी संगठन है। इसका कार्य न केवल स्वास्थ्य संबंधी निःशुल्क सुविधा उपलब्ध कराना है अपितु आपदा ग्रस्त क्षेत्रों में जीवन रक्षक सभी सामग्रियों को जरूरतमंदों तक पहुंचाना भी है।उपायुक्त द्वारा सोसाइटी के सफल संचालन हेतु विभिन्न पहलुओं पर विचार-विमर्श किया गया।बैठक में भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी द्वारा हेल्थ कैंप, रक्त दान शिविर के आयोजन करने की रुप-रेखा तय करने के संबंध विचार-विमर्श किया गया। साथ ही सोसाइटी को सुचारु रुप से संचालित करने हेतु कार्यालय स्थापित करने के संबंध में निर्देश दिए गए।उपायुक्त ने कहा कि भारतीय रेडक्रॉस सोसाईटी, साहेबगंज की बैठक अब प्रत्येक माह को आयोजित की जाएगी। उन्होंने कहा कि जनहित कार्यों को विशेषकर बढ़ावा दिया जाना चाहिए।उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि 08.05 .2024 को कस्तूरबा गांधी बालिका उच्च विद्यालय साहेबगंज में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया जाए।उपयुक्त महोदय द्वारा साहेबगंज जिला अंतर्गत सभी सरकारी कर्मचारी, संविदा कर्मी एवं पदाधिकारी को ?500 सदस्यता शुल्क देकर वार्षिक सदस्य बनाने हेतु निर्देश दिया गया।इस कार्य हेतु सभी विभागों को पत्र देने का निर्देश दिया गया । हर वितिय वर्ष के

कार्य योजना में सचिव द्वारा पेट्रोन मेंम्बर 200 तथा वाइस पेट्रोन मेंम्बर 500 का लक्ष्य रखा गया है।सभी अपनी अहम भूमिका निभाते हुए समय- समय पर स्वास्थ्य, समाज कल्याण एवं विभिन्न क्षेत्रों में लोगों में हित में कार्य किए जाय, इसमें सामूहिक प्रयासों से सकारात्मक परिणाम प्रदर्शित होंगे।मौके पर जिला खनन पदाधिकारी कृष्ण कुमार किस्कू, सिटी मैनेजर बृजेश कुमार, रेट क्रॉस के सचिव डॉक्टर विजय कुमार एवं रेडक्रॉस के की सदस्य गण मौजूद रहे।

कंटेनर की चपेट में आने से बालक की मौत, आक्रोशित ग्रामीणों ने अतिक्रमण हटाने को लेकर किया सड़क जाम

स्वतंत्र प्रभात

बरही- बरही थाना क्षेत्र अंतर्गत गया रोड स्थित एक्सिस बैंक के समीप शुक्रवार रात्रि लगभग 9 बजे सड़क दुर्घटना में बरही मल्लाह टोली निवासी 12 वर्षीय समर निषाद पिता शिवा निषाद की मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार बालक कुछ सामान लाने अपने घर से बाहर निकला। इस दौरान अर्टिगा वाहन ने बिना देखे कार का दरवाजा खोल दिया। जिससे टकराकर बालक समर कुमार रोड पर जा गिरा। जिसके बाद बरही चौक की तरफ से आ रहे एक कंटेनर गाड़ी ने बालक को अपनी चपेट में ले लिया। जिससे बालक गंभीर रूप से घायल हो गया। बालक को आनन फानन में अनुममंडलीय अस्पताल बरही लाया गया जहां डॉक्टरो द्वारा बेहतर इलाज के लिए रिम्स रांची रेफर कर दिया गया। जहां इलाज के दौरान बालक की मृत्यु हो गई। घटना के बाद गुस्साए भीड़ ने शासन प्रशासन पर आरोप प्रत्यारोप लगाने लगे। ग्रामीणों की माने तो बरही चौक सहित हजारीबाग रोड़, पटना रोड, गया रोड और धनबाद रोड में प्रत्येक दिन अतिक्रमण लगा रहता है। लोग अपने ठेला, खोमचा रोड़ पर ही लगा देते है। जिससे रोड पर चलने वाले राहगीर एवं छोटी बड़ी गाडियां रोड पर ही रुकती है, जिससे ऐसे कई दुर्घटनाएं घटती है। जिसमे स्थानीय लोग अपनी जान गवां रहे है। घटना की जानकारी मिलते ही एसडीओ जोहन टुडू, एसडीपीओ सुरजीत कुमार, सीओ रामनारायण खलखो, इंस्पेक्टर सह थाना

प्रभारी चंद्रशेखर कुमार घटना स्थल पर पहुंचकर स्थानीय लोगों से वार्ता किया और उन्हें समझाने का प्रयास किया। इधर घटना के तुरन्त बाद सामाजिक कार्यकर्ता रमेश ठाकुर, जीप प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता, मुखिया समशेर आलम, मुखिया प्रतिनिधि छोटन ठाकुर, राहुल राणा, सुंदरी निषाद, टिंकू आलम समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

भारतीय संस्कृति, राष्ट्रवाद एवम देश के प्रधान मंत्रियों की तथ्य व आधार हीन आलोचना पश्चिमी मीडिया की अनैतिक आचरण का परिचायक- मदन प्रसाद भगत पूर्व मुखिया,पाकुड़िया पंचायत

स्वतंत्र प्रभात

भारतीय संविधान के अति पूनीत नीति निर्देश के आलोक में राष्ट्रीय ध्वज के मध्य अशोक चक्र गति शील एवम परिवर्तन शीलता का प्रतीक है जो सनातन संस्कृतिक मूल्यों की अभिव्यक्ति है। समय गतिमान व परिवर्तन शील है, यह शाश्वत प्राकृतिक धर्म है और आगे भी रहेगा। लेकिन भारतीय मान्य संस्कृति में सत्य व नैतिक मूल्यों की महत्ता व विशिष्टता रहती आई है और यही विशिष्टता भरी महत्ता की सुरभि से शुभाषित होता रहा है। लेकिन समय को गति व परिवर्तन शील कहा गया है और परिवर्तन शीलता का व्यापक दुष्प्रभाव इन दिनों दिख भी रहा और देश के विवेक शील नागरिक इसका अनुभव कर रहे हैं। इन दिनों विश्व के सबसे बड़े प्रजातांत्रिक एवम पंथ निरपेक्ष राष्ट्र भारत में लोक सभा का चुनाव हो रहा है। वहीं 2 दो चरणों का निष्पक्ष मतदान शांत माहौल में सम्पन्न किया जा चुका है। जनतंत्र में मतदान का मौलिक अधिकार है नागरिकों को संविधान द्वारा प्रदान किया गया है और वे अपनी पसंद के किसी भी राजनैतिक दल को अपना बहुमूल्य मत देने को स्वतंत्र हैं।परन्तु समय के साथ-साथ भारतीय प्रजातांत्रिक राष्ट्र इन दिनों 75वीं वर्षगाँठ मना रहा है।

भारत जैसे सांस्कृतिक राष्ट्र में जहाँ 97 करोड़ से अधिक मतदाता देश के भाग्य का निर्णय करेंगे। देश में एक ओर जहाँ राजनैतिक चेतना आई है वहीं राजनैतिक पार्टियों की कार्यशैली एवम प्रचार का स्तर गिरने से मतदाताओं को चिंतित होना स्वाभाविक है। कहा गया है कि भारत जैसे आध्यात्मिक व धर्म (कर्म) प्रधान राष्ट्र में नैतिक मूल्यों की महत्ता चिर काल से रही है। परन्तु इन दिनों अनैतिक आचरण से देश के प्रमाणिक मूल्यों में कमी देश वासियों को खल रहा है। विशेष राजनेताओं के वाक्य व कार्य शैली से आहत दिख रहे हैं। भारतीय संविधान ने राज्य संचालन में न्यायाय पालिका, कार्य पालिका व विधायिका को पूर्ण अधिकार प्रदान करते हुए कर्तव्यों की महत्ता को भी रेखांकित किया है। यद्यपि मीडिया को किसी प्रकार का संवैधानिक अधिकार प्रदत्त नहीं है तथापि लोकतंत्र के सुसंचालन में इसकी महत्ता को रेखांकित करते हुए लोकतंत्र का चौथा खम्भा कहा गया है। लेकिन आये दिन विशेष रुप से वर्ष 2014 में केन्द्रीय सत्ता में भारतीय जनता पार्टी के पूर्ण बहुमत से सरकार बनने तथा नरेन्द्र मोदी के प्रधान मंत्री के पद पर आसीन होने से भारतीय राजनीति में अमर्यादा का दौर प्रारम्भ हुआ।हालाँकि राजनैतिक प्रतिस्पर्द्धा रही पर सत्ता व विपक्ष पार्टियों में मर्यादित आचरण भी देखा गया। गति व परिवर्तन शीलता भारतीय संस्कृति का घोष वाक्य है। लोग इससे अनभिज्ञ कतई नहीं होंगे कि स्वर्ग की सत्ता भी किसी एक पक्ष में नहीं रही। दिव्य कर्म से राक्षस राज बलि आदि भी स्वर्ग में सत्तासीन हुए पर सत्ता के मद में चूर होकर अधिकांश ने स्वभाव एवम संचित राक्षसी वृत्ति के कारण वे देव, मानवों को पीड़ित करते रहे और परिणाम उन्हें स्वर्ग की सत्ता से वंचित होना पड़ा।

बहरहाल यदि भारत वर्ष के जन व मन में भाजपा है और उसे पूर्ण बहुमत से सरकार गठन का अधिकार दिया है तब फिर द्वेषपूर्ण राजनैतिक आचरण तथा अनर्गल प्रलाप ही क्यों? भारत वर्ष की स्वतंत्रता के उपरांत केन्द्र की सत्ता में पहली बार भाजपा को पूर्ण बहुमत की सरकार के गठन तथा नरेन्द्र मोदी देश के प्रधान मंत्री बनने पर राहुल गांधी ने ईर्ष्यावश शूट बूट की सरकार कहते हुए खिल्ली उड़ाई। पूर्ण बहुमत से चूनी गयी सरकार विशेष रुप से नरेन्द्र मोदी को राक्षस, खूनी आदि अनेकों अपशब्द कहते हुए उन्हें लांक्षित करने का असफल प्रयास किया जाता रहा। तत्पश्चात जीएसटी को गब्बर सिंह टैक्स, सीएए एनआरसी एवम नागरिक संशोधन कानून के अलावे कोरोना तथा कृषि बिल पर लोगों विशेषकर किसानों को आधार व तथ्यहीन बातें कह कर देश में अराजकता फैला कर प्रधान मंत्री को अपशब्द कहा गया। इसके बाद लोक सभा चुनाव के प्रचार के दौरान भारत के संविधान बदलने का आरोप भी प्रधान मंत्री पर मढ़ा गया। इतना अनर्गल प्रचार से जी नहीं भरा तो कांग्रेस के नेता राहुल गांधी हिन्दु, हिन्दुत्व, सनातन धर्म एवम हिन्दु धर्म की शक्ति से लड़ने की बात कह कर सनातनियों को अपमानित करते रहे और इंडिया गठबंधन के नेता भी हामी भरते रहे। राम मंदिर के निर्माण से लेकर श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा पर भी केवल मुस्लिमों की वोट के लिए आमंत्रण को ठुकराना क्या सनातन के साथ भारत का अपमान नहीं है? सनातनियों को ओबीसी, दलितों, आदिवासियों, राजपूत, ब्रह्मण यानि हिन्दु जातियों में बाँटकर इंडिया गठबंधन क्या सिर्फ मोमिनों के वोट से चुनाव जीत सकेंगे?

इंडिया गठबंधन श्री राम की उपेक्षा कर क्या सनातनियों का वोट माँगने का साहस दिखा सकेंगे? वायनाड से सांसद निर्वाचित होने पर उन्होंने उत्तर के लोगों को राजनैतिक चेतना दक्षिण के बनिस्पत कम होने की बात कह कर लोगों का अपमानित करने जैसी ओछी हरकत नहीं की? वहीं दुसरी ओर विदेश दौरे पर भारत विरोधी तत्वों को साथ लेकर क्या भारत व चुनी हुई केन्द्रीय सत्ता की खिल्ली नहीं उड़ाई। पूर्ण बहुमत से चुनी हुई केन्द्रीय सरकार एवम प्रधान मंत्री के प्रति पूर्ण घृणा के भाव से राहुल गांधी इभीएम सहित कई राष्ट्रीय महत्व के मुद्दों पर निराधार तथा बिना प्रमाण के ही आरोप लगाते-लगाते वे भारतीय संस्कृति, सांस्कृतिक मूल्यों, सनातन धर्म हिन्दु शक्ति आदि पर भी गम्भीर आक्षेप कर भारत वर्ष को लांक्षित करने का असफल प्रयास के कारण ही विदेशों में गांधी परिवार व राहुल के मुख्य सलाहकार सैम पित्रोदा भारत में चुनाव के विशेष अवसर विश्व के दर्जनों चुनिंदा सोशल मीडिया पर भारत में वोट प्रभावित करने के

निमित्त निम्न पोस्ट किया भारत का मोदीकरण, असंतोष से लोकतंत्र को क्षति, प्रगति शील, दक्षिण पंथ द्वारा को नापसंद, देश की दशा ठीक नहीं, मोदी हैं झूठों के मंदिर, भारत में लोक तंत्र नहीं के बराबर, मोदी का अनुदार वादी सोच भारत की आर्थिक गति को बाधित करेगा, मोदी की तानाशाही रवैये पर अमेरिका के राष्ट्रपति चुप क्यों? आदि ऐसे अमर्यादित शब्दों से देश के विनम्र पर राष्ट्रहित में सख्त निर्णय लेने वाले प्रधानमंत्री के विरूद्ध कहना क्या भारत वर्ष जैसे सांस्कृतिक व कर्म प्रधान राष्ट्र का अपमान देश के लोग स्वीकार कर सकेंगे? यद्यपि नरेन्द्र मोदी के कार्यकाल दोनों टर्म में विशेष तौर पर पश्चिमी देशों के सम्बन्ध तो सुन्दर रहे पर एलए, चऐथम हाउस, इकोनोमिस्ट, ला मोदी, न्यूयार्क टाइम्स, फाइनेंशियल टाइम्स, ब्लूमबर्ग, गार्डियन जैसे सोशल मीडिया ने भारतीय मतदाताओं को बरगला कर क्या भारत में कमजोर सरकार का गठन कर देश की प्रगति को बाधित करने की कुछ चेष्टा नहीं कर रहे हैं।

इसके पूर्व भी वाजपेयी सरकार ने जब दुसरा अणु परीक्षण सफलता पूर्वक किया तो भी पश्चिमी मीडिया की टिप्पणी रही कि भारत में गरीबी दूर न कर परीक्षण करना उचित है? इसके पहले गार्डियन जैसे समाचार पत्र में एक कार्टून के माध्यम देश के पूर्व प्रधान मंत्री नरसिम्हा राव को ब्रिटेन के तत्कालीन प्रधान मंत्री जानमेजर के जूता के फीता बांधते हुए दिखाये जाने पर भी अब तक कांग्रेस विशेष रूप से राहुल गांधी के स्वाभिमान को कोई चोट नहीं पहुंची?और वे नरेन्द्र मोदी को नीचा दिखाते हुए देश को हेय दिखाने की कुछ चेष्टा करने पर तुले हैं। हाल-फिल-हाल अमेरिका ने निज्जर की हत्या का आरोप भारत पर मढ़ा है इसके अलावे भारत में धार्मिक विषय पर धार्मिक आयोग की निराधार टिप्पणी क्या भारत के घरेलू मामले में हस्तक्षेप नहीं है? हालांकि भारत ने इसे तथ्यहीन विषय की आलोचना पर कड़ी आपत्ति जताई है। भारत में चुनाव का दौर चल रहा है और सभी राजनैतिक दल वोट देने की पूरी जोर अपील कर रहे हैं ऐसे में भारत के लोग विशेष कर भारतीय संस्कृति, सांस्कृतिक मूल्यों, देश की रक्षा, सुरक्षा के साथ-साथ देश का सामरिक उत्थान करने वाली राजनैतिक पार्टी को ही अपना बहु मूल्य वोट देकर भारत की मान, मर्यादा व स्वाभिमान की रक्षा हेतु देना ही राष्ट्रीय धर्म है।

महागठबंधन के प्रत्याशी जेपी पटेल की जीत सुनिश्चित करने को लेकर कांग्रेसियों ने की बैठक, पंचायत में हुए प्रभारी नियुक्त

स्वतंत्र प्रभात

बरही- कांग्रेस पार्टी कार्यालय बरही में लोकसभा निर्वाचन हेतु महागठबंधन के भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के प्रत्याशी को भारी बहुमत से जीत दिलाने को लेकर बूथ कमेटी की समीक्षा व अधूरे कार्यो को पूरा करने हेतु पार्टी एवं गठबंधन के समर्पित कार्यकर्ता की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रखण्ड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से पंचायत प्रभारी नियुक्त किया गया। जिसमें पंचमाधव पंचायत के लिए इकबाल रजा, रसोइया धमना के लिए रिजवान अली, कोनरा के लिए कार्तिक पासवान, भंडारों के लिए रघुवीर यादव, कोल्हुआकला के लिए दसरथ यादव, गौरियाकरमा के लिए देवचंद यादव, करियातपुर के लिए मनोहर यादव, बरसोत के लिए मनोज रविदास, बरही पूर्वी के लिए उदय केशरी, खोड़ाहर के लिए अशोक सिंह, विजैया के लिए रोहित कुमार यादव, धनवार के लिए मो वारिस अंसारी, डपोक के लिए देवलाल कुशवाहा, मलकोको के लिए राजेन्द्र प्रसाद यादव, बेन्दगी के लिए यमुना प्रसाद यादव, केदारुत के लिए महेश यादव, रानीचुंवा के लिए अब्दुल मनान वारसी, बरही पश्चिमी के लिए सिकंदर राणा, करसो के लिए सुनील साहू, दुलमाहा के लिए छद्दू गोप शामिल है। सभी पंचायत प्रभारी से आग्रह किया गया कि बूथ कमेटी से लेकर महागठबंधन के प्रत्याशी जेपी भाई पटेल को भारी बहुमत से जीत दिलाने को लेकर पंचायत में जनजन तक पार्टी के केंद्रीय नेता राहुल गांधी के संदेश को पहुंचाने की बात कहीं। मौके पर इकबाल रजा, उदय केशरी, दसरथ यादव, देवलाल कुशवाहा,

मो वारिस अंसारी, रघुवीर यादव, महेश प्रसाद यादव, होरिल गोप, अशोक कुमार सिंह, मनोज कुमार, छोटेलाल प्रसाद, हरि प्रसाद गुप्ता, राजेन्द्र स्वर्णकार, रोहित कुमार यादव, प्रयाग गोप, बासुदेव यादव, मो गुलजार अंसारी, मनोहर यादव, यमुना यादव, रिजवान अली, राजेन्द्र प्रसाद यादव, देवचंद यादव सहित अन्य कांग्रेसी मौजूद थे।

जिला में मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के लिए सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर के साथ बैठक की गई

स्वतंत्र प्रभात

साहेबगंज झारखंड- लोकसभा चुनाव - 2024 के परिपेक्ष्य उपायुक्त हेमंत सती के निर्देशानुसार विकास भवन सभागार में उप विकास आयुक्त सतीश चंद्रा एवं जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी जयवर्धन कुमार के संयुक्त रूप से जिला के सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर के साथ बैठक की।बैठक में उप विकास आयुक्त ने बताया कि जिले में 18 बूथ ऐसे हैं जहां पिछले चुनाव में 50 प्रतिशत से कम मतदान

श्रमिकों का भारत को समृद्धिशाली बनाने में बड़ा योगदान

भारत को स्वाधीन हुए 76 वर्ष हो गए हैं।मजदूर श्रमिकों को अभी तक उनके अधिकार नहीं मिले ।मजदूरों के जीवन स्तर में सुधार नहीं आए। मई दिवस/ मजदूर श्रमिक दिवस इस परिश्रमी में वर्ग को समर्पित है। मई दिवस अमेरिका में मजदूरों के आंदोलन से शुरू हुआ था। भारत में इसे 1मई 1923 को मद्रास चेन्नई में मनाया गया ।यहां पर भी मजदूर किसान पार्टी ऑफ हिंदुस्तान ने मजदूरों के अधिकारों की लड़ाई लड़ी ।उन्होंने ही मजदूर दिवस का शुभारंभ किया ।मजदूर को काम करने के घंटे निर्धारित नहीं थे। समय निर्धारित न होने के कारण श्रमिक वर्ग के सामने बड़ा संकट था।1मई 1886 को अमेरिकी मजदूरों द्वारा आंदोलन किया गया।इस आंदोलन से पूरे विश्व के मजदूर वर्ग का लाभ हुआ।

भारत में अनेक मजदूर संगठन है। भारतीय मजदूर संघ सबसे बड़ा मजदूर का संगठन है। मजदूरों को उनके अधिकार दिलाने में बी एम एस की बड़ी भूमिका है ।पूंजीपतियों, उद्योगपतियों के द्वारा मजदूर श्रमिको को आदर भाव से नहीं देखा जाता।उन्हें समय से मजदूरी नहीं मिलती। उद्योग परिसरों में मजदूरों को उनके रहने की ठीक व्यवस्था नहीं है। पीने का पानी भी ठीक नहीं मिलता। इतना ही नहीं इन उपेक्षित और राष्ट्र निर्माता कामगार वर्ग से उद्योगों के मालिक उनके अधिकारी बात भी सम्मानजनक नही करते हैं।मजदूरों के बीमार होने पर वह इलाज का समुचित प्रबंध भी नही करते। प्राथमिक इलाज देने में भी यह उद्योगपति पीछे रहते हैं ।किसी भी मशीन से दुर्घटनाग्रस्त हो जाने या मृत्यु होने पर भी यह उद्योगों के स्वामी मजदूर को किसी भी अस्पताल में बमुश्किल पहुंचा कर गायब हो जाते हैं। परिजनों को सूचना नहीं देते हैं।मजदूर बीमार होने पर अपनी कंपनी से सीधे निकाल देते हैं ।अनेक ऐसे उद्योग हैं जो शरीर के लिए घातक हैं। इस तरह के उद्योगों द्वारा शारीरिक सुरक्षा के उप करण भी नहीं दिए जाते हैं ।अनेक प्रकार के एसिड केमिकल शीशा आदि की कंपनियों में काम करने वाले मजदूरों को घातक कैंसर जैसी बीमारियां जकड़ लेती हैं। बीमार हो जाते हैं। कई बार मृत्यु तक हो जाती है। परिणाम स्वरुप पीड़ित मजदूर की नौकरी जाना तय होता है। उद्योग में काम करने वाले मजदूरों की स्थिति भयावह है ।इसमें महिला मजदूरों के सामने अपने छोटे बच्चों के पालन पोषण के साथ काम करना भारी कठिनाई भरा है।

कृषि क्षेत्र में लगे मजदूरों की भी बड़ी समस्याएं हैं। यह कार्य अल्प समय का होता है। फसल काटने से खलिहान तक काम मिलता है ।इसके बाद मजदूर बेकारहो जाते हैं। अब आधुनिक मशीनों का खेती में प्रयोग बढ़ा है ।धानऔर गेहूं सरसों कपास आदि की फैसले ऐसी हैं जिन्हें मशीन खेत में काटकर काम समाप्त कर देती है।खलिहान अब सुने हो गए हैं ।

कुशल ,अकुशल, अर्ध कुशल, संगठित असंगठित आदि कई श्रेणी के मजदूर हैं। कुछ का अनुबंध होता है ।शेष बिना अनुबंध के काम करने को मजबूर होते हैं एक जानकारी के अनुसार भारत में 38 करोड़ असंगठित निर्माण क्षेत्र के मजदूर हैं। इनमें रेहड़ी पटरी घरेलू कामगारों को पंजीकृत करने की योजना भारत सरकार ने चला रखी है। इस योजना में ÷ ई,,श्रम कार्ड 12 अंकों का जारी किया जाता है ।बाल श्रमिकों की अधिकता है। बाल श्रमिकों को जहां केंद्र राज्य सरकारें काम करने से रोकती हैं, वही उद्योगों और कार्य स्थलों को को चिन्हित उन्हें मुक्त भी करवाने की जिम्मेदारी है। वहींदूसरी ओर बाल श्रमिकों के सामने बड़े संकट हैं। किसी बच्चे के पिता भाई माता नहीं है तो पीड़ित बच्चों के सामने मजदूरी करना मजबूरी है। एक तरफ बीमार मां को दवा के लिए रुपये जुटाने हैं। दूसरी तरफ बाल मजदूरी अपराध है।ऐसे में केंद्र राज्य सरकार में बाल श्रमिकों को चिन्हितकरउनकेआश्रितों की मदद भी करें तो बाल श्रमिकों की समस्याएं हल हो सकती हैं। कई बाल श्रमिक ऐसे होते हैं जिनके माता-पिता जेल में हैं ।कुछ दुर्घटनाओं में अपने मां-बाप को खो चुके हैं। ऐसे बाल मजदूर हैं जो मजदूरी के लिए रातो दिन कड़ा परिश्रम करते हैं। बाल मजदूरी रोकने का अधिनियम 1986 बाल श्रम निषेध बना इसमें कहा गया कि किसी कारखाने, खतरनाक ,खदानें, उद्योगों आदि में 14 वर्ष के उम्र के बच्चों को काम निषेध है। बाद में केंद्र सरकार ने यह उम्र 14 से 18 से कम उम्र पर इसे लागू किया। समान पारिश्रमिक अधिनियम 1951 में पारित हुआ। इसमें कहा गया कि रोजगार या वेतनमान में जाति धर्म लिंग देश के आधार पर भेदभाव नहीं किया जाएगा ।महिलाओं के सरकारी रोजगार में पदोन्नति के समान औसत दिए जाएंगे।इसमें अब तक कई बार संशोधन भी हो चुके हैं। वर्ष 1976 में बँधुआ मजदूरी में उन्मूलन अधिनियम लागू हुआ। धीरे-धीरे यह अमानवीय मजदूरीप्रथा समाप्त हुई।

मजदूर खेतिहर मजदूर उद्योगों में कार्य करने वाले कुशल मजदूरों की समस्याएं बड़ी हैं।उद्योग पतियो पूंजी पतियों के शोषण से श्रमिक वर्ग पीड़ित था। तभी किसान नेता चिंतक दत्तोपंत ठेंगड़ी ने इस विषय पर गहन अध्ययन किया। 23 जुलाई 1955 को श्री ठेंगड़ी ने भारतीय मजदूर संघ की स्थापना की।यह भारत का सबसे बड़ा मजदूर संगठनहै।श्रमिकों का उत्पादन और राष्ट्र को समृद्धि शाली बनाने में बड़ा योगदान है।भारतीय ग्रंथों में श्रम को प्रतिष्ठा दी गयी है। कौटिल्य अर्थ शास्त्र में कि किसी भी श्रमिक को कम से कम इतना पारिश्रमिक मिलना चाहिए।जिससे उसका जीवनयापन हो सके।

अतिरिक्त मूल्य के सिद्धांत विषय में श्रमिकों कामगार वर्ग को लेकर प्रसिद्ध दार्शनिक विचारक कार्ल मार्क्स कहता है कि,वस्तुओं की तरह श्रम शक्ति का भी मूल्य होता है ।उसे बाजार में बेचा खरीदा जाता है। मजदूर को अपने भरण पोषण निर्वाह के लिए कुछ वस्तुओं की आवश्यकता होती है। मशीन की तरह मजदूर भी जर्जर हो जाता है।उसकी जगह नए आदमी की जरूरत पड़ती है। मजदूर से पूरी क्षमता के अनुसार काम लिया जाता है। मजदूर को रहन-सहन के बहुत नीचे स्तर पर रहना पड़ता है। वह आगे कहता है कि वर्ग संघर्ष तब तक जारी रहेगा जब तक स्वयं कामगार वर्ग समाज की बागडोर नहीं संभालेगा।

मगर भारत के वैदिक ग्रंथों में यह धारणा नहीं है। यहां प्रत्येक तरह के कला शिल्प को विशिष्ट बताया गया है। रथकार , मूर्तिकार , कृषि कर्म करने वालों को, लकड़ी के काम करने वालों को, मंदिर बनाने वालों को पुष्प माला बनानेवाले को , मिट्टी के कलश निर्मित करने वाले कुम्हार को भी आदर दिया गया है। कोई वर्ग संघर्ष की बात नहीं आई। भारत में वस्तुओं का उत्पादन कर्ता ही प्रायः उपभोक्ता रहा है। तब बेरोजगारी की बात ना थी। चित्रकारों को यह चिंता नहीं रहती थी कि मूर्तियां चित्र नहीं बिके तब क्या होगा। भारत में बाजार हावी नहीं था। संगीतकार ,कथाकार वाद्य यंत्रों को बनाने वाले पूरी तरह से लोक पर निर्भर थे।इतना ही नही स्वयं के द्वारा बनाई गई वस्तुओं के मूल्य शिल्पकार ही तय करते थे ।भारत की शिल्पी संस्कृति को अंग्रेजों ने नष्ट किया।अंग्रेजों ने भारत के शिल्पियों को उनकी गौरवशाली संस्कृति से अलग किया। मात्र मजदूर बनकर छोड़ दिया ।हम कह सकते हैं कि मई दिवस श्रमिक दिवस सभी कामगारों को बधाई। क्या दिवसों के मनाने मजदूरों के जीवन स्तर में सुधार आएगा ।श्रमिकों के जीवन में तभी सुधार आएगा जब हम राष्ट्र की संस्कृति के अनुरूप प्रत्येक कामगार श्रमिक को न्याय और समता के आधार पर जीवन जीने का, उनके अधिकारों की रक्षा का संकल्प श्रमिक दिवस में नहीं लेते। श्रमिकों का शोषण रुकने वाला नहीं है। तत्कालीन कांग्रेस के नेतृत्व सरकारों ने काम के बदले अनाज,जवाहर रोजगार योजनाओं के साथ महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी अधिनियम 2006बनाया। इसमें एक मजदूर को वर्ष में सौ दिन काम की गारंटी है।यह गारंटी उस व्यक्ति के द्वारा लिखित काम मांगने पर लागू होती है। मनरेगा योजना में भी बड़ी कठिनाइयां हैं। एक-एक वर्ष तक मजदूरी नहीं मिलती है अति महत्व की बात यह भी है कि इन मजदूरों की देर में मजदूरी मिलने से इन्हें दवा पानी भोजन के लिए परेशान होना पड़ता है ।बताते चलें कि इस योजना के देर में मजदूरों के भुगतान में जनप्रतिनिधि और शीर्ष अधिकारी भी उपेक्षा ही करते दिखाई पड़ते हैं। अभी वर्ष 24 में मजदूरी बढ़ाई गई है विचार कर सकते हैं चार से दस प्रतिशत मजदूरी में कितना लाभ होगा । यह अलग अलग राज्यो के आधार पर लागू होगी यह दुर्भाग्य है कि भारत के लाखों मजदूर की चिंता सरकारें ठीक से नहीं कर रही है।

संपादकीय

वोट जिहाद से डर गए महाबली

मजबूरी है 4 जून तक बेतुकी सियासत के साथ आपके साथ बने रहना। बीते रोज कांग्रेस ने गांधी परिवार की पारम्परिक कहें या पुश्तैनी सीट से राहुल गांधी को अपना उम्मीदवार बनाकर भाजपा की मुश्किलें बढ़ा दीं। भाजपा वैसे ही तमाम मुद्दों के हाथ से फिसलने के बाद हलकान है और विपक्ष के पाले में आकर खेलने या खेला करने के लिए विवश है। ऊपर से बकौल भाजपा कांग्रेस के शाहजादे ने एक और तुरुप चल दी। भाजपा राहुल गाँधी को शाहजादा क्यों कहती है ,इसके बारे में शोध की जरूरत है। मुझे तो राहुल किसी भी कोण से शाहजादे नजर नहीं आते। बहरहाल अब भाजपा राहुल को अमेठी से चुनाव न लड़ने के लिए % रणछोड़ % बनाने पर उतारू है।

भाजपा जिसे जो चाहे सो बना देती है। उसके पास शायद बंगाल का काला जादू है। भाजपा ने पहले राहुल को % पप्पू% बनाया ,बेचारे राहुल पप्पू बन भी गये । जब पूरा देश पप्पू बन सकता है तो राहुल किस खेत की मूली हैं ? लेकिन ये राहुल ही थे जो अपने ऊपर चस्पा किये गए पप्पू के लेबिल को खींचने में कामयाब रहे और उन्होंने फेंकू के सामने खुद को मुकाबले में ला खड़ा किया। भाजपा की मुसीबत सचमुच राहुल और उनकी कांग्रेस ही है । बाकी दलों से तो भाजपा निबट भी ले किन्तु कांग्रेस से निबटना उसके लिए अभी तक मुमकिन नहीं हुआ। कांग्रेस को निबटने में भाजपा ने अपने बहुमूल्य दस साल बर्बाद कर लिये । इस समय का इस्तेमाल भाजपा अगर देश को बनाने में करती तो मुमकिन है कि आज उसे हांफना न पड़ता। कांग्रेस ने राहुल को रायबरेली से प्रत्याशी बनाकर भाजपा की तमाम रणनीति को नाकाम कर दिया।

आप जानते हैं कि उत्तर प्रदेश को जीते बिना भाजपा का तीसरी बार सत्ता में वापस आने का सपना पूरा नहीं हो सकता। 2019 में भाजपा ने जैसे -तैसे अमेठी से राहुल गांधी को पराजित कर यूपी से बाहर करने में कामयाबी हासिल कर ली थी,लेकिन भाजपा तमाम कसबल के बावजूद रायबरेली से श्रीमती सोनिया गाँधी को नहीं हरा पाई थी । राहुल ने इसीलिए वायनाड से चुनाव लड़ा। भाजपा ने राहुल की सांसदी छीनने के लिए दूसरे हथकंडे भी अपनाये थे, सांसदी छीन भी ली थी किन्तु माननीय बड़ी अदालत आड़े आ गयी।अब राहुल ने उत्तर प्रदेश में दोबारा वापसी दर्ज कराकर भाजपा की नींद हराम कर दी है। राहुल की उत्तर प्रदेश वापसी का मतलब भाजपा की आधी ताकत राहुल को संसद जाने से रोकने में खर्च करना है। भाजपा ने अमेठी से तो राहुल को बेदखल कर दिया था लेकिन रायबरेली से शायद ये मुमकिन न हो। मैंने शायद शब्द का इस्तेमाल किया है ,क्योंकि मै किसी भी चीज को असम्भव नहीं मानता ,क्योंकि अभी देश में मोदी जी हैं जो कुछ भी मुमकिन कर सकते हैं।

भाजपा कांग्रेस और राहुल से किस कदर परेशान है इसका उदाहरण खुद प्रधानमंत्री मोदी जी के भाषण हैं। मोदी जी ने उत्तरप्रदेश से दूर अपने गृहराज्य गुजरात के टाटा मैदान में कांग्रेस के उस % वोट जिहाद % को लेकर अपनी चिंता जताई जो पूर्व केंद्रीय मंत्री सलमान खुर्शीद ने चलाने की बात कही थी। खुर्शीद न कांग्रेस हैं और न कोई मौलवी। वे एक जननेता हैं और उन्होंने जिस वोट क्रांति की बात कही है उसे लेकर भाजपा की यानि माननीय प्रधानमंत्री तक की नींद उड़ गयी है। चुनाव प्रचार में हिन्दू-मुसलमान का जुमला उछलने के लिए केंद्रीय चुनाव आयोग के नोटिस की परवाह किये बिना मोदी जी और उनकी पूरी पार्टी देश के बाहुसंख्यक हिन्दुओं को अल्पसंख्यक मुसलमानों से डराने की कोशिश कर रही है।वोट जिहाद ने तो भाजपा को और भयभीत कर दिया है और अब भाजपा ने इसे भी चुनावी मुद्दा बना लिया है।

भारतीय जनता पार्टी की 'महा विजय संकल्प सभा' को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा, ''कांग्रेस आपकी संपत्ति वोट जिहाद में शामिल लोगों को बांटना चाहती है लेकिन मोदी सुनिश्चित करेगा कि गरीबों, दलितों और आदिवासियों का देश की संपत्ति पर पहला अधिकार हो. पृथ्वी पर किसी भी ताकत को हमारे संविधान को बदलने या उससे छेड़छाड़ की अनुमति नहीं दी जाएग। सवाल ये है की मोदी ये सब सुनिचित किस हैसियत से करेंगे ? क्या वे भारत के भाग्यविधाता हैं।? क्या उन्हें देश ने तीसरी बार जनादेश दे दिया है ? या उन्होंने खुद जनादेश हड़पने की पूरी तैयारी कर ली है ? '। मोदी जी तीसरी क्या चौथी बार प्रधानमंत्री बनें हमें क्या फर्क पड़ने वाला है ,लेकिन उनके दम्भ और उसके पीछे छिपे भय को देखकर मुझे और मेरे जैसे तमाम संवेदनशील लोगों को मोदी जी पर अब दया आने लगी है।

मोदी जी आदिकाल से गांधी परिवार विहीन देश और कांग्रेस विहीन संसद देखना चाहते है। वे देश की अठारहवीं सांसद को अपने सपनों की संसद बनाना चाहते हैं लेकिन बना नहीं पा रहे। संसद के सर्वोच्च सदन में कांग्रेस की प्रमुख श्रीमती सोनिया गाँधी पहले ही पहुँच चुकी है। यानि कम से कम छह साल तक तो कांग्रेस की उपस्थिति संसद में रहना ही है और अब राहुल गांधी

भी वायनाड के साथ ही रायबरेली से चुनाव लड़ने के लिए मैदान में उतर चुके हैं। अर्थात राहुल कहीं न कहीं से संसद में प्रवेश पा जायेंगे। ऐसे में न कांग्रेस विहीन भारत बन पायेगा और न कांग्रेस विहीन संसद। मोदी जी को अपना सपना पूरा करने के लिए मुमकिन है कि एक जन्म और लेना पड़े !

राहुल गांधी रणछोड़ हैं या नहीं ये मै नहीं कह सकता। क्योंकि यदि इस तरह की कोई सूची बनाई जाएगी तो भाजपा के आदि पुरुष माननीय श्री स्वर्गीय अटल बिहारी बाजपेयी सबसे बड़े रणछोड़ माने जायेंगे। अटल जी तो पूरे जीवन इधर से उधर भागते रहे। यूपी के बलरामपुर से विदिशा,ग्वालियर और लखनऊ तक। उन्होंने 1985 में अपने गृहनगर ग्वालियर से हारने के बाद कभी ग्वालियर की और मुंह नहीं किया। वैसे हम सनातनी हैं। हम अपने इष्ट को भी रणछोड़ के नाम से बुलाते हैं। हमारे रणछोड़ के इलाके से आजकल श्रीमती हेमामालिनी चुनाव लड़ती हैं। इसलिए मेरी दृष्टि में रणछोड़ होना भी बुरी बात नहीं है । रणछोड़ भी रणनीति का ही एक अंग है ,जैसे खुद मोदी जी का गुजरात से उत्तर प्रदेश आकर चुनाव लड़ना। मै राहुल को रणछोड़ तब मानता जब वे संसद का चुनाव लड़ने के बजाय पिछले दरवाजे से यानि राज्य सभा के जरिये संसद में प्रवेश करते। लेकिन राहुल ने ऐसा नहीं किया । जाहिर है वे रण में हैं। उन्होंने रण नहीं छोड़ा। उलटे वे भाजपा को रण छोड़ने के लिए विवश कर रहे हैं।

अब देश को यूपी का रण देखना ही पडेगा। देखना पडेगा की यूपी के योगी और मोशा की जोड़ी उत्तर प्रदेश के रणन में कांग्रेस और कथित रूप से कांग्रेस के शाहजादे राहुल गांधी को चित कर पाती है या नहीं ? रणभेरियां बज रहीं हैं। योद्धा मैदान में जिरह-बख्तर पहनकर उतर चुके हैं। भाजपा और मोदी जी के सर से कांग्रेस और राहुल का भूत रायबरेली के चुनाव परिणामों से ही उतेरगा। राहुल हारे तो भूत उतेरगा और नहीं हारे तो भूत भाजपा और मोदी जी को परेशान करता ही रहेगा 2029 तक।

(पर्यावरण चिंतन) विनाशक पर्यावरण प्रदूषण और उष्णता से झुलसता देश

(दिल्ली में स्थाई समाधान की बाट जोहते नागरिक?)

अब सिर्फ इसी की कसर रह गई थी कि भारत का दिल, देश की राजनीति का केंद्र और ब्यूरोक्रेट्स की नगरी दिल्ली विश्व में सर्वाधिक प्रदूषित शहर माना जा रहा है द्य विडंबना है कि गाजा में इजरायली की बमबारी के बाद जितना प्रदूषण वहां हुआ है उससे कहीं ज्यादा वर्तमान में दिल्ली में फैला हुआ है। दिल्ली के बाद बांग्लादेश का ढाका शहर सर्वाधिक प्रदूषित माना जाता है द्य दिल्ली में कई सरकारें आई और गइं, केंद्र में भी ऐसा ही हुआ है पर दोनों सरकारें एक दूसरे पर दोषा- रोपण कर अपनी इति श्री कर लेती है। इसका स्थाई समाधान आज तक कोई नहीं खोज पाया और नतीजा दिल्ली शहर के बच्चे और बुजुर्ग फेफड़े और सांस की बीमारी से त्रस्त हो चुके हैं।

दिल्ली का वायु प्रदूषण करोना से भी ज्यादा स्थाई खतरा माना जा रहा है। बच्चे और बुजुर्गों के लिए खासकर उनकी स्वास नलियों तथा फेफड़ों में प्रदूषण के छोटे-छोटे कणों से उनके वायु तंत्र को अवरुद्ध कर कर उन्हें बीमार बना देते हैं। यह एक गंभीर समस्या हैद्य पर्यावरण प्रदूषण खासकर वायु प्रदूषण के कारण दिल्ली, पश्चिमी उत्तर प्रदेश, मुंबई, कोलकाता और अन्य राज्यों की राजधानी में खासकर शीतकाल में अत्यंत चिंताजनक स्थिति पैदा हो जाती है। गर्मियों में प्रदूषण तथा गर्मी लोगों को बुरी तरह संक्रमित करती है।

दिल्ली तथा उत्तर प्रदेश के 8 बड़े शहर का पर्यावरण प्रदूषण खासकर वायु प्रदूषण खतरे के निशान से काफी ऊपर जा चुका है, अस्थमा तथा फेफड़े की बीमारियों के मरीज की संख्या में बहुत ज्यादा इजाफा हुआ है और सरकारें इसे संभाल नहीं पा रही है, पूर्व में कोविड-19 का संक्रमण वायु प्रदूषण के साथ जुगलबंदी कर लोगों की जान ले रहा था। वायु प्रदूषण स्थाई समस्या है यह करोना से भी ज्यादा खतरनाक हो सकता है। करोना का इलाज तो वैक्सीनेशन से किया जा सकता है, एवं उसकी दवाई बनाई जा सकती है, और बनाई भी जा रही है। पर वायु प्रदूषण, पर्यावरण की गंभीर समस्या जिस पर यदि लगाम नहीं लगाई गई तो लाखों लोगों को सांस की बीमारियों से बचाया नहीं जा सकेगा।

समग्र रूप से पर्यावरण में अपशिष्ट पदार्थों का बिगड़े अनुपात में मिलना ही प्रदूषण को वातावरण में जन्म देता है। वैसे तो प्रदूषण के कई प्रकार हैं, जैसे वायु प्रदूषण, जल प्रदूषण, भूमि प्रदूषण, ध्वनि प्रदूषण आदि इत्यादि। पर वायु प्रदूषण इन सब में सर्वाधिक खतरनाक और मानवीय जीवन के लिए संहारक है। वायु में विषैली गैस के मिश्रण धूल और उद्योग द्वारा फैलाए गए जहरीले अपशिष्ट गैसों से वायु प्रदूषण तेजी से फैलता है। अमेरिकी शोध संस्थान द्वारा स्पष्ट रूप से चेतावनी दी गई है कि भारत में वायु प्रदूषण से जनसंख्या के 40 से 45 प्रतिशत लोग प्रभावित हैं। एवं वायु प्रदूषण के कारण संपूर्ण जीवन में जीने के लिए 10 से 15 वर्ष तक उनकी जिंदगी के कम हो सकते हैं। क्योंकि भारत वैश्विक देशों से सर्वाधिक वायु प्रदूषित देश माना जाता है। इस शोध संस्थान द्वारा चेतावनी के साथ मशवरा भी दिया गया है कि वायु प्रदूषण को तत्काल कम करने के कारगर उपाय करने होंगे अन्यथा देश के बड़े शहरों में और उद्योग नगरी के साथ में बसे हुए शहरों में वायु प्रदूषण से मानव जिंदगी को खतरे बढ़ सकते हैं। भारत में दिल्ली,मुंबई,कोलकाता, चेन्नई तथा मध्यम जनसंख्या वाले लखनऊ, कानपुर, वाराणसी, रायपुर, इंदौर तथा उत्तर प्रदेश के अन्य शहरों में वायु प्रदूषण के कारण ज्यादा दमा तथा अस्थमा से मौतें हुई हैं। करोना काल में भी वायु प्रदूषण से फेफड़े खराब होने के कारण कई मरीजों की विषम परिस्थितियों में मृत्यु हुई है। कोविड-19 के संक्रमण से सबसे ज्यादा मरने वाले व्यक्तियों में वायु प्रदूषित व्यक्ति ही फेफड़ों की खराबी के कारण मृत्यु को प्राप्त हुए हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन की एक रिपोर्ट के अनुसार भारत का औसत हवा में प्रदूषण कारी सूक्ष्म कणों की मौजूदगी 70.3त्न है। विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा स्वस्थ वायु प्रदूषण की मानक की स्थिति 10 माइक्रोग्राम प्रति क्यूबिक मीटर मानी गई है। इस तरह भारत मैं प्रदूषण के महीन कणों की उपस्थिति विश्व के अन्य



देशों की तुलना में 7 गुना प्रति क्यूबिक मीटर ज्यादा आंकी गई है। जो कि विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा अति खतरनाक बताई गई है। इस तरह भारत दुनिया का सबसे प्रदूषित देश माना गया है। यहां जनसंख्या के 48 करोड़ लोग वायु संक्रमित पाए गए हैं इस तरह देश की लगभग 40त्न आबादी जहां वायु प्रदूषण का स्तर एवं अन्य प्रदूषण का स्तर भी नियमित रूप से दुनिया में कहीं भी पाए जाने वाले स्तर से बहुत अधिक है। जोकि स्वास्थ्य संगठनों की नजरों में बहुत ही चिंतनीय एवं गंभीर है। अमेरिका के एक शहर शिकागो में स्थित एनर्जी पॉलिसी इंस्टीट्यूट ऑफ पोलूशन द्वारा बताया गया है कि दिल्ली और उत्तरी भारत में रहने वाले 48 करोड़ से ज्यादा लोग प्रदूषण के बढ़े हुए स्तर पर जल प्रदूषण में जी रहे हैं। प्रदूषण जो कोविड-19 के संक्रमण से भी ज्यादा खतरनाक है।

क्योंकि कोविड-19 का संक्रमण एक संक्रामक रोग है, जिसकी वैक्सीन लगाकर रोकथाम की जा सकती है। पर पर्यावरण में प्रदूषित करने वाले सूक्ष्म पार्टिकल समान रूप से सभी नागरिकों को अपनी गिरफ्त में लेकर उनके फेफड़े खराब करने का काम करता है जो ज्यादा खतरनाक एवं जानलेवा है। मनुष्य स्वाभाविक रूप से प्रकृति पर निर्भर है। प्रकृति पर उसकी निर्भरता तो समाप्त नहीं की जा सकती है। किंतु प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग करते समय हमें इस बात का ध्यान रखना पड़ेगा इसका प्रतिकूल प्रभाव पर्यावरण पर ना पड़े या कम से कम पड़े। हमें उद्योगों की संख्या के अनुसार उसी अनुपात में बड़ी संख्या में वृक्षारोपण भी करना पड़ेगा। वृक्षारोपण आज पर्यावरण से बचाने की एक बड़ी तथा महती आवश्यकता है। वातावरण में घुली विषैली गैस होने के कारण शहर में मनुष्य का सांस लेना भी मुश्किल होता जा रहा है। विश्व की जलवायु में तेजी से हो रहे परिवर्तन के कारण पर्यावरण असंतुलन का बड़ा कारण वायु प्रदूषण ही है। औद्योगिक प्रगति के साथ-साथ मोटर, रेल,घरेलू, औद्योगिक मशीनें एयर कंडीशन आदि वायु प्रदूषण के लिए अत्यंत खतरनाक माने गए हैं। परिणाम स्वरूप राष्ट्रीय स्तर पर और देश के नागरिकों को ज्यादा से ज्यादा वृक्षारोपण किया जाना होगा।और वृक्षों तथा जंगलों की कटाई को तत्काल प्रभाव से प्रतिबंधित किया जाने की तत्काल आवश्यकता है। अन्यथा इसके दुष्परिणाम सामने आने लगेंगे तथा इसका सर्वाधिक प्रतिकूल प्रभाव मानव के स्वास्थ्य पड़ेगा। वैश्विक आकलन के अनुसार भारत की विशाल जनसंख्या एक शक्ति तथा बाजार का उपभोक्ता केंद्र है। अतः हमें अपने नागरिकों की जनसंख्या को पर्यावरण प्रदूषण की बलि चढ़ने से रोकना होगा। वायु प्रदूषण का सबसे ज्यादा प्रभाव नौनिहालों और बुजुर्ग व्यक्तियों पर पड़ता है। दोनों की रक्षा करना देश तथा आमजन का प्रथम दायित्व होगा। अब हमें कोरोना के अलावा वायु प्रदूषण से भी युद्ध स्तर पर जंग करनी होगी। क्योंकि भारत देश विश्व में सर्वाधिक प्रदूषित देश माना जाने लगा है।

विश्व नेता की साख पर आघात हैं दुराचारी नेताओं के कारनामे!

राष्ट्रवाद के परचम को लेकर सबका साथ सबका विकास और बेटी पढाओ बेटी बचाओ के नारी सम्मान व सुरक्षा के नारे को शिरोधार्य कर भाजपा नीत राजग सरकार दस साल पूरे कर एक बार फिर जनमत हासिल करने के लिए प्रयत्नशील है। लेकिन राजग में में शामिल जनता दल सेकुलर के एक मोजूदा सांसद प्रज्वल रेवन्ना की सैक्स टेप कांड से तहलका मचा है। पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा के सांसद पोत्र प्रज्वल रेवन्ना पर सैकड़ों महिलाओं से दुष्कर्म करने और उनके अश्लील वीडियो बनाने के गंभीर आरोप हैं। देवेगौड़ा जनता दल सेक्यूलर के संरक्षक हैं और रेवन्ना इसी पार्टी से कर्नाटक के हासन से सांसद है। इस बार भी वह जद (एस) के टिकट पर हासन से चुनाव मैदान में है, जहां 26 अप्रैल को मतदान हुआ। मतदान के अगले दिन ही दर्जनों अश्लील वीडियो वारयल हो गए, जिनमें कथित तौर पर अलग-अलग महिलाओं के साथ रेवन्ना नजर आ रहे हैं। उसी दिन से इस प्रकरण पर राजनीतिक बवाल मचा हुआ है।आपको बता दें कि मामले की जांच एसआईटी को सौंप दी गई है एसआइटी ने पूर्व पीएम एचडी देवेगौड़ा के पुत्र कर्नाटक के पूर्व मंत्री व मौजूदा विधायक एचडी रेवन्ना और मौजूदा सासंद पोत्र प्रज्वल रेवन्ना के खिलाफ अपहरण बलात्कार समेत महिला सम्मान को आघात पहुचाने व आइटी एक्ट के तहत मामला दर्ज कराया है। रेवन्ना के खिलाफ लुकाउट नोटिस जारी किया गया है। इस बेहद शर्मसार करने वाले प्रकरण से विपक्ष को मौका मिला तो कांग्रेस आरोप लगा रही है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऐसे व्यभिचारी के लिए वोट मांगे, उन्हें माफी मांगनी चाहिए। साथ ही, कांग्रेस यह भी आरोप लगा रही है कि केंद्र सरकार ने आरोपित को विदेश भागने में मदद की। दूसरी ओर, भाजपा आरोप लगा रही है कि कर्नाटक की कांग्रेस सरकार क्या कर रही थी? वीडियो वायरल होने के बाद उसने कोई संज्ञान लेकर कार्रवाई क्यों नहीं की?दोनों दलों के आरोप अपनी-अपनी जगह सही प्रतीत हो रहे हैं। अब कर्नाटक सरकार ने विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया है और रेवन्ना के विरुद्ध लुकआउट नोटिस जारी कर दिया है। लेकिन नेताओं की शर्मनाक हरकत यही सीमित नहीं हैं कर्नाटक की कांग्रेस सरकार के आबकारी मंत्री आरवी तिम्मापुर ने दुष्कर्म के आरोपी रेवन्ना की तुलना भगवान श्री कृष्ण से कर ने विवाद को जन्म दिया है। बहरहाल राजनीतिक बयानबाजी अलग विषय है, किन्तु यह अत्यंत गंभीर मामला है कि इतने दुष्कर्म के आरोपों से घिरा व्यक्ति भारत की संसद का एक माननीय सदस्य है।और दोबारा लोकसभा की सदस्यता का दावेदार भी है। 26 अप्रैल को उस का भाग्य ईवीएम में दर्ज हो चुका है। हालांकि रेवन्ना के पिता सफाई दे रहे हैं कि सीडी में कैद उस की कथित दुराचार भरी करतूतें कई साल पहले की है जब वह इस हद दर्जे का अय्याश और दुराचारी है तो ताज्जुब की बात यह है कि राजनीतिक हैकडी दबंगई सत्ता की हनक के बूते पर रेवन्ना सैकड़ों युवतियों महिलाओं के साथ व्यभिचार कर उनकी रोते बिलखते और बख्श देने के लिए गिड़गिड़ाते हुए कई सीडी बनाकर व्यभिचार करता रहा। इस सारे मामले पर विचार करेंगे तो प्रथम दृष्टया यह पता चलता है कि प्रज्वल रेवन्ना महिलाओं का यौन शोषण कर अपने अहम की तुष्टि करने की मानसिक बीमारी से ग्रस्त है क्योंकि बताया गया है कि कुल 2976 क्लिप विभिन्न सीडी में दर्ज है करीब चार सौ युवतियों महिलाओं के दैहिक शोषण का शिकार बनाया गया है। सबसे दुखद घटना के इस दुराचारी किरदार का मामले का भांडा फूटते हीआसानी से देश से विदेश भाग जाना भी शर्मनाक है । न कर्नाटक की कांग्रेस सरकार ने उसे रोका और न ही केंद्र की भाजपा सरकार ने। जाहिर है कि सत्ता राजनीतिक पहुंच रखने वाले दबंग लोग कानून को पैरों तले रोंदते हैं मानो यदि किसी के पास पैसा व पहुंच है तो वह जो मर्जी अपराध करके भाग सकता है क्या ,कानून बाद में लकीर पीटने के लिए बना है? गौरतलब है कि हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व उनकी सरकार की अपेक्षाकृत छवि साफ मानी जाती है, किन्तु उनकी पार्टी के नेताओं पर भी समय समय पर महिलाओं से दुराचार दुष्कर्म के गंभीर आरोप लग रहे हैं चाहे वह उत्तर प्रदेश का विधायक कुलदीप सेंगर हाँ, गोंडा के भाजपा सांसद ब्रजभूषण शरण सिंह हो साक्षी महाराज हो या फिर अब भाजपा की सहयोगी पार्टी जेडीएस के सांसद रेवन्ना हों, सब पर एक ही जैसे अत्यंत गंभीर आरोप लगे। पार्टी ने तब तक उनके विरुद्ध कोई कदम नहीं उठाया जब तक कि अदालत ने सजा न सुना दी। सेंगर को सजा होने के बाद ही पार्टी से निलंबित किया गया। ब्रजभूषण पर देश का नाम रोशन करने वाली अंतरराष्ट्रीय पहलवानों ने शोषण के गंभीर आरोप लगाए, लेकिन सरकार ने उसे कुश्ती महासंघ के पद से हटाना तक जरूरी नहीं समझा। अब महिला पहलवानों के व यौन शोषण का मुद्दा पुनः जोर न पकड़ ले और चुनाव में नुकसान न हो जाए, इसलिए उसका टिकट तो काट दिया, लेकिन उसके बेटे को ही टिकट दे दिया। इसी तरह, कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष पद से कार्यकाल पूरा होने के बाद ब्रजभूषण तो हट गये, पर उन के अपने बिजनेस पार्टनर को ही अध

संक्षिप्त ख़बरें

मजदूरी मांगने पर दबंगों ने युवक को मारपीट कर किया घायल, मुकदमा दर्ज

सहजनवां /गोरखपुर। हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत चरनाद निवासी जयचंद पुत्र बसंत ने थाना पुलिस को तहरीर देकर गांव के ही दबंगों पर मजदूरी मांगने पर लाठी डंडा से मार पीट कर घायल करने का आरोप लगाया है।

थाना क्षेत्र के जयचंद पुत्र बसंत ने थाना पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 1 मई को रात करीब 10 बजे गांव के ही महेश पुत्र राजबली, सोनू, मोनू पुत्र महेश और प्रदीप पुत्र जीतू ने मजदूरी मांगने पर लाठी डंडा से मार पीट कर घायल कर दिए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने अस्पताल भिजवाया। इस संबंध में थानाध्यक्ष विशाल कुमार उपाध्याय ने बताया कि जयचंद की तहरीर पर महेश, सोनू, मोनू और प्रदीप के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

एम्स थान पुलिस ने 20 मिनट के अंदर गायब हुई गाड़ी को बरामद कर वाहन स्वामी को सुपुर्द किया

गोरखपुर। गोरखपुर एम्स थाना के अंतर्गत झरना टोला चौकी प्रभारी अनिल शर्मा की सूझबूझ से गायब हुए दोपहिया वाहन को 20 मिनट के अंदर ही उनकी टीम ने ढूंढ निकाला और वाहन स्वामी के सुपुर्द किया ।

एम्स थाना के अंतर्गत आने वाले झरना टोला बाजार में कल धनंजय निषाद नामक एक व्यक्ति की मोटरसाइकिल एक दूसरा व्यक्ति अपनी मोटरसाइकिल समझ कर लेकर चला गया था धनंजय निषाद ने तुरंत चौकी प्रभारी अनीस शर्मा को इस बात की सूचना दी चौकी प्रभारी ने सीसीटीवी फुटेज को देखना शुरू किया और 20 मिनट के अंदर ही गायब हुई गाड़ी को धनंजय निषाद को सौंप दिया आपको बता दें जो व्यक्ति गाड़ी लेकर गया था उसने अपनी गाड़ी वहीं छोड़ दी थी दोनों व्यक्तियों ने अपने गाड़ी को प्राप्त करने के बाद झरना टोला की पुलिस को धन्यवाद ज्ञापित किया।

मनबढ़ ने दम्पति को मारपीट कर किया घायल, दी जान से मारने की धमकी, मुकदमा दर्ज

गोरखपुर/सहजनवां हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत कैराडिह निवासिनी शीला देवी ने थाना पुलिस को तहरीर देकर गांव के ही युवक विनय कुमार पुत्र रामाज्ञा पर पति पत्नी को लाठी डंडा से मार पीट कर घायल करने का आरोप लगाया है। थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत कैराडिह निवासिनी शीला देवी ने थाना पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 2 मई को रात करीब 11 बजे गांव के ही विनय कुमार पुत्र रामाज्ञा मामूली बात को लेकर भद्दी भद्दी गालियां देते हुए मेरे पति हरीराम को लाठी डंडा से मारने लगे सोरगुल सुनकर जब मैं बीच-बचाव करने पहुंचीं तो विनय कुमार ने मुझे भी भद्दी भद्दी गालियां देते हुए मारने के लिए दौड़ा लिए, और जाते समय जान से भी मारने की धमकी देने लगे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मेरे पति हरीराम को अस्पताल भिजवाया। इस संबंध में थानाध्यक्ष विशाल कुमार उपाध्याय ने बताया बताया कि महिला शीला देवी की तहरीर पर विनय कुमार के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रहीहै।

महिला ने विषाक्त पदार्थ का किया सेवन
हालत गंभीर होने पर परिजनों ने उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर गए, रेफर

ड्रमंडगंज। हलिया थाना क्षेत्र के सिकटा गांव निवासी जमुना की 27 वर्षीय पत्नी ममता ने शुक्रवार की देर रात में किसी बात से नाराज़ होकर घर में रखा विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया जिससे कुछ देर बाद महिला की हालत बिगड़ने पर परिजनों ने आनन फानन में उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर गए ज़हां पर चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार करने के बाद महिला की गंभीर स्थिति को देखते हुए मंडलीय चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया लेकिन महिला के परिजनों ने मंडलीय चिकित्सालय न ले जाकर महिला को किसी निजी अस्पताल में उपचार के लिये लेकर चले गए।इस संबंध में चिकित्सक रीना पटेल ने बताया कि किसी बात से नाराज़ होकर महिला ने विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया था परिजनों द्वारा उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर लेकर आये थे प्राथमिक उपचार के बाद मंडलीय चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया गया था लेकिन महिला के परिजनो द्वारा मंडलीय चिकित्सालय न ले जाकर किसी निजी अस्पताल व झाड़ फूंक कराने के लिए लेकर चले गए ।

बिटिया बनी आईएएस बिटिया के साथ पिता को भी मिल रहा सम्मान

● जीडीए उपाध्यक्ष व सचिव सहित जीडीए कर्मचारियों ने बिटिया नौशीन किया सम्मान

स्वतंत्र प्रभात

गोरखपुर। माता-पिता के सर को ऊंचा करने वाली बिटिया आईएएस अधिकारी नौशीन को जेडीए उपाध्यक्ष व जीडीए सचिव के नेतृत्व में जीडीए कर्मचारियों ने मोमेंटम अंग वस्त्र पुष्प गुच्छ देकर बिटिया के साथ पिता को सम्मानित किया। गोरखपुर मंडल के कुशीनगर पिपरा कनक थाना पटहेरवा की निवासी अब स्थाई तौर पर फतेहपुर मेडिकल कॉलेज पर अपना आशियाना बनाकर आकाशवाणी कर्मचारी की बिटिया नौशीन आईएएस बन गई, बिटिया के साथ पिता का भी सम्मान किया जा रहा, आज जीडीए उपाध्यक्ष आनंद वर्धन की देखरेख में नौशीन के साथ पिता अब्दुल कयूम का भी सम्मान किया गया, जीडीए उपाध्यक्ष आनंद वर्धन व जीडीए सचिव उदय प्रताप सिंह के साथ जीडीए कर्मचारिया ने सिविल सर्विस परीक्षा में चौथे प्रयास में ही नौवा रैंक हासिल कर गोरखपुर ही नहीं प्रदेश का मान सम्मान बढ़ाने का कार्य नौशीन

ने किया। हर एक माता-पिता का सपना होता है कि हमारे बच्चे देश का नाम रौशन करें, वह काम नौशीन ने किया । अब नौशीन के साथ-साथ माता-पिता का भी जगह-जगह सम्मान किया जा रहा है, जीडीए उपाध्यक्ष आनंद वर्धन ने नौशीन से कहा कि जिस भी स्थान पर रहे कार्यालय में आने वाले हर फरियादियों से प्रेम पूर्वक वार्ता करें, जिससे आया हुआ फरियादी खुश होकर जाए सबसे कम उम्र में सिविल सर्विस परीक्षा उत्तीर्ण करने वाली नौशीन गोरखपुर के साथ-साथ प्रदेश और देश का नाम रौशन करने का काम करेगी। वही नौशीन ने कहा कि हमारी कोशिश रहेगी कि हमारे ऑफिस में आने वाले हर फरियादियों की समस्याओं का निराकरण कुशलता पूर्वक करूंगी जिससे हर फरियादी खुश होकर जाए।

पिता अब्दुल कयूम ने कहा कि

हमने जो सपना देखा था आज वह पूरा हो गया है ,हमारी बिटिया जब से पढ़ाई शुरू की स्नातक तक अच्छे अंकों से पास होती थी और मुझे उम्मीद था कि एक न एक दिन जरूर मेरी बेटी हमारा नाम रौशन करेगी क्यों की बिटिया के अंदर जो पढ़ने की ललक थी, वह अपना मुकाम जरुर पूरा करेगी। जिसका नतीजा रहा की आज हमारी बेटी सिविल सर्विस परीक्षा में चौथे प्रयास में नौवा स्थान हासिल कर लिया वह अपने माता पिता का जो मान सम्मान बढ़ाया है, उसी का नतीजा है कि बिटिया के साथ-साथ आज पिता भी सम्मानित हो रहा है।

बता दें कि यूपीएससी परीक्षा में गोरखपुर की नौशीन ने ऑल इंडिया रैंक में 9वां स्थान हासिल कर अपने मां-बाप के साथ शहर की भी मान बढ़ाया है।

नौशीन के पिता अब्दुल कयूम के तीन बच्चे हैं . अब्दुल कयूम आकाशवाणी में कार्यरत हैं. बड़ा बेटा यूनियन बैंक में कार्यरत है, वहीं दूसरे नंबर पर बेटी है, जो एलआईसी में कार्य करती है. नौशीन घर की सबसे छोटी बेटी है नौशीन के पिता मूल रूप से कुशीनगर के पिपरा कनक के रहने वाले हैं वह गोरखपुर जिले में 2002 से फतेहपुर निकट मेडिकल कॉलेज गोरखपुर में अपना स्थाई मकान बनवाकर रहते हैं यही रहकर बच्चों की पढ़ाई लिखाई हुई और यह मुकाम उन्हें मिला है।

चौबीस घण्टे बाद उतराते मिला अंगद शव, पारिवारिक कलह में किया आत्मा हत्या

स्वतंत्र प्रभात

गोलाबाज़ार गोरखपुर। गोला उपनगर के पक्का घाट पर गुरुवार को नदी में स्नान करते समय गोला थाना के फूलपुर निवासी अंगद निषाद (30) की नदी में डूब गया। उसका शव शनिवार की सुबह पक्का घाट पर नदी में उतराते मिला है।गोलापुलिस शव को बरामद कर पी एम के लिए भेज दिया।

प्राप्त विवरण के अनुसार नाविको में चर्चा है कि अंगद जानबूझ कर नदी के पानी में डूबा। यदि उसे अपने जान की मोह होती तो स्टीमर चालक के बार बार इशारा करने पर स्टीमर को पकड़ कर बच जाता। अंगद चार बहन तीन भाइयों में सबसे बड़ा था। उसने बेलीपार थाना के कुशमौल के पास मदरहा की एक लडकी से 2011 में प्रेम विवाह किया था। वह बाहर रह कर अच्छी कमाई करता था। पिता सूर्य नाथ के अनुसार वह अपनी कमाई का सारा पैसा पत्नी को दे देता था। पत्नी ने उसके पैसे से गोरखपुर में जमीन खरीद लिया। पिता को वह एक पैसा नहीं देता था। इससे पिता अंगद उससे नाराज रहते थे। इस बीच एक पुत्र पैदा हुआ। 8 वर्ष पूर्व उसकी पत्नी ने उससे एक लाख रुपया मांगा। अंगद पत्नी को जब एक लाख रुपया नहीं दे पाया तो वह उसको छोड़ कर मायके रहने लगी। उधर उसने पारिवारिक न्यायालय में मुकदमा भी कर दिया। पिता का कहना है कि बीते शुक्रवार को मुकदमें में तारीख थी। पत्नी मुकदमें में प्रति माह 10 हजार रुपया की मांग किया था। उसे न पिता से प्यार मिलता था न पत्नी से प्यार मिलता था। जिससे वह खूब शराब पीने लगा। कल भी शराब पिए था। पत्नी इसका जिम्मेदार पिता को मान रही है। पिता पत्नी को मान रहे हैं। अंगद अपने जीवन से पूरी तरह निराश हो गया था। गुरुवार को अंगद की बुआ अपने परिवार के साथ बेटे के विवाह की गोला के पक्के घाट पर कड़ाही चढ़ाने आई थी। वह भी वहीं पक्के घाट पर पहुंच गया। सब लोग कड़ाही चढ़ाने में व्यस्त थे। उधर अंगद बिना बताए सारा कपड़ा निकाल कर नदी में कूद गया । नदी में तैरते हुए आगे बढ़ने लगा। आगे चलकर बीच धारा में जब वह पहुंचा । कोतवाल मधुप नाथ मिश्र के अनुसार उस समय उसके बगल में एक स्टीमर लोगों को लेकर उसपार देवारा आजमगढ़ जा रही थी । स्टीमर चालक ने उससे इशारे से कहा कि इस स्टीमर को पकड़ लो बच जाओगे । लेकिन उसने इशारे में कहा कि हम नदी तैर कर उस पार जाएंगे। स्टीमर आगे बढ़ गया । बाद में वह तैरते हुए नदी में डूब गया। कोतवाल गोला का कहना है कि अंगद का शव मिल गया।पुलिस ने कार्यवाही करते हुए शव को पी एम के लिए भेज दिया।

बांसगांव लोकसभा क्षेत्र का व्यापारी सम्मेलन हुआ सम्पन्न

स्वतंत्र प्रभात

गोलाबाज़ार गोरखपुर। गोला उपनगर स्थित एक मैरेज हाल में शनिवार को ब्यापारी सम्मेलन संपन्न हुआ ।

मुख्य अतिथि पडरौना कुशीनगर के विधायक मनीष जायसवाल ने कहा कि हम व्यापारियों का हित मोदी और योगी के सरकार में सुरक्षित है इस नाते हम सभी व्यापारी बंधुओ की जिम्मेदारी है की 1 जून को होने वाले मतदान में भारतीय जनता पार्टी के चुनाव निशान कमल के फूल पर अपना मतदान करें जिससे मोदी जी के विकसित भारत संकल्प को पूरा किया जा सके विशिष्ट अतिथि के रूप में गोरखपुर की पूर्व महापौर श्रीमती अंजू चौधरी ने भी कहा की मोदी जी के नेतृत्व में नारी सशक्तिकरण को ज्यादा बढ़ावा मिला है देश विकसित राष्ट्र और की तरह बढ़ चला है हमें भी अपने कर्तव्य का निर्माण करते हुए मोदी जी के हाथों को मजबूत करना होगा कार्यक्रम का संचालन शत्रुघ्न कसौधन व अध्यक्षता वरिष्ठ व्यापारी नेता अरुण जायसवाल ने किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए लोकसभा संयोजक श्री नित्यानंद मिश्र ने अतिथियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करते हुए उनका स्वागत किया कार्यक्रम में प्रमुख रूप से स्वतंत्र सिंह भोला अग्रहरि संतलाल जायसवाल महेश उमर कौशल किशोर निगम विष्णु अग्रवाल कमलेश पटेल राजकुमार जायसवाल मनोज कुमार पूजा शंकर गुप्ता महेश वर्मा बृजेश वर्मा धीरेंद्र मोदनवाल संतोष किरण वर्मा संजय सोनी देवेश निषाद संतोष त्रिपाठीअमित पांडे अखंड शाही सुनील सिंह जितेंद्र गुप्ता राहुल आनंद मिश्रा सीताराम मद्धेशिया संदीप सोनकर बिना सैनी शुभम तिवारी संजय जयसवाल आकाश जायसवाल आदि उपस्थित रहे।

खजनी क्षेत्र सतुआभार में आधी रात में पकड़ा गया सन्दिग्ध चोर, ग्रामीणों ने किया पुलिस के हवाले

●सक्रिय चोरों के तलाश पूरी रात गस्त पर पुलिस

चौकस ग्रामीण के वजह से आधा दर्जन चोरों का प्रयास हुआ विफल

स्वतंत्र प्रभात

गोरखपुर । खजनी थानां के सतुआभार चोरों के आतंक से ग्रामीण भयभीत है ,गाँव का युवा आये दिनों पहरे पर लगा हुआ है ,गाँव के युवा सुरक्षा के मद्देनर चारो तरफ चौकस होकर लाठी डंडा लेकर भ्रमण कर रहे है । शुक्रवार की रात में एक सन्दिग्ध ब्यक्ति को ग्रामीणों दबोच लिया ,आधी रात को हरिजन बस्ती में जाकर सन्दिग्ध चोर झांक रहा था ,जिसपर पडोड की नजर पड़ी ,फोन कर सूचना दिया ,सभी लोग एकत्रित होकर चोर को पकड़ा लिया। ग्रामीण धुनाई के बाद पुलिस को सूचना देकर सुपुर्त कर दिया।

मामला खजनी थानां क्षेत्र का है जहां देर रात में एक सन्दिग्ध ब्यक्ति दिखा ,ग्रामीण घेराबन्दी करने लगे उसी दौरान सन्दिग्ध चोर गोहरा के बीच छुप गया ,चारो तरह से ग्रामीण एकत्रित होकर सन्दिग्ध को पकड़ लिया । पूछ ताछ में ब्यक्ति बसियाखोर क्षेत्र का एक भठ्ठे का लेबर होना बताया ,अपना पता बेलासपुर राज्य छत्तीसगढ़ बताया ,तभी ग्रामीण 12 बजे रात में घर में झाकने का वजह पूछा ,सन्तोष जनक उत्तर न दे पाने के वजह ग्रामीण धुनाई कर खजनी पुलिस के हवाले कर दिया ।

गाँव मे पहरा चोर का आतंक

खजनी थानां क्षेत्र सतुआभार में चोरों के गैंग सक्रिय हो गई है ,चोर कहाँ से आ रहे है कौन है संसय बना हुआ हूँ ,क्षेत्र में हो रहे चोरियो के वजह से ग्रामीण भयभीत है ,क्षेत्र के सुरक्षा के मद्दे नजर खुद गांव के युवा दर्जनों की संख्या में पहरा दे रहे है ,

पुलिस ने बढाई गस्त

खजनी क्षेत्र हल्का नम्बर दो में पुलिस भी अपना गस्त भधा दी है , रात्रि भृमण कर क्षेत्र के बारे जानकारियां हासिल कर रही है , हल्का इंचार्ज विवेक चतुर्वेदी अपनी टीम को लेकर घराबन्दी कर रहे है ,फिरहाल अभी कोई सफलता नजर नही आई है ,फिर भी पुलिस की चोरों पर पैनी नजर है ।

चौकस जनता पर विफल हो रहे चोर

खजनी क्षेत्र हल्का नम्बर दो में चोर आधा दर्जन घरों को निशाना बनाया लेकिन चौकस जनता के आगे चोर अपनी योजना से विफल हैं , बीते चार दिनों पूर्व हिन्दू नेता स्वर्गीय बिस्वजीत सिंह के घर चोर घर मे घुसने का प्रयास किया लोगो के सक्रियता के वजह से चोर छत से कूद कर फरार हो गया । उसी दौरान नैपुरा गाँव मे घर मे घुसे चोर को महिला ने मोर्चा संभाला चोर ईट चला कर भागने लगा ग्रामीण घराबन्दी किये चोर नदी कूद कर कटका की ओर भाग गए , पुलिस चारो तरफ से पीछा किया लेकर चोर भागने में सफल हुए , सतुआभार के गुड्डू दुबे के घर में घुस कर चोर सक्रियता के वजह से फरार हुए ,लेकिन एक मोबाइल व कुछ पैसे उठा ले गए , रामबचन दुबे के घर मे चोर अपना हाथ साफ कर गए , चोरों के आतंक से लोग ने गाँव का पहरा बढ़ा दिया है ,जिसके परिणाम स्वरूप बीती रात एक सन्दिग्ध गांव के हाथ लग गया । जिसकी धुनाई कर ग्रामीण पुलिस के दे दिए ।

परीक्षा देने गए बीएससी छात्र को छात्र गुट ने बेरहमी से पीटकर किया मरणासन्न

स्वतंत्र प्रभात

कुशीनगर। बीएससी की परीक्षा देने गए छात्र को एक गुट ने अकेले और निहत्था पाकर छात्र को बेरहमी से पीटे जानें का गम्भीर मामला प्रकाश में आया हैं। घायल छात्र की इलाज अस्पताल में चल रहा हैं। जैसे कि कैलाश जायसवाल पुत्र बदरीनारायण जायसवाल ग्राम बभनौली थाना रामकोला ने पडरौना कोतवाली में दिए तहरीर में बताया हैं कि प्रार्थी का लड़?का अभिषेक जायसवाल शनिवार को बीएससी फाइनल की परीक्षा देने हेतु वद्रीनारायण महाविद्यालय जंगल गायघाट थाना कोतवाली पडरौना में गया था, जैसे ही मेरा लड़?का परीक्षा देकर परीक्षा कक्ष से बाहर निकला कि कालेज कैम्पस के अन्दर ही सर्वेश दूबे, पवन जायसवाल, धवन जायसवाल, अमित जायसवाल व प्रबंधक केडी सिंह सहित पन्द्रह से बीस अज्ञात लोगों द्वारा मेरे लड़के अभिषेक को लोहे के राड, डंडा, फाइटर से मारने पीटने लगे व लहूलुहान कर दिये, जिससे मेरा लड़का मौके पर बेहोश हो गया, जब उसका दोस्त मुकुल जायसवाल बचाने आया तो उसे भी मारने पीटने लगे बाद में मेरे लड़के के दोस्त चन्दन वर्मा, अंकित मादव, अनुराग आये व बीच बचाव किये जिसके बाद मेरे लड़के को लेकर अस्पताल गये व मुझे सूचना दिये। पूरे महाविद्यालम में अफरा-तफरी का माहौल बना हुआ था। प्रार्थी ने सूचना दे कर उक्त लोगों के विरुद्ध मुकद?मा लिखकर उचित कार्यवाही करने की मांग किया हैं।

दुष्कर्म के आरोपी को सहजनवा पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान किया गिरफ्तार

● आरोपी के पैर में लगी गोली, बीआरडी मेडिकल में चल रहा इलाज

स्वतंत्र प्रभात

गोरखपुर । सहजनवा इलाके के रानूखोर गांव में आमी नदी के किनारे आजमगढ़ जिले की एक युवती के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। आरोप है कि घर से नाराज होकर निकली युवती की मदद करने के बहाने युवक ने घटना को अंजाम दिया है। शुक्रवार की सुबह चार बजे पास के गांव में जाकर युवती ने घटना की जानकारी दी। इसके बाद पुलिस और परिजनों को जानकारी दी गई। युवती के चेहरे व शरीर पर चोट लगने के कारण उपचार के लिए सीएचसी भेजा गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात पर दुष्कर्म का केस दर्ज कर ली।

आज सुबह तड़के सहजनवा पुलिस व एस ओ जी की टीम ने गीडा सेक्टर 26 में मुठभेड़ के दौरान दुष्कर्म के आरोपी के पैर में गोली लगी है आरोपी को सहजनवा सीएचसी में भर्ती कराया गया जहां से उसे बी आर डी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है जहां पर उसका इलाज चल रहा है आरोपी की पहचान ताहिर अली पुत्र मोहम्मद हुसैन निवासी मोती नगर खलीलाबाद के रूप में हुई ।

छात्र-छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक कर मतदान करने के लिए किया प्रेरित

● पडरौना में मतदाता जागरूकता रैली कार्यक्रम का हुआ आयोजन

स्वतंत्र प्रभात

कुशीनगर। लोक सभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जनपद कुशीनगर में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से मतदाता जागरूकता अभियान स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत एक वृहद जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन आज पडरौना नगर के बावली चौक से सुभाष चौक तक किया गया।

कार्यक्रम के आरंभ में जिला निर्वाचन अधिकारी उमेश मिश्रा की अध्यक्षता में एवं नोडल स्वीप अधिकारी/ मुख्य विकास अधिकारी गुंजन द्विवेदीकी उपस्थिति में संयुक्त रूप से मतदाता जागरूकता स्लोगन लिखी पंक्तियों को गुब्बारे के साथ आसमान में विमुक्त किया गया । इसके पश्चात परिवहन निगम की बसों, ई रिक्शा एवं नगर पालिका के समस्त वाहनों पर जिलाधिकारी एवं अन्य अधिकारियों द्वारा 1 जून को मतदान करने के दृष्टिगत मतदाता जागरूकता स्टीकर लगाया गया। इसके पश्चात जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी, अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा रैली को हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया गया। जिलाधिकारी सहित समस्त अधिकारी, कर्मचारी तथा कॉलेज/ स्कूल के छात्र छात्राओं द्वारा रैली के साथ पथ संचलन करते हुए पहले मतदान, फिर जलपान तथा 1 जून को करें मतदान बढ़ाएं, कुशीनगर की शान तथा अन्य स्लोगन के साथ-साथ जन जागरूकता का संदेश देते हुए सुभाष चौक तक आए। रास्ते में विभिन्न विद्यालयों के छात्र छात्राओं द्वारा भी जागरूकता संदेश लिखी तख्तियों के साथ प्रतिभाग किया गया। छात्र छात्राओं सहित अधिकारियों द्वारा रैली में मतदाता गणों को मतदान करने हेतु प्रेरित भी किया गया।

सुभाष चौक पर हनुमान इंटर कॉलेज की छात्राओ द्वारा नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के अंत में 1 जून को वोट देने के लिए हस्ताक्षर अभियान का शुभारंभ जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी, अपर पुलिस अधीक्षक के साथ साथ सभी जनपद स्तरीय अधिकारियों ने हस्ताक्षर कर किया। कार्यक्रम के सफल संचालन में हनुमान इंटर कालेज और उदित नारायण इंटर कालेज के स्काउट गाइड, एनसीसी कैडेट अपने बैंड के साथ उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में नगर के समस्त महाविद्यालय एवं विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा रैली निकाला गया। यह रैली नगर के विभिन्न मार्गो से होते हुए सुभाष चौक पर संपन्न हुई।

रैली सह कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी वैभव मिश्र, अपर पुलिस अधीक्षक रितेश सिंह, उप जिलाधिकारी सदर व्यास नारायण उमराव, तहसीलदार पडरौना सुमित सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक रविन्द्र सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राम जियावन मौर्य, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी मोहम्मद अजीम, खंड विकास अधिकारी पडरौना सुशील अग्रहरी, खंड विकास अधिकारी विशुनपुरा सुशील सिंह, जिला सचिव स्काउट गाइड एवम प्रधानाचार्य हनुमान इंटर कालेज शैलेंद्र दत्त शुक्ला, जिला व्यायाम शिक्षक अनिल मिश्र, जिला स्काउट मास्टर नीरज बंका, प्रधानाचार्य उदित नारायण इंटर कालेज अरविंद सिंह, राजीव यादव, अजय सिंह, मृगेंद्र राव, विशाल राव आदि उपस्थित रहे।

लोकसभा निर्वाचन नामांकन हेतु मजिस्ट्रेट गणों की लगाई गई ड्यूटी

स्वतंत्र प्रभात

कुशीनगर। जिला निर्वाचन अधिकारी /जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने बताया कि लोकसभा सामान निर्वाचन 2024 का नामांकन 7 मई 2024 से प्रारंभ हो रहा है, जिसमें उप जिलाधिकारी /डिप्टी कलेक्टर एवं तहसीलदार की मजिस्ट्रेट ड्यूटी लगाई गई है ।

उन्होंने विवरण के क्रम में उन्होंने बताया कि अनिल कुमार डिप्टी कलेक्टर को रविंद्र नगर चौराहे पर यातायात कार्यालय पर लगे बैरियर पर, हीरालाल डिप्टी कलेक्टर को विकास भवन के पश्चिमी गेट के पास लगे बैरियर के पास, आशुतोष डिप्टी कलेक्टर को कलेक्ट्रेट गेट पर, योगेश्वर सिंह उप जिलाधिकारी कप्तानगंज को सर्किट हाउस के पास लगे बैरियर पर, मोहम्मद जफर उप जिलाधिकारी को ए आरटीओ ऑफिस के पास लगे बैरियर पर, धर्मवीर सिंह तहसीलदार कसया को पुलिस अधीक्षक कुशीनगर के आवास के सामने बैरियर पर, सुमित कुमार सिंह तहसीलदार पडरौना को जिला न्यायालय गेट के सामने लगे बैरियर पर ड्यूटी लगाई गई है । जिला निर्वाचन अधिकारी ने उक्त समस्त मजिस्ट्रेट गण को निर्देशित किया है कि अपने कार्य क्षेत्र में शांति व्यवस्था एवं अन्य



आवश्यक व्यवस्था बनाए रखना सुनिश्चित करेंगे।

नेपाल में नोट पर छपे मैप में 3 भारतीय इलाके

● इन पर दोनों देशों में 34 साल से विवाद; चीन समर्थक सरकार का फैसला

स्वतंत्र प्रभात

नेपाल में 100 रुपए के नए नोट छपने वाले हैं। इस पर देश का एक नक्शा भी होगा। न्यूज एजेंसी PTI के मुताबिक, इस मैप में वो इलाके भी दिखाए जाएंगे, जिन्हें भारत अपना बताता है। इनमें लिपुलेख, लिंपियाधुरा और कालापानी शामिल हैं। इन इलाकों को लेकर भारत-नेपाल के बीच करीब 34 साल से विवाद है। नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड की अगुआई में हुई एक बैठक के दौरान शुक्रवार को यह फैसला लिया गया। सरकार की प्रवक्ता रेखा शर्मा ने कैबिनेट मीटिंग के बाद बताया कि 25 अप्रैल और 2 मई की बैठक में 100 रुपए के नोट को री-डिजाइन करने पर सहमति बनी है। खास बात यह है कि प्रधानमंत्री प्रचंड ने मार्च में ही नेपाली कांग्रेस पार्टी के साथ गठबंधन तोड़कर CPN-UML पार्टी के साथ सरकार बनाई। इस पार्टी के लीडर केपी शर्मा ओली हैं, जिन्हें चीन का समर्थक कहा जाता है।

नेपाल ने 4 साल पहले नए मैप में तीनों इलाकों को अपना बताया

नेपाल ने 18 जून 2020 को देश का नया पॉलिटिकल मैप जारी किया था। इसमें लिपुलेख, लिंपियाधुरा और कालापानी को नेपाल का हिस्सा दिखाया गया था। इसके लिए नेपाल के संविधान में भी बदलाव किया गया था। भारत सरकार ने नेपाल के इस कदम को एकतरफा बताते हुए इसका विरोध किया था। भारत अब भी इन तीनों इलाकों को अपना क्षेत्र कहता है। दोनों देश, करीब 1850 किमी की सीमा साझा करते हैं। यह भारत के 5 राज्यों- सिक्किम, पश्चिम बंगाल, बिहार, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड से गुजरती है।

दो नदियों से तय हुई भारत-नेपाल की सीमा

भारत, नेपाल और चीन सीमा से लगे इस इलाके में हिमालय की नदियों से मिलकर बनी एक घाटी है, जो नेपाल और भारत में बहने वाली काली या महाकाली नदी का उद्गम स्थल है। इस इलाके को कालापानी भी कहते हैं। यहीं पर लिपुलेख दर्रा भी है। यहां से उत्तर-पश्चिम की तरफ कुछ दूरी पर एक और दर्रा है, जिसे लिंपियाधुरा कहते हैं।

अंग्रेजों और नेपाल के गोरखा राजा के बीच 1816 में हुए सुगौली समझौते में काली नदी के जरिए भारत और नेपाल के बीच सीमा तय की थी। समझौते के तहत काली नदी के पश्चिमी क्षेत्र को भारत का इलाका माना गया, जबकि नदी के पूर्व में पड़ने वाला इलाका नेपाल का हो गया। काली नदी के उद्गम स्थल, यानी ये सबसे पहले कहां से निकलती है, इसे लेकर दोनों देशों के बीच विवाद रहा है। भारत पूर्वी धारा को काली नदी का उद्गम मानता है। वहीं नेपाल पश्चिमी धारा को उद्गम धारा मानता है और इसी आधार पर दोनों देश कालापानी के इलाके पर अपना-अपना दावा करते हैं।

लिपुलेख दर्रे से गुजरती है मानसरोवर यात्रा, चीनी सेना पर निगरानी भी आसान

» उत्तराखंड के पिथौराढ़ जिले में स्थित कालापानी भारत-नेपाल-चीन के बीच

रणनीतिक तौर पर बेहद महत्वपूर्ण ट्राई-जंक्शन है।

» कालापानी से भारत बहुत आसानी से चीनी सेना पर नजर रख सकता है।

» भारत ने पहली बार 1962 के युद्ध में यहां सेना तैनात की थी। इलाके के महत्व को देखते हुए इन दिनों यहां भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (ITBP) तैनात है।

» भारत से मानसरोवर जाने वाले तीर्थयात्री इसी इलाके के लिपुलेख दर्रे से होकर गुजरते हैं। 1962 में चीन के हमले के बाद भारत ने लिपुलेख दर्रे को बंद कर दिया था।

» 2015 में चीन के साथ व्यापार और मानसरोवर यात्रा को सुगम बनाने के लिए इसे दोबारा खोला गया।

» मई 2020 में भारत ने कैलाश मानसरोवर यात्रा को सुगम बनाने के लिए पिथौरागढ़ से लिपुलेख दर्रे तक 80 किमी लंबी नई सड़क का उद्घाटन किया था, जिसे लेकर नेपाल ने नाराजगी जताई थी।

नेपाल को उकसाने के पीछे चीन का हाथ

अंग्रेजों के साथ संधि के करीब 100 साल बाद तक इस इलाके को लेकर कोई विवाद नहीं हुआ। यहां तक कि भारत ने 1962 में चीनी आक्रमण को रोकने के लिए इस इलाके में अपनी सेना तक तैनात कर दी थी। अभी भी इस इलाके के कई हिस्सों में भारतीय सेना तैनात है।

» 1990 में नेपाल के राजशाही से लोकतंत्र की ओर बढ़ते ही इस इलाके को लेकर विरोध के सुर उठने लगे।

» ये विवाद 2015 में तब गहराया जब कम्युनिस्ट नेता केपी ओली नेपाल के प्रधानमंत्री बने। ओली ने नेपाल के परंपरागत दोस्त भारत के बजाय चीन से नजदीकियां बढ़ाई।

» बदले में चीन ने नेपाल में विभिन्न परियोजनाओं में अरबों डॉलर झोंक दिए, लेकिन चीन के ऐसा करने के पीछे असली मंशा सदियों से भारत के करीबी रहे नेपाल को भारत के खिलाफ उकसाने की थी।

» पिछले साल देश के थल सेनाध्यक्ष एम.एम नरवणे ने कहा था कि नेपाल ऐसा किसी और के बहकावे में कर रहा है। नरवणे का इशारा चीन की ओर था।

» रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी लिपुलेख में भारत द्वारा सड़क निर्माण पर नेपाल की आपत्ति के बाद कहा था कि नेपाल को इस मुद्दे पर गुमराह किया गया है।

संक्षिप्त ख़बरें

गैर पारम्परिक उर्जा के स्त्रोत एवं जल संरक्षण पर प्रकाश डाला

सहारनपुर। 26 उ0 प्र0 बालिका वाहिनी एनसीसी, सहारनपुर के वार्षिक प्रशिक्षण शिविर जो कि विधा देवी कन्या महाविधालय, जन्धेड़ा समसपुर जिला सहारनपुर में लगाया जा रहा है । प्रशिक्षण शिविर में आज चौथे दिन के किया कलापों को पूर्ण किया गया । इस वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में कैम्प कमांन्डेन्ट कर्नल अमित बिष्ट के नेतृत्व में 424 एनसीसी कैडेटों ने आज सभी प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भाग लिया। इसके अतिरिक्त शिविर में मेजर शशि सिंह, डिप्टी कैम्प कमान्डेट, 4 जेसीओ 9 एन0 सी0 ओ0, 2 जीसीआई, 4 ए0एन0ओ0, 2 सीटीओ का भी योगदान रहा। चतुर्थ दिवस की कार्यवाही अभ्यास एवं डिल के साथ शुरू की गयी, जिससे सभी कैडेटों में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता एवं सामूहिक कौशल का विकास किया जा सके। इसके साथ ही मानचित्र अध्ययन की कक्षा में कैडेटों को अपनी स्थिति प्राप्त करना तथा उत्तर दिशा को ज्ञात करना सिखाया गया। इसके उपरान्त पारम्परिक व गैर पारम्परिक उर्जा के स्त्रोत तथा जल संरक्षण पर एएनओ के द्वारा व्याख्यान दिया गया। मध्यान्ह उपरान्त मैप रीडिंग और हैल्थ हाईजिन के कैडेटों का चयन टीएससी के लिये किया गया। कैडेटों को एनसीसी गीत का अभ्यास कराया गया साथ ही साथ वाद-विवाद प्रतियोगिता पोस्टर मेंकिग प्रतियोगिता, रचनात्मकता को बढ़ावा देने के लिये आयोजित किया गया। राष्ट्रीय एकता का व्याख्यान शाम के समय ए0एन0ओ0 द्वारा लिया गया। दिन का अन्त कैडेटों के द्वारा बास्केट बाल, खो-खो तथा अन्य खेलों के साथ हुआ।

चार लोगों के विरुद्ध पुलिस ने किया गैंगस्टर की कार्यवाही

महराजगंज। सोनौली कोतवाली पुलिस ने थाना क्षेत्र के चार अभियुक्तों के विरुद्ध यूपी गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्यवाही की है। चारो अभियुक्तों के विरुद्ध थाना स्थानीय पर एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमे दर्ज हैं तथा चारो अभियुक्त एनडीपीएस के मामले में जेल जा चुके हैं। गैंगस्टर एक्ट की कार्यवाही के जद में आए चारो अपराधी सोनौली कोतवाली क्षेत्र के मूल निवासी हैं। मौजूदा समय में चारो आरोपी एनडीपीएस एक्ट के मामले में सलाखों के पीछे हैं। ऐसे में सोनौली कोतवाली पुलिस ने चारो अभियुक्त संजय यादव पुत्र राजेन्द्र (30) निवासी श्यामकाट टोला जसवल, संतोष पासवान पुत्र दयानंद पासवान (25) निवासी ग्राम बड़हरा टोला धुनका, दीपक मिश्रा पुत्र फूलचंद्र मिश्रा (25) निवासी ग्राम बड़हरा टोला धुनका, रामावतार यादव पुत्र विनोद यादव (26) निवासी ग्राम बड़हरा थाना स्थानीय के विरुद्ध धारा 3(1) यूपी गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कार्यवाही की जा रही है। सोनौली थानाध्यक्ष अभिषेक सिंह ने बताया कि चार लोगों के विरुद्ध थाना स्थानीय पर यूपी गैंगस्टर एक्ट की कार्यवाही की गई है।

कांग्रेस को झटका, लवली, नसीब सिंह, नीरज बसाया, राजकुमार चौहान, अमित मलिक बीजेपी में

स्वतंत्र प्रभात

दिल्ली। लोकसभा चुनावों के बीच राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में कांग्रेस को बडा झटका लगा है। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पद से इस्तीफा देने वाले अरविंद सिंह लवली के साथ कांग्रेस के कई कदावर नेताओ ने कांग्रेस का हाथ झटक के भाजपा का दामन थाम लिया है। इनमें राजकुमार चौहान, नसीब सिह,नीरज बसाय,और अमित मलिक शामिल है। अरविंद सिंह लवली शीला दीक्षित की सरकार में मंत्री रह चुके है।उनको पिछले साल अगस्त में दिल्ली कांग्रेस के पद पर नियुक्त किया गया था। केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी ,भाजपा महासचिव विनोद तावडे और दिल्ली भाजपा प्रमुख वीरेन्द्र सचदेवा की मौजूदगी में अरविंद सिंह लवली अपनी टीम के साथ भाजपा में शामिल हो गए। सभी कांग्रेस नेता पार्टी के द्वारा

आम आदमी पार्टी से गठबंधन से खासे खफा थे। इसके अलावा पूर्वी दिल्ली से कन्हैया कुमार को टिकट दिए जाने से भी खफा थे। भाजपा में शामिल होने वाले नेताओ ने कहा कि कांग्रेस में अभी ऐसा वक्त है कि वे किसी की सुनते नही है। बल्कि पार्टी से नाराज नेताओं की बे अदबी पर राहुल का दो टूक जवाब देते है जो जा रहा है उसे जाने दो,उसे रोको मत। वे नई पीढी तैयार कर रहे है ,पता नहीं वे कौन से ख्यालों में है? लवली ने प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि हमें भाजपा के बैनर तले और प्रधानमंत्री के नेतृत्व में दिल्ली की जनता के लिए लडने का मौका दिया गया है। इसके लिए मैं शीर्ष नेतृत्व का धन्यवाद करता हूं।मुझे पूरी उम्मीद है कि देश में बहुमत से भाजपा की सरकार बनेगी।आने वाले दिनो में दिल्ली में भी भाजपा परचम लहराएगा।

तीन मवेशियों के साथ एक गिरफ्तार, पशु क्रूरता का मुकदमा दर्ज

महराजगंज। बरगदवा पुलिस ने तीन मवेशियों के साथ एक नेपाली व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना स्थानीय पर पशु क्रूरता अधिनियम के तहत कार्यवाही करते हुए न्यायालय भेज दिया। जानकारी के मुताबिक बरगदवा पुलिस ने शुक्रवार की देर शाम चेकिंग के दौरान अर्जुन यादव पुत्र तिलकराम (58) निवासी पड़री थाना नवलपरासी राष्ट्र नेपाल के कब्जे से तीन मवेशियों को बरामद किया है। पुलिस ने मवेशी के साथ आरोपी को अपने कब्जे में लेकर थाने आई तत्पश्चात धारा 11(1) पशु क्रूरता अधिनियम के तहत कार्यवाही करते हुए न्यायालय भेज दिया। थानाध्यक्ष स्वतंत्र कुमार सिंह ने बताया कि तीन मवेशियों के साथ एक नेपाली अभियुक्त को गिरफ्तार कर पशु क्रूरता अधिनियम के तहत कार्यवाही करते हुए न्यायालय भेजा गया।

विश्वव्यापी ब्राह्मण एकता महासंघ मुरादाबाद द्वारा 10 मई को मनाया जाएगा भगवान परशुराम का जन्मोत्सव- पंडित सुभाष चंद्र दीक्षित

स्वतंत्र प्रभात

विश्व व्यापी ब्राह्मण एकता महासंघ रजिस्टर्ड भारत के मुख्य संस्थापक पंडित सुभाष चंद्र दीक्षित बताते हैं अक्षय तृतीया का महत्व क्या है क्यों इसे इतना पूजनीय और शुभ माना जाता है सिर्फ एक परशुराम जन्म महोत्सव की वजह से इसको सिर्फ और सिर्फ ब्राह्मणों का ही मानते हैं लेकिन हम आपको बताते हैं कि इसका महत्व क्या है अक्षय तृतीया के दिन त्रेता युग की शुरुआत हुई और अक्षय तृतीया के दिन ही मां गंगा धरती पर आई और अक्षय तृतीया के दिन ही गणेश जी ने महाभारत महापुराण लिखनी आरंभ की और अक्षय तृतीया के दिन ही सूर्य देव ने पांडवों को अक्षय पत्र का दान दिया और अक्षय तृतीया के दिन ही भगवान कुबेर को तीनों लोगों का खजाना सोपा गया और अक्षय तृतीया के दिन ही भगवान जगन्नाथ जी की रथ यात्रा प्रारंभ हुई और अक्षय तृतीया के दिन ही हमारे आराध्य ए विष्णु भगवान के छठे अवतार प्रथम राम और जगत के परशुराम जी का जन्म हुआ

आपको बता दें

विश्वव्यापी ब्राह्मण एकता महासंघ द्वारा हर वर्ष की भाँति इस वर्ष भी भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम जी की 10 मई

को जन्म महोत्सव बड़ी धूम धाम से मनाई जाएगी भगवान परशुराम जी की जन्म महोत्सव मनाने के लिए विश्वव्यापी ब्राह्मण एकता महासंघ के संस्थापक पंडित सुभाष चंद्र दीक्षित ने पूरे भारतवर्ष के ब्राह्मण परिवार को आह्वान करते हुए निवेदन भी किया है

एक बातचीत में संघ के संस्थापक पंडित सुभाष चंद्र दीक्षित ने बताया कि भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम की जन्म महोत्सव कार्यक्रम की रूप रेखा इस प्रकार से निर्धारित की गयी हैं उन्होंने बताया 9 मई को कलश यात्रा निकाली जाएगी जो द्वारिकाधीश मंदिर काशीराम से प्रारंभ होकर शिव शक्ति मंदिर पीपल वाले पर संपन्न कराई जाएगी तत्पश्चात अखंड रामायण पाठ का आरंभ किया जाएगा 10 मई को रामायण पाठ संपन्न कराई जाएगी भगवान श्री परशुराम जी की जन्म उत्सव मनाई जाएगी तथा 11 मई को भव्य शोभा यात्रा परशुराम चौक बुद्धि विहार सेक्टर 2 से प्रारंभ होकर बुद्धा पार्क काशीराम नगर ए ब्लॉक सिंगल स्टोरी श्री शिव शक्ति पीपल वाले मंदिर पर संपन्न कराई जाएगी 11 मई को हवन एवं भंडारे का आयोजन किया जाएगा तथा आगंतुकों का सम्मान किया जाएगा उन्होंने कहा इस कार्यक्रम में सभी ब्राह्मण परिवार के लोगों को ज्यादा से ज्यादा बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेना चाहिए उन्होंने बताया भगवान परशुराम की जन्मोत्सव कार्यक्रम मुरादाबाद के साथ साथ फर्रुखाबाद तथा कई शहरों में बड़ी धूम धाम से मनाई जा रही है।

भारत में मुसलमानों को कैसे मिलता है आरक्षण, बीजेपी को किस बात पर है ऐतराज

भारत में कई मुस्लिम समुदायों को केंद्र के ओबीसी (OBC) और कुछ राज्यों की ओबीसी लिस्ट में आरक्षण मिलता है. एक सर्वे के मुताबिक मुसलमानों में लगभग 41त्न ओबीसी वर्ग में आते हैं.

स्वतंत्र प्रभात

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बार-बार कांग्रेस पार्टी पर एससी/एसटी और अन्य पिछड़ा वर्ग के लोगों को मिलने वाला आरक्षण कम करने का आरोप लगा रहे हैं. पीएम मोदी का दावा है कि कांग्रेस का मकसद इन लोगों के हिस्से का आरक्षण कम करके धर्म के आधार पर सभी मुस्लिमों को देना है, जो कि ये संविधान के खिलाफ है. ऐसे में सवाल उठता है कि क्या भारतीय संविधान के तहत मुसलमानों को आरक्षण मिल सकता है या नहीं, अगर हां तो कैसे मिलता है और अगर मुस्लिम को आरक्षण दिया जा सकता है तो बीजेपी को किस बात पर ऐतराज है.

पहले समझिए क्या मुसलमानों को मिल सकता है आरक्षण?

भारत में कई मुस्लिम समुदायों को केंद्र और राज्य स्तर पर ओबीसी (अन्य पिछड़ा वर्ग) आरक्षण का फायदा मिलता है. ये सीधे तौर पर संविधान के अनुच्छेद 16(4) से जुड़ा है. ये अनुच्छेद कहता है कि राज्य की सेवाओं में पर्याप्त प्रतिनिधित्व न रखने वाले पिछड़े वर्गों को आरक्षण दिया जा सकता है.

जस्टिस ओ चिन्नप रेड्डी की अध्यक्षता वाले तीसरे पिछड़ा वर्ग आयोग (Backward Class Commission) ने अपनी रिपोर्ट में ये बताया है कि शिक्षा और सामाजिक रूप से कई मुस्लिम समुदाय पिछड़े हुए हैं. शिक्षा के मामले में कुछ मुसलमानों की आर्थिक स्थिति अनुसूचित जातियों (SC) जैसी है. इसी आधार पर आयोग ने संविधान के अनुच्छेद 15(4) के तहत मुसलमानों को सिर्फ शिक्षा में आरक्षण देने की सिफारिश की. 2006 में जस्टिस सच्चर कमेटी की रिपोर्ट भी इसी नतीजे पर पहुंची. तो कुल मिलाकरसंविधान के प्रावधानों और पिछड़े वर्ग आयोगों की रिपोर्टों के आधार पर कुछ मुस्लिम समुदायों को ओबीसी आरक्षण दिया जाता है.

हालांकि, ओबीसी आरक्षण में भी एक पेच है जिसे हम 'क्रीमी लेयर' कहते हैं. यानी सालाना 8 लाख रुपये या इससे ज्यादा कमाने वालों को आरक्षण का फायदा नहीं मिलता है. चाहे वो किसी भी पिछड़े वर्ग के हों, उन अमीर लोगों को ओबीसी आरक्षण नहीं मिलेगा. इसका मतलब ये हुआ कि जो मुस्लिम सामाजिक और आर्थिक रूप से आगे बढ़ गए हैं, उन्हें भी ये आरक्षण नहीं मिल सकता.

देश में अभी मुस्लिम आरक्षण की क्या है स्थिति?

केंद्र की पिछड़ा वर्ग सूची में कुछ मुस्लिम जातियों को उन राज्यों में आरक्षण दिए जाने का प्रावधान है जहां मंडल आयोग लागू है. पीआईबी की रिपोर्ट के अनुसार, महाराष्ट्र, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, गुजरात, राजस्थान, तमिलनाडु में मुस्लिम समुदाय की कुछ जातियों, तेली मुसलमानों और उत्तर प्रदेश, बिहार, केरल असम के मुस्लिम कायस्थों को ओबीसी आरक्षण दिया जा रहा है. हालांकि हर राज्य में मुस्लिम आरक्षण का कोटा अलग-अलग है.

» केरल में 30% ओबीसी कोटे में से मुस्लिमों को शिक्षा में 8% और सरकारी नौकरियों में 10% आरक्षण मिलता है

» तमिलनाडु में लगभग 95% मुस्लिम समुदाय को आरक्षण का फायदा होता है

» बिहार में ओबीसी दो वर्गों में बंटे हैं- पिछड़ा और अति पिछड़ा वर्ग. ज्यादातर मुस्लिम वहां 'अति पिछड़ा वर्ग' में आते हैं.

» आंध्र प्रदेश में मुस्लिम समुदाय को 5% आरक्षण दिया गया. हालांकि, बाद में रद्द कर दिया गया क्योंकि ये आरक्षण पिछड़ा वर्ग आयोग से परामर्श किए बिना दिया गया था.

आरक्षण देने की क्या कोई शर्त भी है?

सुप्रीम कोर्ट के एडवोकेट और संविधान विशेषज्ञ जी मोहन गोपाल ने मीडिया से एक बयान में कहा, सबसे अहम बात ये है कि हर वो वर्ग जो आरक्षण लेना चाहता है, उसे कुछ खास शर्तें पूरी करनी होती है. पिछड़े वर्गों की पहचान करने के लिए 'नेशनल कमीशन फॉर बैकवर्ड क्लासेज' (राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग) कुछ बातों को ध्यान में रखता है. जैसे क्या समाज में उन्हें नीची निगाह से देखा जाता है? उनके कितने बच्चे स्कूल नहीं जा पाते? या उनके परिवार की संपत्ति कितनी है? अगर ये सब डेटा मौजूद है और साबित होता है कि मुसलमान समाज इन शर्तों पर खरा उतरता है तो संविधान के मुताबिक उन्हें आरक्षण मिल सकता है.

कुछ रिपोर्ट्स बताती हैं कि मुसलमान समाज सामाजिक, शैक्षणिक और आर्थिक रूप से पिछड़ा हुआ है. मिसाल के तौर पर साल 2006 की सच्चर कमेटी की एक रिपोर्ट में कहा गया था कि मुसलमान समुदाय कुल मिलाकर हिंदू-ओबीसी से भी ज्यादा पिछड़ा हुआ है. इस रिपोर्ट में मुसलमानों के लिए अलग-अलग सहायता कार्यक्रमों की सलाह दी गई थी.

इसी रिपोर्ट के आधार पर केरल सरकार ने 2008 में एक कमेटी बनाई जिसने ये पाया कि केरल में मुसलमान दूसरे समुदायों से काफी पीछे हैं. खासकर सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक क्षेत्रों में पिछड़े हैं. कमेटी ने मुसलमानों के लिए सरकारी नौकरियों और शैक्षणिक संस्थानों में आरक्षण की सिफारिश की थी.

कर्नाटक में कैसे रद्द हो गया मुस्लिम कोटा

कर्नाटक में पहले ओबीसी के लिए 32 फीसदी आरक्षण में से 4त्न वाली एक उप-श्रेणी मुसलमानों के लिए आरक्षित थी. मई 2023 में कर्नाटक विधानसभा चुनाव से पहले मार्च में भाजपा के नेतृत्व वाली बसवराज बोम्मई सरकार ने ये कोटा रद्द कर दिया था. तत्कालीन बीजेपी सरकार ने उस 4% को वोक्कालिगा और लिंगायत जैसी प्रभावशाली हिंदू जातियों में बांट दिया था. बीजेपी का कहना था कि धर्म के आधार पर पूरे समुदाय को आरक्षण देना संवैधानिक रूप से अस्वीकार्य है. आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) के मुसलमानों को कोटा से लाभ मिलता रहेगा. मतलब तब की राज्य बीजेपी सरकार ने ये फैसला लिया कि मुसलमान अब पिछड़े नहीं हैं, इसलिए उन्हें आरक्षण का फायदा नहीं मिलना चाहिए. लेकिन जानकारों का कहना है कि ये फैसला गलत है क्योंकि मुसलमानों को उनकी पिछड़ी सामाजिक और आर्थिक स्थिति के आधार पर आरक्षण दिया गया था, न कि सिर्फ उनके धर्म के कारण.

अप्रैल 2023 में कुछ लोगों ने कर्नाटक सरकार के इस फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी. सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि सरकार का ये फैसला पहली नजर में ही गलत और कमजोर आधार पर लिया गया लगता है. तब बोम्मई सरकार ने कोर्ट को भरोसा दिया कि जब तक केस चल रहा है तब तक इस फैसले को लागू नहीं किया जाएगा. इसके बाद, विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में मुस्लिम समुदाय के लिए 4त्न आरक्षण को दोबारा बहाल करने का वादा किया. कर्नाटक विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को बड़ी जीत मिली.

अब अप्रैल 2024 में लोकसभा चुनाव के पहले चरण से कुछ दिन पहले राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग (एनसीबीसी) के अध्यक्ष हंसराज गंगाराम अहीर ने दावा किया कि कांग्रेस सरकार सभी मुसलमानों को धर्म के आधार पर ओबीसी वर्ग में से आरक्षण दे रही है. एनसीबीसी ने राज्य सरकार से इसपर जवाब मांगा. मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने जवाब दिया कि सरकार ने ओबीसी आरक्षण व्यवस्था में कोई नया बदलाव नहीं किया है.

NCBC पर राजनीति करने का आरोप

मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग के बयान पर पलटवार किया. उन्होंने कहा कि NCBC ऐसा करके राजनीति कर रही है. उन्होंने कहा, "ऐसा लगता है जैसे कर्नाटक की कांग्रेस सरकार ने मुसलमानों के लिए कोई नया आरक्षण दे दिया है. यह पूरी तरह झूठ है. असल में, मुसलमानों के लिए सरकारी नौकरियों और शिक्षा में आरक्षण काफी समय से चला आ रहा है. 3 मार्च 1977 से ही यह व्यवस्था है और यह कानूनी चुनौतियों से भी बचकर सही साबित हुआ है."

आम तौर पर लोग मानते हैं कि मुसलमानों के लिए ये आरक्षण एचडी देवगौड़ा ने अपनी सरकार के समय में 1995 में शुरू किया था. उस वक्त OBC कोटे के तहत ही मुसलमानों के लिए "2बी" नाम का एक अलग वर्ग बना दिया गया था. दिलचस्प बात ये है कि आज देवगौड़ा की पार्टी जेडी(एस) कर्नाटक में बीजेपी के नेतृत्व वाले एनडीए गठबंधन में शामिल है.

बीजेपी को किस बात पर है ऐतराज

बीजेपी लगातार कांग्रेस पार्टी पर मुसलमानों को धर्म के आधार पर आरक्षण देने के मुद्दे पर हमलावर है. चुनावी रैलियों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कह रहे हैं कि कर्नाटक में कांग्रेस ने सभी मुसलमानों को ओबीसी कोटा से आरक्षण देकर ओबीसी घोषित कर दिया. कांग्रेस कर्नाटक की तरह ऐसे ही पूरे देश में आरक्षण व्यवस्था लागू करना चाहती है. कांग्रेस और उसके सहयोगी दल ओबीसी और एससी समुदाय के आरक्षण के अधिकार छीनकर एक विशेष समुदाय को देना चाहते हैं. असल में बीजेपी को आपत्ति इस बात से है कि किसी भी धार्मिक समुदाय को सिर्फ धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं दिया जा सकता है. बीजेपी का कहना है कि वो सिर्फ पूरे समुदाय को एक साथ आरक्षण देने से इनकार कर रहे हैं, न कि मुसलमानों को आरक्षण देने से. क्योंकि संविधान में धर्म के आधार पर आरक्षण का प्रावधान ही नहीं है.

मुस्लिम आरक्षण पर अदालत का फैसला

कर्नाटक और आंध्र प्रदेश में मुसलमानों को मिलने वाले आरक्षण को लेकर सुप्रीम कोर्ट का फैसला आना अभी बाकी है. 2005 में आंध्र प्रदेश के हाईकोर्ट ने राज्य सरकार के उस फैसले को खैरिज कर दिया था जिसमें उन्होंने मुसलमानों को 5त्न आरक्षण देने की बात कही थी. हाईकोर्ट ने कहा था कि सरकार ने मुसलमानों के पिछड़ेपन का सही से आंकलन नहीं किया है, उनके तरीके में कई कमियां हैं. कुछ समय बाद साल 2010 में राज्य सरकार ने कुछ खास मुस्लिम वर्गों के लिए 4त्न आरक्षण लागू किया. लेकिन, अदालत ने इसे भी ये कहते हुए रद्द कर दिया कि आरक्षण देने से पहले सही से सर्वे नहीं किया गया.

वहीं दूसरी तरफ, आंध्र प्रदेश हाई कोर्ट ने 2004 के एक मामले में ये फैसला सुनाया था कि मुस्लिम एक समूह के तौर पर सामाजिक तौर पर दिए जाने वाले विशेषाधिकार के हकदार हैं. हां, ये तभी हो सकता है जब वो सामाजिक और शैक्षिक रूप से पिछड़े वर्ग में आते हों. कोर्ट ने ये भी कहा था कि मुस्लिम समुदाय या उनके किसी खास तबके को सामाजिक आरक्षण देना धर्मनिरपेक्षता के खिलाफ नहीं है.

क्या धर्म के आधार पर दिया जा सकता है आरक्षण?

संविधान में धर्म के आधार पर आरक्षण दिए जाने का कोई प्रावधान नहीं है. संविधान के अनुच्छेद 15 और 16 के तहत धर्म, जाति, रंग, लिंग या जन्मस्थान के आधार पर किसी के साथ भेदभाव नहीं होगा और सरकारी नौकरियों में सभी लोगों को बराबर मौके मिलेंगे. मतलब कि धर्म के आधार पर किसी भी समुदाय को आरक्षण नहीं दिया जा सकता है. संविधान में अल्पसंख्यकों और पिछड़े समुदायों के लिए अलग-अलग अधिकार हैं. अगर किसी भी धर्म का कोई भी व्यक्ति इन अधिकारों के तहत आता है तो उसे अल्पसंख्यक या पिछड़ेपन के आधार पर आरक्षण मिल सकता है. लेकिन केवल धर्म के आधार पर पूरे समुदाय को आरक्षण देने का अधिकार संविधान में नहीं है.